# आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2025

# सामान्य अध्ययन

## प्रथम प्रश्न-पत्र का हल

## (विश्लेषण सहित व्याख्या)

(परीक्षा तिथि : 25 मई, 2025)

**1. Consider the following types of vehicles :**
**निम्नलिखित प्रकार के वाहनों पर विचार कीजिएः**

**(I) Full battery electric vehicles**
**पूर्ण बैटरी विद्युत् वाहन**

**(II) Hydrogen fuel cell vehicles**
**हाइड्रोजन ईंधन सेल वाहन**

**(III) Fuel cell-electric hybrid vehicles**
**ईंधन सेल-विद्युत् हाईब्रिड वाहन**

**How many of the above are considered as alternative powertrain vehicles ?**
**उपर्युक्त में से कितने वैकल्पिक पॉवरट्रेन वाहन माने जाते है?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three/सभी तीन
(d) None/कोई नहीं

**Ans. (c) :** यदि हम वैकल्पिक पावरट्रेन वाहनों की बात करें, तो इनमें ऐसे प्रणोदन प्रणालियाँ शामिल होती हैं जो केवल आंतरिक दहन इंजनों पर आधारित नहीं होतीं। ये वाहन पारंपरिक आंतरिक दहन तकनीक की तुलना में अलग तकनीकों का उपयोग करते हैं और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता को कम करते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के प्रकारः-

**1. बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (BEV) : -**
ये वाहन पूरी तरह से बैटरी पर चलते हैं, और अधिक कुशल होते हैं, केवल बिजली पर चलते हैं और शून्य उत्सर्जन करते हैं।
अतः कथन I सही है।

**2. हाइड्रोजन फ्यूल सेल वाहनः-**
ये वाहन बिजली उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन का उपयोग करते हैं। पानी और गर्म हवा का उत्सर्जन करते हैं।
अतः कथन II सही है।

**3. फ्यूल सेल इलेक्ट्रॉनिक हाइब्रिड वाहनः-(FCEHV$_S$):-**
इनमें डुअल मोड प्रणोदन होता है (बैटरी + फ्यूल सेल) हाइड्रोजन फ्यूल सेल प्रणाली और बैटरी का सम्मिलन होता है।
अतः कथन III सही हैं।
इसलिए तीनों कथन सही है।

**2. With reference to Unmanned Aerial Vehicles (UAVs), consider the following statements :**
**मानव-रहित वायव वाहनों (UAV) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

**(I) All types of UAVs can do vertical landing.**
**सभी प्रकार के UAV ऊर्ध्वाधर अवतरण (लैंडिंग) कर सकते है।**

**(II) All types of UAVs can do automated hovering.**
**सभी प्रकार के U AV स्वतः मंडरा सकते हैं।**

**(III) All types of UAVs can use battery only as a source of power supply.**
**सभी प्रकार के UAV शक्ति पूर्ति के स्रोत के रूप में केवल बैटरी का प्रयोग कर सकते है।**

**How many of the statements given above are correct ?**
**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /कोई नहीं

**Ans. (d) :**

- मानवरहित हवाई जहाज वाहन (UAVs) जिन्हें सामान्य रूप से ड्रोन के रूप में जाना जाता है, वे ऐसे विमान होते हैं, जिनमें कोई मानव पायलट नहीं होता।
- UAVs का वर्गीकरण सामान्यत : उनके विन्यास पर आधारित होता है, जैसे -
- (स्थिर - पंख, घूर्णन - पंख, हाइब्रिड) , उड़ान/अवतरण प्रकार (VTOL, HTOL), रेंज, ऊँचाई और ऊर्जा स्रोत।

**विभिन्न प्रकार के UAVs की क्षमताएँ :-**

**कथन–I :-** सभी प्रकार के UAV उर्ध्वाधर (वर्टिकल) लैंडिग कर सकते हैं - गलत है।

- केवल VTOL (Vertical Take off and Landing) वाले UAV ही ऐसा कर सकते हैं, जैसे क्वाडकॉप्टर या कुछ विशेष डिजाइन के फिक्स्ड विंग हाइब्रिड ड्रोन।

**कथन–II :-** सभी प्रकार के UAV स्वचालित रूप से हवा में स्थिर रह सकते हैं - गलत है।

- फिक्स्ड-विंग UAV हवा में स्थिर नहीं रह सकते क्योंकि इसके लिए मल्टी रोटर या रोटरी विंग कॉन्फिगरेशन आवश्यक होता है।

**कथन–III :-** सभी प्रकार के UAV केवल बैटरी से चलते हैं- गलत है।


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

UAV बैटरी का ही उपयोग नहीं करते, कुछ पेट्रोल, हाइब्रिड सिस्टम या सौर ऊर्जा का भी उपयोग करते हैं।
उपरोक्त तीनों कथन गलत हैं।
इसलिए सही उत्तर है: (d) कोई नहीं।

**3. In the context of electric vehicle batteries, consider the following elements :**
**विद्युत् वाहन बैटरियों के संदर्भ में, निम्नलिखित तत्वों पर विचार कीजिए:**

**(I) Cobalt / कोबाल्ट**
**(II) Graphite / ग्रेफाइट**
**(III) Lithium / लिथियम**
**(IV) Nickel / निकेल**

**How many of the above usually make up battery cathodes ?**
**उपर्युक्त में से कितने सामान्यतया बैटरी के कैथोड बनाने के लिए उपयुक्त होते है?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) Only three /केवल तीन
(d) All the four /सभी चार

**Ans. (c) :** एक इलेक्ट्रिक बैटरी एक या अधिक विद्युत - रासायनिक कोशिकाओं से बनी होती है, जिसमें दो इलेक्ट्रोड होते हैं- एक एनोड और एक कैथोड।
इसके साथ ही कुछ अन्य प्रमुख घटक भी हैं-
इलेक्ट्रोलाइट और विभाजक (सेपरेटर)।

**• मानक लिथियम- आयन बैटरी में प्रत्येक तत्वों का उपयोग-**

1. **कोबाल्ट (Cobalt):-** कोबाल्ट का उपयोग कई लिथियम-आयन बैटरियों के कैथोड में किया जाता है, जैसे लिथियम कोबाल्ट ऑक्साइड्स (LCO) और निकिल मैंगनीज कोबाल्ट (NMC) ऑक्साइड्स।
2. **ग्रेफाइट (Graphite):-** यह लिथियम-आयन बैटरियों में एनोड के रूप में सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला पदार्थ है।
3. **लिथियम (Lithium):-** यह एक प्रमुख घटक है जो कैथोड और इलेक्ट्रोलाइट दोनों में पाया जाता है। यह विभिन्न कैथोड यौगिकों में मौजूद होता है, जैसे-
   - लिथियम कोबाल्ट ऑक्साइड
   - लिथियम निकिल मैंगनीज कोबाल्ट ऑक्साइड
   - लिथियम आयरन फास्फेट
4. **निकिल (Nickel):-** यह उच्च ऊर्जा बैटरियों (NMC, NCA) के लिए कैथोड सामग्री में सामान्यत: उपयोग होता है।

अत: विकल्प (c) - केवल तीन ही सही है।

**4. Consider the following**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

**(I) Cigarette butts**
**धूम्रपान के बाद सिगरेट के बचे हुए टुकड़े**
**(II) Eyeglass lenses**
**चश्मे के लेंस**
**(III) Car tyres**
**कार के टायर**

**How many of them contain plastic ?**
**उपर्युक्त में से कितनों में प्लास्टिक होता है?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /कोई नहीं

**Ans. (c) :**
**1. सिगरेट बट्स (Cigarette Butts):-**
यह एक प्रकार के प्लास्टिक जिसे सेल्यूलोज एसीटेट कहा जाता है, से बने होते है जिसे सेल्यूलोज से प्राप्त किया जाता है, लेकिन यह रासायनिक रूप से संशोधित होता है और बायोडिग्रेडेबल (नष्ट होने योग्य) नहीं होता।
**2. चश्में के लेंस (Eyeglass Lenses):-**
ये सामान्यत: प्लास्टिक सामग्री से बने होते हैं, जैसे - पॉलीकार्बोनेट, CR-39 या अन्य प्लास्टिक पॉलिमर । इन्हें हल्केपन, आकृति में आसानी से ढ़लने की क्षमता आदि कारणों से पसंद किया जाता है।
अतः चश्में के लेंस में प्लास्टिक होता है।
**3. कार टायर (Car Tyres) :-**
ये कई सामग्रियों के मिश्रण से बने होते हैं (जैसे–प्राकृतिक रबर, सिंथेटिक रबर)। सिंथेटिक रबर स्वंय एक पॉलिमर होता है जो प्लास्टिक से व्युत्पन्न होता है। अतः कार टायर में भी प्लास्टिक अवयव मौजूद होते है। इसलिये तीनों वस्तुओं में प्लास्टिक होता है।
अतः सही उत्तर है: (c) सभी तीन।

**5. Consider the following substances :**
**निम्नलिखित पदार्थों पर विचार कीजिए:**

**(I) Ethanol / एथेनॉल**
**(II) Nitroglycerine / नाइट्रोग्लिसरीन**
**(III) Urea / यूरिया**

**Coal gasification technology can be used in the production of how many of them ? / उपर्युक्त मे से कितनों के उत्पादन में कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी प्रयुक्त की जा सकती है?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /कोई नहीं


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**Ans. (b) :** स्पष्टीकरणः–

**कोयला गैसीकरण तकनीकः–** यह एक थर्मो–केमिकल प्रकिया है जो कोयले को गैसीय मिश्रण में बदलती है। इसमें मुख्य रूप से कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) और हाइड्रोजन ($H_2$) होते है। इस मिश्रण को ''सिंथेटिक गैस'' या ''सिन गैस'' (syngas) कहते है। यह प्रक्रिया उच्च तापमान (1000°C से अधिक) और सीमित मात्रा में ऑक्सीजन व भाप की उपस्थिति में होती है, लेकिन पूरी तरह से दहन नहीं होता।

1. **एथेनॉल ($C_2H_5OH$) :–** एथेनॉल का निर्माण सिंथेसिस गैस (CO + $H_2$) से औघोगिक रूप से किया जा सकता है। विशेष परिस्थितियों (तापमान,दाब,उत्प्रेरक) में यह गैस एथेनॉल में बदल दी जाती है।
2. **नाइट्रोग्लिसरीन ($C_3H_5(NO_3)_3$) :–** यह आमतौर पर कोयला गैसीकरण तकनीक से नहीं बनती। नाइट्रोग्लिसरीन को ग्लिसरॉल के नाइट्रेशन द्वारा नाइट्रिक एसिड और सल्फ्यूरिक एसिड के मिश्रण से बनाया जाता है।
3. **यूरिया ($NH_2CONH_2$):–** यूरिया का निर्माण मुख्य रूप से अमोनिया ($NH_3$) और कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) से होता है। अमोनिया का निर्माण हैबर-बॉश प्रक्रिया द्वारा किया जाता है, जिसमें नाइट्रोजन ($N_2$) और हाइड्रोजन ($H_2$) की आवश्यकता होती है।

कोयला गैसीकरण से हाइड्रोजन प्राप्त की जा सकती है, जिसका उपयोग अमोनिया बनाने में होता है। अतः अप्रत्यक्ष रूप से कोयला गैसीकरण तकनीक यूरिया निर्माण में सहायक हो सकती है। इसलिये, कोयला गैसीकरण तकनीक का उपयोग एथेनॉल और यूरिया इन दो के उत्पादन में किया जा सकता है।

अतः सही उत्तर हैः (b) केवल दो

6. **What is the common characteristic of the as chemical substances generally know CL-20, HMX and LLM-105, which are sometimes talked about in media?**
**कभी -कभी समाचार माध्यमों में चर्चित सामान्यतया CL-20, HMX और LLM-105 के रूप में ज्ञात रासायनिक पदार्थो में सर्वनिष्ठ अभिलक्षण क्या है?**

(a) These are alternatives to hydro-fluorocarbon refrigerants
ये हाइड्रोफ्लुओरोकार्बन प्रशीतकों के विकल्प हैं

(b) These are explosives in military weapons
ये सैन्य आयुधों के अंतर्गत विस्फोटक है

(c) These are high-energy fuels for cruise missiles
ये क्रूज मिसाइलों के लिए उच्च-ऊर्जा ईंधन हैं

(d) These are fuels for rocket propulsion
ये रॉकेट नोदन हेतु ईंधन हैं

**Ans. (b) :** स्पष्टीकरणः–

- CL – 20 (Hexanitrohexazaisowurtzitane) जिसे china lake compound No. 20 के नाम से भी जाना जाता है।
- HMX (High melting explosive/octagon)
- LLM – 105 (2, 6 – diamino – 3, 5 – dinitropyrazine – 1 – oxide).

ये सभी पदार्थ अत्यधिक ऊर्जावान विस्फोटक है और मुख्य रूप से सैन्य श्रेणी के हथियारों और रक्षा उपयोगों मे किये जाते है।

7. **Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

**(I) It is expected that Majorana 1 chip will enable quantum computing.**
**ऐसी अपेक्षा है कि मेजोराना 1 चिप, क्वांटम कंप्यूटिंग को सुकर बनाएगा।**

**(II) Majorana 1 chip has been introduced by Amazon Web Services (AWS).**
**मेजोराना 1 चिप, ऐमेजॉन वेब सर्विसेज (AWS) द्वारा आरंभ किया गया है।**

**(III) Deep learning is a subset of machine learning.**
**डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग का एक उप-समुच्चय है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-कौन से सही है?**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II and III only /केवल II और III
(c) I and III only / केवल I और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (c) :** स्पष्टीकरण–

**• कथन 1 सही हैः–**

Microsoft ने मेजोराना – 1 चिप पेश की थी–यह दुनिया की पहली क्वांटम चिप है जो टोपोलॉजिकल कोर आर्किटेक्चर पर आधारित है। यह क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए डिजाइन की गई है।

**• कथन 2 गलत हैः–**

मेजोराना-1चिप मुख्य रूप से Microsoft द्वारा विकसित की गई है। हालांकि Amazon web services (AWS) के पास क्वांटम चिप्स के विकास के लिए Bracket सेवा है, लेकिन इसका मेजोराना-1 चिप से कोई सम्बन्ध नही है।

**• कथन 3 सही हैः–**

डीप लर्निगं वास्तव में मशीन लर्निग का उप समुच्चय है। मशीन लर्निंग एक व्यापक क्षेत्र है, जिसमें कंप्यूटर सिस्टम डेटा से सीखते है, बिना स्पष्ट रूप से प्रोगाम किए।


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

8. **With reference to monoclonal antibodies, often mentioned in news, consider the following statement :**
**प्रायः समाचारों में चर्चित, एकक्लोनी प्रतिरक्षियों (मोनोक्लोनल ऐंटिबॉडी) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर चिार कीजिए:**

(I) **They are man-made proteins.**
**वे मानव-निर्मित प्रोटीन हैं।**

(II) **They stimulate immunological function due to their ability to bind to specific antigens.**
**वे विशिष्ट प्रतिजनों (एंटीजन) से बंधन बनाने की अपनी क्षमता के कारण प्रतिरक्षात्मक प्रकार्य को उद्दीपित करते हैं।**

(III) **They are used in treating viral infections like that of Nipah virus.**
**वे निपा विषाणु के संक्रमण जैसे विषाणु संक्रमणों के उपचार में प्रयुक्त होते हैं।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-कौन से सही हैं?**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II and III only /केवल II और III
(c) I and III only /केवल I और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (d) :**
- **कथन I सही है:-** मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज मानव निर्मित प्रोटीन होते हैं। इन्हें प्रयोगशाला में तैयार किया जाता है और ये प्राकृतिक एंटीबॉडीज की तरह कार्य करने के लिए डिजाइन किए जाते हैं।
- **कथन II सही है:-** प्रत्येक मोनोक्लोनल एंटीबॉडी को किसी विशेष एंटीजन, जैसे वायरस प्रोटीन या कैंसर कोशिका मार्कर को पहचानने और उससे बंधने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया बढ़ती है और साइटोटॉक्सिसिटी को न्यूट्रलाइज करने में मदद मिलती है।
- **कथन III सही है:-** इन एंटीबॉडीज का प्रयोग निपाह वायरस, इबोला और कोविड-19 जैसे वायरस संक्रमणों के उपचार में किया गया है।

9. **Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

(I) **No virus can survive in ocean waters.**
**महासागरी जल में कोई विषाणु जीवित नहीं बच सकता।**

(II) **No virus can infect bacteria.**
**कोई विषाणु, जीवाणुओं में संक्रमण नहीं कर सकता।**

(III) **No virus can change the cellular transcriptional activity in host cells.**
**कोई विषाणु, परपोषी कोशिका मे कोशिकीय अनुलेखनात्मक सक्रियता को परिवर्तित नहीं कर सकता।**

**How many of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /कोई भी नहीं

**Ans. (d) :** • **कथन I गलत है:-** यह कथन दावा करता है कि वायरस महासागर के पानी में जीवित नहीं रह सकते जो कि गलत है। महासागर का पारिस्थितिक तंत्र विशाल और विविधतापूर्ण है और वायरस वहाँ प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। वास्तव में, समुद्री वायरस सबसे अधिक संख्या में पाई जाने वाली जैविक संस्थाओं में से हैं, जो समुद्री सूक्ष्मजीव जनसंख्या को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उदाहरणत:-साइनोफेज समुद्री साइनो बैक्टीरिया को संक्रमित करते है।

- **कथन II गलत है:-** यह कथन दावा करता है कि वायरस जीवाणुओं को संक्रमित नहीं कर सकते। बैक्टीरियाफेज वे वायरस होते हैं जो विशेष रूप से जीवाणुओं को संक्रमित करते हैं। ये अपना आनुवांशिक पदार्थ जीवाणु कोशिका में प्रविष्ट कर देते हैं और कोशिका की प्रक्रिया को नियंत्रित करके नये फेज वायरस का निर्माण करते हैं।
- **कथन III गलत है:-** वायरस कोशिकाओं की अनुलेखन क्रिया (Transcriptional Activity) को बदल सकते हैं। वायरस प्राय: होस्ट सेल के ट्रांसक्रिप्शन और ट्रांसलेशन को इस प्रकार बदल देते हैं कि वायरस के घटकों के उत्पादन को प्राथमिकता मिल सके।

10. **Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statement I / कथन I :**
**Activated carbon is a good and an attractive tool to remove pollutants from effluent streams and to remediate contaminants from various industries.**
**सक्रियित कार्बन बहिः स्रावी धाराओं में से प्रदूषकों को हटाने और विभिन्न उद्योगों से आने वाले संदूषकों के उपचारण हेतु एक अच्छा और आकर्षक साधन है।**

**Statement II /कथन II :**
**Activated carbon exhibits a large surface area and strong potential for adsorbing heavy metals.**
**सक्रियित कार्बन का एक वृहत् पृष्ठ क्षेत्रफल होता है और उसमें भारी धातुओं को अधिशोषित करने की दमदार शक्यता है।**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**Statement III /कथन III :**

**Activated carbon can be easily synthesized from environmental wastes with high carbon content.**

**सक्रियित कार्बन, उच्च कार्बन अंश वाले वातावरणीय अपशिष्टों में से आसानी से संश्लेषित किया जा सकता है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements ?**

**उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement II and Statement III are correct and both of them explain Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं तथा वे दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं

(b) Both Statement II and Statement III are correct but only one of them explains Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं किन्तु उनमें से केवल एक, कथन I की व्याख्या करता है

(c) Only one of the Statement II and III is correct and that explains Statement I
कथन II और कथन III में से केवल एक सही है तथा वह कथन I की व्याख्या करता है

(d) Neither Statement II nor Statement III is correct
न तो कथन II और न ही कथन III सही है

**Ans. (a) :** कथन II और कथन III दोनों सही है और दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं।

- **कथन I सत्य हैः-** यह व्यापक रूप से स्वीकार किया गया तथ्य है कि सक्रिय कार्बन वास्तव में प्रदूषकों को हटाने और विभिन्न उद्योगों से संदूषकों की सफाई के लिए एक अच्छा और आकर्षक माध्यम है।
- **कथन II सत्य हैः-** सक्रिय फाइबर को विशेष रूप से इस प्रकार निर्मित किया जाता है कि इसकी झरझरी संरचना के कारण इसकी आंतरिक सतह क्षेत्रफल बहुत अधिक हो, जो इसे कार्बनिक प्रदूषकों को अवशोषित करने और सीसा, आर्सेनिक तथा पारा जैसे धातुओं को उनकी धाराओं से हटाने के लिए उपयुक्त बनाता है।
- **कथन III सत्य हैः-** सक्रिय कार्बन आमतौर पर कार्बनी पदार्थों से कार्बनीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से तैयार किया जाता है। इसे नारियल के खोल, धान की भूसी आदि जैसे पर्यावरणीय या कृषि अपशिष्ट पदार्थों से आसानी से संश्लेषित किया जा सकता है।
- **क्या वाक्य II और वाक्य III, वाक्य I की व्याख्या करते हैं?**

सक्रिय कार्बन का सतह क्षेत्रफल बहुत बड़ा होता है, जो प्रदूषकों को बंधने और उन्हें हटाने के लिए कई स्थान प्रदान करता है। सक्रिय कार्बन को पर्यावरणीय अपशिष्ट से आसानी से संश्लेषित किया जा सकता है, इसलिए यह सदूषकों की सफाई (निवारण) में सहायक होता है।

**अत: कथन II और III, कथन I की व्याख्या करते हैं।**

11. **Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statement I /कथन I :**

**Studies indicate that carbon dioxide emissions from cement industry account for more than 5% of global carbon emissions.**

**अध्ययनों से सूचित होता है कि सीमेंट उद्योग से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड का वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में उसके 5% से अधिक का योगदान है।**

**Statement II /कथन II :**

**Silica-bearing clay is mixed with limestone while manufacturing cement.**

**सीमेंट का निर्माण करते समय चूना-पत्थर में सिलिका-युक्त मृत्तिका मिलाई जाती है।**

**Statement III /कथन III :**

**Limestone is converted into lime during clinker production for cement manufacturing.**

**सीमेंट निर्माण हेतु क्लिंकर उत्पादन के दौरान चूना-पत्थर, चूना में बदल जाता है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**

**उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement II and Statement III are correct and both of the explain Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही है तथा वे दोनों कथन I की व्याख्या करते है

(b) Both Statement II and Statement III are correct but only one of them explains Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं किन्तु उनमें से केवल एक, कथन I की व्याख्या करता है

(c) Only one of the Statement II and III is correct and that explains Statement I
कथन II और कथन III में से केवल एक सही है तथा वह कथन I की व्याख्या करता है

(d) Neither Statement II nor Statement III is correct
न तो कथन II और न ही कथन III सही है

**Ans. (b) :**

- **कथन I सही है:-** सीमेंट उद्योग एक प्रमुख $CO_2$ उत्सर्जक है, जो चूना पत्थर के कैल्सीनेशन और जीवाश्म ईंधन के दहन के कारण वैश्विक उत्सर्जन में 7-8 % का योगदान देता हैं



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

कैल्शियम प्रक्रिया के दौरान, $CaCO_3$ का CaO और $CO_2$ में विघटन होता है, जो कुल $CO_2$ उत्सर्जन का लगभग 50 % होता है।

- **कथन II सही है:-** सीमेंट का निर्माण चूना पत्थर ($CaCO_3$), जो कैल्शियम का मुख्य स्रोत होता है, और मिट्टी ($SiO_2$, $Al_2O_3$, $Fe_2O_3$), जो सिलिका, एल्युमिना और लोहा प्रदान करती है, के मिश्रण को गर्म करके किया जाता है और फिर इसे एक भट्टी (किल्न) में भेजा जाता है, जहाँ एक क्लिंकर में परिवर्तित होता है। बाद में क्लिंकर को जिप्सम के साथ मिलाकर सीमेंट बनाया जाता है।
- **कथन III सही है:-** सीमेंट की भट्ठी में, चूना पत्थर लगभग 900°C के उच्च तापमान पर कैल्सीनेशन की प्रक्रिया से गुजरता है, जिसमें कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) का विघटन होकर कैल्शियम ऑक्साइड (CaO) और कार्बन डाईऑक्साइड ($CO_2$) बनते हैं। यह $CO_2$ उत्सर्जन सीमेंट उद्योग की उच्च कार्बन फुटप्रिंट का एक मुख्य कारण है, जैसा कि कथन I में उल्लेख किया गया है। इसलिए, कथन III सही है, और यह सीधे तौर पर समझा जा सकता है कि सीमेंट निर्माण से इतना अधिक $CO_2$ क्यों उत्सर्जित होता है।

**12. Consider the following statement :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statement I /कथन I :**

**At the 28th United Nations Climate Change Conference (COP28), India refrained from signing the 'Declaration on Climate and Health'.**
**28 वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP28) में, भारत ने 'जलवायु और स्वास्थ्य विषयक घोषणा' पर हस्ताक्षर नहीं किया।**

**Statement II /कथन II :**

**The COP28 Declaration on Climate and Health is a binding declaration; and if signed, it becomes mandatory to decarbonize health sector,**
**COP28 जलवायु और स्वास्थ्य विषयक घोषणा एक बाध्यकर घोषणा है; और इस पर हस्ताक्षर कर देने पर स्वास्थ्य सेक्टर का विकार्बनन करना अधिदेशात्मक हो जाता है।**

**Statement III /कथन III :**

**If India's health sector is decarbonized, the resilience of its health-care system may be compromised.**
**यदि भारत के स्वास्थ्य सेक्टर का विकार्बनन किया जाए, तो इसकी स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली के लचीलेपन पर संकट आ सकता है**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements ?**
**उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement II and Statement III are correct and both of the explain Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं तथा वे दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं

(b) Both Statement II and Statement III are correct but only one of them explains Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं किन्तु उनमें से केवल एक, कथन I की व्याख्या करता है

(c) Only one of the Statement II and III is correct and that explains Statement I
कथन II और कथन III में से केवल एक सही है तथा वह कथन I की व्याख्या करता है

(d) Neither Statement II nor Statement III is correct
न तो कथन II और न ही कथन III सही है

**Ans. (c) :** 28वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (COP28) 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक दुबई संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित की गई थी, जहाँ 197 देशों के प्रतिनिधियों ने वैश्विक तापमान वृद्धि को सीमित करने के अपने प्रयास प्रस्तुत किए और भविष्य में जलवायु परिवर्तन से निपटने की तैयारियों पर चर्चा की। COP28 में भारत ने "क्लाइमेट और हेल्थ पर घोषणा पत्र, (Declaration on climate and Health) पर हस्ताक्षर करने से परहेज किया।

- COP28 Declaration on climate and health एक "non-binding" (गैर-बाध्यकारी) घोषणापत्र है। इसका मतलब है कि यदि कोई देश इस पर हस्ताक्षर करता है, तो वह कानूनी रूप से इसके प्रावधानों को लागू करने के लिए बाध्य नहीं होता। यह एक स्वैच्छिक प्रतिबध्दता है, इस पर हस्ताक्षर करने से कोई कानूनी दंड नहीं लगता यदि वह इसे पूरी तरह लागू न करे।
- अगर भारत का स्वास्थ्य क्षेत्र (health sector) decarbonize किया जाता है यानी कार्बन उत्सर्जन कम किया जाता है, तो इससे स्वास्थ्य व्यवस्था की resilience कम नहीं होती बल्कि बढ़ जाति है।

**13. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statements I /कथन I :**

**Scientific studies suggest that a shift is taking place in the Earth's rotation and axis.**
**वैज्ञानिक अध्ययन यह सुझाते है कि पृथ्वी के घूर्णन और अक्ष में परिवर्तन हो रहा है।**

**Statements II /कथन II :**

**Solar flares and associated coronal mass ejections bombarded the Earth's outermost atmosphere with tremendous amount of energy.**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**सौर संस्फुरों (फ्लेयर्स) और उससे संबद्ध किरीटी द्रव्यमान निष्कासनों ने पृथ्वी के सबसे बाहरी वायुमंडल पर विशाल ऊर्जा-राशि की बौछार कर दी है।**

**Statements III /कथन III :**

**As the Earth's polar ice melts, the water tends to move towards the equator.**
**जैसे-जैसे पृथ्वी का ध्रुवीय हिम पिघलता है, जल की प्रवृत्ति विषुवत-वृत्त की ओर जाने की होती है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements ?**
**उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement II and Statement III are correct and both of the explain Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही है तथा वे दोनों कथन I की व्याख्या करते है

(b) Both Statement II and Statement III are correct but only one of them explains Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं किन्तु उनमें से केवल एक, कथन I की व्याख्या करता है

(c) Only one of the Statement II and III is correct and that explains Statement I
कथन II और कथन III में से केवल एक सही है तथा वह कथन I की व्याख्या करता है

(d) Neither Statement II nor Statement III is correct
न तो कथन II और न ही कथन III सही है

**Ans. (b) : कथन I सत्य है:–** वैज्ञानिक रूप से यह सिद्ध हुआ है कि पृथ्वी की घूर्णन गति (rotation) और उसकी धुरी (axis) में परिवर्तन हो रहा हैं। इन परिवर्तनों का कारण पृथ्वी पर द्रव्यमान (mass) का पुनर्वितरण है, जो मुख्य रुप से जलवायु परिवर्तन, बर्फ के पिघलने, समुद्र के स्तर में वृद्धि, और भूगर्भीय प्रक्रियाओं जैसे भूकम्प या ज्वालामुखी गतिविधियों के कारण हो रहा हैं।

**कथन II सत्य है:–** सौर गतिविधियाँ (Solar Activity) जैसे कि सौर ज्वालाएँ (Solar flares) और कोरोनल मास इजेक्शन (Coronal mass ejection–CMEs), सीधे पृथ्वी की घूर्णन गति (rotation) या उसकी कक्षा (orbit) को प्रभावित नहीं करती है। पृथ्वी की गति और कक्षा मुख्य रूप से गुरूत्वाकर्षण बलों द्वारा नियन्त्रित होती है, विशेष रुप से सूर्य और चन्द्रमा के प्रभाव से।

**कथन III सत्य है:–**जब ध्रुवीय क्षेत्रों (जैसे अंटार्कटिका और आर्कटिका) में बर्फ पिघलती है, तो वहाँ का विशाल द्रव्यमान पानी के रुप में भूमध्य रेखा (Equator) के आसपास के क्षेत्रों में पुनर्वितरित हो जाता है। इस द्रव्यमान के पुनिर्वितरण से पृथ्वी के द्रव्यमान का संतुलन बदलता है, जिससे पृथ्वी के घूर्णन धूरी (rotation axis) में बदलाव आ सकता है।

**अतः दोनों कथन II और कथन III सत्य है तथा इनमें से कोई एक कथन I की व्याख्या करता हैं।**

**14. Consider the following Statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statements I /कथन I :**

**Article 6 of the Paris Agreement on climate change is frequently discussed in global discussions on sustainable development and climate change.**
**जलवायु परिवर्तन विषयक पेरिस समझौते का अनुच्छेद 6 की चर्चा, सतत विकास और जलवायु परिवर्तन विषयक वैश्विक चर्चाओं में बारम्बार आती है।**

**Statements II /कथन II :**

**Article 6 of the Paris Agreement on climate change sets out the principles of carbon markets.**
**जलवायु परिवर्तन विषयक पेरिस समझौते का अनुच्छेद 6, कार्बन बाजारों के सिद्धांतों को निर्दिष्ट करता है।**

**Statements III /कथन III :**

**Article 6 of the Paris Agreement on climate change intends to promote inter-country non-market strategies to reach their climate targets.**
**जलवायु परिवर्तन विषयक पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6 का आशय देशों को अपने जलवायु लक्ष्य प्राप्त करने हेतु उनके बीच गैर-बाजारी रणनीतियों का संवर्धन करना है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above Statements?**
**उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement II and Statement III are correct and both of the explain Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं तथा वे दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं

(b) Both Statement II and Statement III are correct but only one of them explains Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं किन्तु उनमें से केवल एक, कथन I की व्याख्या करता है

(c) Only one of the Statement II and III is correct and that explains Statement I
कथन II और कथन III में से केवल एक सही है तथा वह कथन I की व्याख्या करता है

(d) Neither Statement II nor Statement III is correct
न तो कथन II और न ही कथन III सही है

**Ans. (a) :**

- पेरिस समझौते (Paris Agreement) के अनुच्छेद-6 (Article-6) में यह वर्णित है कि देश स्वैच्छिक सहयोग (Co-operation) के माध्यम से अपने जलवायु लक्ष्यों (Climate targets) को कैसे प्राप्त कर सकते हैं। यह अनुच्छेद अंतराष्ट्रीय



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

सहयोग को बढ़ावा देता है ताकि जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके और विकासशील देशों को वित्तीय सहायता (financial support) प्रदान की जा सके।

**अतः कथन I सत्य हैं।**

- जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते (Paris Agreement) का अनुच्छेद - 6 (Article -6) कार्बन बाजारों (carbon markets) के सिद्धान्तों को स्पष्ट रुप से परिभाषित करता हैं। यह अनुच्छेद देशों को स्वैच्छिक सहयोग (Voluntary cooperation) के माध्यम से अपने जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में मद्द करता है और अंतर्राष्ट्रीय कार्बन बाजारों की रुपरेखा प्रस्तुत करता हैं।

**अतः कथन II सत्य हैं।**

- जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते (Paris Agreement) का अनुच्छेद-6 (Article-6) न केवल कार्बन बाजारों (market-based mechanisms) की अनुमति देता है, बल्कि गैर-बाजार रणनीतियों (Non-Market Approaches) को भी बढ़ावा देने का प्रावधान करता है ताकि देश अपने जलवायु लक्ष्यों (Climate targets) को आपसी सहयोग से प्राप्त कर सकें। इसे गैर-बाजार दृष्टिकोण (Non Market Approaches) कहा जाता हैं।

**अतः कथन II तथा कथन III सत्य है और दोनों ही कथन I की व्याख्या करते हैं।**

**15. Which one of the following launched the 'Nature Solutions Finance Hub for Asia and the Pacific'?**

**निम्नलिखित में से किस एक ने 'एशिया और प्रशांत क्षेत्रों के लिए प्रकृति समाधान (नेचर सॉल्यूशन्स) वित्त हब' प्रारंभ किया?**

(a) The Asian Development Bank (ADB)
एशियाई विकास बैंक (ADB)

(b) The Asian Infrastructure Investment Bank (AIIB)
एशियाई अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) निवेश बैंक (AIIB)

(c) The New Development Bank (NDB)
न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)

(d) The International Bank for Reconstruction and Development (IBRD)
अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD)

**Ans. (a) :** एशियाई विकास बैंक (Asian Development Bank ADB) ने एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिये ''नेचुरल सॉल्यूशंस फाइनेंस हब'' (Natural solution Finance Hub) की शुरूआत की हैं। यह पहल प्रकृति आधारित समाधानों के लिए एक नवोन्मेषी वित्तपोषण प्रणाली (Innovative financing mechanism) के माध्यम से जलवायु परिवर्तन जैव विविधता हानि (Biodiversity loss) और पर्यावरणीय क्षरण (environmental degradation) से निपटने के लिये शुरू की गई हैं।

- ADB का ''Natural Solution Finance Hub'' एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय पहल है जो प्रकृति-आधारित समाधानों को वित्तीय सहायता प्रदान करके जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि, और पर्यावरणीय क्षरण से निपटने का मार्ग प्रशक्त करती है। यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सतत् विकास और लचीलापन को बढ़ावा देने की दिशा में एक साहसिक और सामूहिक प्रयास हैं।

**16. With reference to Direct Air Capture an emerging technology, which of the following statements is/are correct?**

**'प्रत्यक्ष वात प्रग्रहण (डाइरेक्ट एयर कैप्चर)', जो नई उभरती प्रौद्योगिकी है, के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/ हैं?**

**(I) It can be used as a way of carbon sequestration.**
**इसे कार्बन प्रच्छादन की एक विधि के रूप में प्रयोग में ला सकते हैं ।**

**(II) It can be a valuable approach for plastic production and in food processing.**
**यह प्लास्टिक उत्पादन हेतु और खाद्य प्रसंस्करण में एक बहुमूल्य उपागम हो सकता है।**

**(III) In aviation, it can be a source of carbon for combining with hydrogen to create synthetic low-carbon fuel.**
**विमानन मे, यह संश्लिष्ट न्यून-कार्बन ईंधन जनन हेतु हाइड्रोजन में मिलाने के लिए कार्बन का स्रोत हो सकता है**

**Select the correct answer using the code given below.**

**नीचे दिए गएं कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) III only /केवल III
(c) I, II and III /I, II और III
(d) None of the above statements is correct
उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**Ans. (c) : प्रत्यक्ष वात प्रग्रहण (Direct Air Capure):-** यह एक उभरती हुई जलवायु तकनीक (emerging climate technology) है, जिसका उद्देश्य वायुमंडल से सीधे कार्बन डाईऑक्साइड़ ($CO_2$) को निकालना है। यह तकनीक जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संभावित समाधान के रुप में तेजी से विकसित हो रही हैं।

**कथन I सत्य हैः-**डायरेक्ट एयर कैप्चर (Direct Air capture) को कार्बन पृथक्करण (Carbon sequestration) के एक प्रभावी तरीके के रुप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका उद्देश्य वायुमंडल से सीधे कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) को निकालकर उसे सुरक्षित रुप से भंडारित (store) या पुनः उपयोग (Reuse) करना हैं।


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**कथन II सत्य है:-** डायरेक्ट एयर कैप्चर (Direct Air Capture - DAC) तकनीक प्लास्टिक उत्पादन (Plastic production) और खाद्य प्रसंस्करण (food processing) जैसे उद्योगों के लिए भी एक मूल्यवान (Valuable) और नवोन्मेषी समाधान बनती जा रही है। यह तकनीक वायुमंडल से सीधे कार्बन डाईऑक्साइड़ ($CO_2$) को निकालती है, और इसे औद्योगिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराती हैं।

**कथन III सत्य है:-** एविएशन (विमानन क्षेत्र) में डायरेक्ट एयर कैप्चर (Direct Air Capture-DAC) तकनीक का उपयोग एक नवीन और टिकाऊ ईंधन समाधान के रुप में देखा जा रहा है. यह तकनीक वायुमण्ड़ल से सीधे कार्बन डाई ऑक्साइड ($CO_2$) को निकालती है, जिसे हाइड्रोजन के साथ मिलाकर सिंथेटिक लो कार्बन फ्यूल (Synthetic low carbon fuel) बनाया जा सकता है।

**अतः उपरोक्त तीनों कथन सत्य हैं।**

**17. Regarding Peacock tarantula (Gooty tarantula), consider the following statement :**
**पीकॉक टैरेंटुला (गूटी टैरेंटुला) के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**(I) It is an omnivorous crustacean.**
**यह एक सर्वभक्षी परुष-कवची (क्रस्टेशियाई है।**

**(II) Its natural habitat in India is only limited to some forest areas.**
**इसका प्राकृतिक आवास भारत में केवल कुछ वनों तक ही सीमित है।**

**(III) In its natural habitat, it is an arboreal species.**
**अपने प्राकृतिक आवास में यह एक वृक्षीय जाति है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/ कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only /केवल I
(b) I and III only /I और III
(c) II only /केवल II
(d) II and III /II और III

**Ans. (d) :** पीकॉक टैरेंटुला (गूटी टैरेंटुला) का वैज्ञानिक नाम– Poecilotheria metallica – इसके अन्य नाम है – गूटी सैफायर ऑरनामेंटल टैरेंटुला (Gooty Sapphire Ornamental Tarantula) यह एक दुर्लभ नीली मकड़ी है, जो केवल आंध्र प्रदेश के गूटी क्षेत्र (भारत) में पायी जाती हैं। इसलिए इसे गूटी टैरेंटुला कहा जाता है।

इसका शरीर और पैर धातु जैसा चमकीला नीला रंग का होता है, जो इसे मकड़ियों में सबसे सुन्दर बनाता हैं।

IUCN रेड लिस्ट में ये बहुत दुर्लभ (Critically endangered) की स्थिति में शामिल हैं।

**कथन I गलत हैं-** Gooty Tarantula एक मांसाहारी (carnivores) जीव हैं। यह छोटे कीडे-मकोड़े झींगुर (Crickets) तिलचट्टे (Cockroaches), और छोटे अकशेरूकी जीवों को खाती हैं। यह सर्वाहारी (Omnivorous) नहीं होते हैं, यानि यह पौधों और वनस्पतियों को नहीं खाते।

**कथन II सही हैं-** यह मकड़ी केवल भारत के आंध्र प्रदेश राज्य में पाई जाती है। इसका आवास चित्तूर और कडप्पा जिलों के बीच स्थित कुछ सूखे पर्णपाती (dry deciduous) जंगलों तक सीमित है। इस क्षेत्र में ''नंडगुंडम रिजर्व फॉरेस्ट''और कुछ आसपास के जंगल इसके प्रमुख निवास स्थल हैं।

**कथन III सही हैं-** गूटी टैरेन्टुला (Gooty Tarantula) एक वृक्षवासी प्रजाति है, जिसका अर्थ है कि यह मुख्य रूप से पेड़ों पर रहते हैं, न कि जमीन पर ये जमीन के बजाय पेड़ों की छाल के पीछे टहनियों की दरारों, या खोखले तनों में छिपकर रहती हैं। पेड़ों पर रहना इन जीवों को शिकारियों से बचाता हैं और शिकार करने में भी मदद करता हैं।

**18. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**(I) Carbon dioxide ($CO_2$) emissions in India are less than 0.5 t $CO_2$/capita.**
**भारत में कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जन 0.5 t $CO_2$ प्रति व्यक्ति से कम है।**

**(II) In terms of $CO_2$ emissions from fuel combustion, India ranks second in Asia-Pacific region.**
**ईंधन दहन से $CO_2$ उत्सर्जन के आधार पर, भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में दूसरे स्थान पर है।**

**(III) Electricity and heat producers are the largest sources of $CO_2$ emissions in India.**
**भारत में विद्युत् और ताप उत्पादक, $CO_2$ उत्सर्जन के सबसे बड़े स्रोत हैं ।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/ कौन-से सही है/हैं?**

(a) I and III only /केवल I और III
(b) II only /केवल II
(c) II and III only /केवल II और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (c) :**

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy agency - IEA) के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति $CO_2$ उत्सर्जन (per capita $CO_2$ Emissions) का स्तर हाल के वर्षो में बढ़ा है, लेकिन अब भी वैश्विक औसत से कम हैं।
  साल 2022 में भारत का प्रति व्यक्ति $CO_2$ उत्सर्जन लगभग 1.89 टन था जो 2023 में बढ़कर लगभग 2 टन प्रति व्यक्ति हो गया।
  **अतः कथन I असत्य है।**



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

- भारत, एशिया – प्रशांत क्षेत्र में ईंधन दहन से $CO_2$ उत्सर्जन के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। यह देश की बढ़ती ऊर्जा जरुरतों और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता को दर्शाता है। लेकिन भारत हरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, और इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से इस उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए प्रयासरत है।

**अतः कथन II सत्य हैं।**

- भारत में बिजली और उष्मा गर्मी उत्पादकता वाले संयंत्र $CO_2$ उत्सर्जन के सबसे बडे स्रोत है, क्योंकि वे भारी मात्रा में कोयला और अन्य जीवाश्म ईंधन जलाते हैं। इस क्षेत्र में बदलाव लाकर ही भारत अपने जलवायु लक्ष्यों (Climate targets) को प्रभावी रूप से पूरा कर सकता हैं।

**अतः कथन III सत्य हैं।**

**19. Consider the following pairs :**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | Plant /पादप | Description /वर्णन |
|---|---|---|
| I. | Cassava<br>कसावा | Woody shrub<br>काष्ठीय झाड़ी |
| II. | Ginger<br>अदरक | Herb with pseudostem<br>आभासी-तनायुक्त शाक |
| III. | Malabar spinach/<br>मालाबार पालक | Herbaceous climber<br>शाकीय आरोही लता |
| IV. | Mint /पुदीना | Annual shrub<br>वार्षिक झाड़ी |
| V. | Papaya /पपीता | Woody shrub<br>काष्ठीय झाड़ी |

**How many of the above pairs are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सहीं सुमेलित है?**

(a) Only two /केवल दो
(b) Only three /केवल तीन
(c) Only four /केवल चार
(d) All five /सभी पाँच

**Ans. (b) :**

- कसावा (Cassava) जिसे वैज्ञानिक रुप से Manihot esculenta कहा जाता हैं, एक लकड़ीदार झाड़ी (Woody shrub) हैं। यह पौधा विशेष रुप से उष्णकटीबंधीय क्षेत्रों (Tropical Regions) में इसे खाने योग्य, स्टार्चयुक्त, कंदमूलों (Tuberous Roots) के लिए उगाया जाता है।

**अतः युग्म I सही सुमेलित हैं।**

- अदरक एक हर्ब है जो जमीन के ऊपर कृत्रिम तनों के माध्यम से बढ़ता है, जिन्हें Pseudostem कहते हैं। ये तने पत्तियों के आधार से बने होते हैं और देखने में तने जैसे लगते हैं, लेकिन वे वास्तविक तना नहीं होते इसकी भूमिगत जड़ (Rhizome) ही वह हिस्सा है जिसे हम खाद्य व औषधीय रूप में प्रयोग करते हैं।

**अतः युग्म II सही सुमेलित हैं।**

- मालाबार पालक एक कोमल तने वाली, चढने वाली लता (Herbaceous Climber) है, जिसे उसकी हरी पौष्टिक पत्तियों के लिए उगाया जाता है। यह भारत के कई हिस्सों में खासकर मानसून और गर्मी के मौसम में आमतौर पर उगाई जाती है।

**अतः युग्म II सही सुमेलित हैं।**

- पुदीना कोई वार्षिक झाड़ी नहीं हैं, बल्कि यह एक बारहमासी (Perennial) झाड़ीदार पौधा हैं। यह कई सालों तक जीवित रह सकता है, और बार-बार पत्तियाँ देता है, इसलिए इसे हर बार फिर से बोने की जरूरत नहीं होती हैं।

**अतः युग्म IV सही सुमेलित नहीं हैं।**

- पपीता एक लकड़ीदार झाड़ी नहीं है, बल्कि एक हरित वनस्पति (Non-woody) होता है। यह पौधा तेजी से बढ़ता है और मुख्यतः फल उत्पादन के लिए उगाया जाता हैं।

**अतः युग्म V सही सुमलित नहीं हैं।**

**20. With reference to the planet Earth, consider the following statements :**
**पृथ्वी ग्रह के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**(I) Rain forests produce more oxygen than that produced by oceans.**
**वर्षा वन, महासागरों द्वारा उत्पादित ऑक्सीजन की तुलना में अधिक ऑक्सीजन उत्पादित करते हैं।**

**(II) Marine phytoplankton and photo synthetic bacteria produce about 50% of world's oxygen,**
**समुद्री पादप-प्लवक और प्रकाश-संश्लेषी जीवाणु विश्व में ऑक्सीजन का लगभग 50% उत्पादित करते हैं।**

**(III) Well-oxygenated surface water contains several folds higher oxygen than in atmospheric air.**
**वायुमंडलीय हवा में विद्यमान ऑक्सीजन की तुलना में, सुचारू रूप से ऑक्सीकृत पृष्ठ-जल में अनेक गुना अधिक ऑक्सीजन होती हे।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/ कौन-से सही है/हैं?**

(a) I and II / I और II
(b) II only / केवल II
(c) I and III / I और III
(d) None of the above statements is correct
उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है।


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**Ans. (b) :**

- वैज्ञानिक तथ्यों के अनुसार वर्षावन ऑक्सीजन का बड़ा स्त्रोंत है, लेकिन महासागर उनसे भी अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं।

  → वर्षावन ≈ 20%

  → महासागर > 50%

इसलिए यह कहना गलत होगा कि वर्षावन महासागरों से अधिक ऑक्सीजन बनाते हैं।

लेकिन दोनों ही- वर्षावन और महासागर-हमारे जीवन और वातावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**अत: कथन I सत्य नहीं है।**

- समुद्री फाइटोप्लैकटन और प्रकाश-संश्लेषी बैक्टीरिया मिलकर विश्व की लगभग आधी (50%) ऑक्सीजन का उत्पादन करते है।
  इन सूक्ष्मजीवों की भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी की जंगलों और वर्षावनों की।
  **अत: कथन II सत्य है।**
- सुचारू रूप से ऑक्सीकृत पृष्ठ-जल में घुली ऑक्सीजन की मात्रा पानी के लिए अधिकतम सीमा के करीब होती है, लेकिन यह वायुमंडलीय हवा की तुलना में हजारों गुना कम होती है।
  इसलिए यह कहना कि इसमें ऑक्सीजन की मात्रा वायुमंडलीय हवा में विद्यमान ऑक्सीजन की मात्रा से अधिक है। गलत है।
  **अत: कथन II सत्य नहीं है।**

**21. Consider the following statements about Raja Ram Mohan Roy :**
**राजा राममोहन राय के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**(I) He possessed great love and respect for the traditional philosophical systems of the East.**
**उनमें प्राच्य विश्व के पारम्परिक दार्शनिक सिद्धांतों के प्रति अत्यंत अनुराग और समादर था।**

**(II) He desired his countrymen to accept the rational and scientific approach and the principle of human dignity and social equality of all men and women.**
**उनकी कामना था कि उनके देशवासी तर्कसंगत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सभी पुरुषों और महिलाओं की मानवीय गरिमा और सामाजिक समता के सिद्धांत को मानें।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/ कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only /केवल I
(b) II only /केवल II
(c) Both I and II /I और II दोनों
(d) Neither I nor II /न तो I और न ही II

**Ans. (c) :**

- राजा राम मोहन राय वास्तव में पूर्वी सभ्यताओं विशेषकर भारतीय संस्कृति के प्रति अपने गहरे प्रेम और सम्मान के लिए प्रसिद्ध थे। वे एक गंभीर विद्वान (Erudite scholar) थे, जिन्होने संस्कृत, फारसी और अरबी भाषाओं में अत्यंत दक्षता प्राप्त की थी। उनकी विद्वता, बहुभाषिक ज्ञान और हिन्दु, बौद्ध और हिन्दु, बौद्ध और इस्लामी दर्शन की समझ ने उन्हें भारत के सामाजिक और बौद्धिक पुनर्जागरण का अग्रणी बना दिया।
  **अत: कथन I सत्य है।**
- राजा राम मोहन राय तर्क और विवेक (rationality and reason) के प्रबल समर्थक थे। वे मानते थे कि समाज को तथ्यों, तर्क और वैज्ञानिक सोच के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए न कि अंधविश्वास और पुरानी परम्पराओं के सहारे। इन्होने सती प्रथा, बाल विवाह और जातिगत भेदभाव जैसे सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया - लेकिन भावनाओं से नहीं, बल्कि तर्क और नैतिकता के आधार पर।
  **अत: कथन II सत्य है।**

**22. Consider the following subjects with regard to Non-Cooperation Programme :**
**असहयोग कार्यक्रम के बारे में, निम्नलिखित विषयों पर विचार कीजिए:**

**I. Boycott of law-courts and foreign cloth**
**न्यायालयों और विदेशी वस्त्र का बहिष्कार**

**II. Observance of strict non-violence**
**अहिंसा का कठोर अनुपालन**

**III. Retention of titles and honours without using them in public**
**उपाधियों और सम्मानों का, उनका सार्वजनिक उपयोग न करते हुए, प्रतिधारण**

**IV. Establishment of Panchayats for setting disputes**
**विवादों के निपटारें के लिए पंचायतों की स्थापना**

**How many of the above were parts of Non-Cooperation Programme?**
**उपर्युक्त में से कितने असहयोग कार्यक्रम के अवयव है?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) Only three /केवल तीन
(d) All the four /सभी चार

**Ans. (c) :** असहयोग आंदोलन (Non-Cooperation Movement) महात्मा गांधी द्वारा 1920 में चलाया गया एक प्रमुख राष्ट्रव्यापी आन्दोलन था। इसका उद्देश्य था ब्रिटिश शासन के खिलाफ अहिंसात्मक तरीके से सहयोग समाप्त कर देना ताकि उनका शासन नैतिक रूप से कमजोर हो जाए।



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

- भारतीयों से कहा गया कि वे ब्रिटिश न्यायालयों में मुकदमा न लड़े।
- विदेशी कपड़ों, विशेष रूप से ब्रिटिश मालिकों के वस्त्रों का त्याग करें।

**अतः कथन I सत्य है।**

- आदोलन के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा को पूरी तरह निषिद्ध (बिल्कुल मना) किया गया था। गाँधीजी का मानना था कि हिंसा से स्वतंत्रता नही केवल अराजकता (Anarchy) आती है। उन्होने लोगों से अपील की कि वे धैर्य, अनुशासन और शांति बनाए रखे, भले ही उकसावे का सामना क्यों न करना पड़े।

**अतः कथन II सत्य है।**

- असहयोग आंदोलन (Non-Cooperation Movement) के संदर्भ में, महात्मा गांधी ने ब्रिटिश सरकार द्वारा दिए गए खिताबों (Titles) और सम्मानों (Honours) को पूरी तरह से त्यागने का आग्रह किया था।

लेकिन कुछ लोगों ने इन खिताबों को सार्वजनिक रूप से प्रयोग नही किया, परन्तु अपने पास रख लिया जो कि इस आंदोलन की भावना के विपरीत माना गया।

**अताः कथन III असत्य है।**

- गाँधीजी ने लोगों से कहा कि वे ब्रिटिश कानून व्यवस्था में भरोसा न करें। इसके बदले उन्होंने स्थानीय पंचायतों की स्थापना पर जोर दिया जो आपसी झगड़ों, पारिवारिक या सामाजिक मतभेद को सुलझा सके।

**अतः कथन IV सत्य है।**

**23. The irrigation device called 'Araghatta' was**
**सिंचाई में काम आने वाला 'अरघट्टा' नामक उपकरण क्या था?**

(a) a water bag made of leather pulled over a pulley
एक घिरनी (पुली) से खींचा जाने वाला चमड़े का बना पानी का थैला

(b) a large wheel with earthen pots tied to the outer ends of its spokes
एक बड़ा चक्का, जिसकी अराओं (स्पोक्स) के बाहरी छोरों पर मिट्टी के पात्र बँधे हों

(c) a larger earthen pot driven by bullocks
बैलों के द्वारा खींचा जाने वाला मिट्टी का एक अधिक बड़ा पात्र

(d) a large water bucket pulled up by rope directly by hand
सीधे हाथों से ही रस्सी द्वारा खींचा जाने वाला बड़ा जल-डोल (वॉटर बकेट)

**Ans. (b) :** आराघट्टा में 'आरा' का अर्थ है लकड़ी का घुमावदार पहिया या चक्र, 'घट्टा' का मतलब है घुमाव या घूमने वाला यंत्र। यह एक सरल, सस्ता और पर्यावरण अनुकूल पारंपरिक सिंचाई यंत्र था, जिसने पुराने समय में भारतीय किसानों को जल सिंचाई में आत्मनिर्भर बनाया ।

इसमें एक बड़ा लकड़ी या लोहे का पहिया होता था, जिसके चारों ओर छोटे बर्तन (घड़े या मिट्टी के पात्र) लगे होते थे। जब यह पहिया घूमता था तो ये पात्र पानी को खीचकर ऊँचाई तक ले जाते थे और फिर खेतों में गिरा देते थे।

पहिए को बैल, बैलगाड़ी या आदमी की मदद से चलाया जाता था। जैसे ही पहिया घूमता, उस पर लगे बर्तन नीचे से पानी उठाते और ऊपर जाकर खाली कर देते। यह प्रक्रिया लगातार चलती रहती और खेतो को सिंचित करती थी।

**24. Who among the following rulers in ancient India had assumed the titles 'Mattavilasa', 'Vichitrachitta' and 'Gunabhadra'?**
**प्राचीन भारत में इनमें से किस शासक ने 'मत्तविलास' 'विचित्रचित्त' और 'गुणभद्र' उपाधियाँ धारण की थी?**

(a) Mahendravarman I/महेन्द्रवर्मन प्रथम
(b) Simhavishnu/सिंहविष्णु
(c) Narasimhavarman I/ नरसिंहवर्मन प्रथम
(d) Simhavarman /सिंहवर्मन

**Ans. (a) :** महेंद्रवर्मन प्रथम (Mahendravarman I, 600-630 ई.) दक्षिण भारत के पल्लव वंश के एक महान शासक थे, जिन्होने 7वीं शताब्दी के आरंभिक काल में शासन किया। उन्हें उनकी विद्वता, कला प्रेम और सांस्कृतिक योगदानों के लिये जाना जाता है, उन्होने कुछ विशिष्ट उपाधियाँ भी धारण की थी, जिनमें तीन प्रमुख हैं-

- मत्तविलास (Mattavilasa):-इस उपाधि का अर्थ है- मद मस्त विलासी या मद में आनंदित रहने वाला।
- विचित्रचित्त (Vichitrachitta):- इसका अर्थ है- अद्भुत या विचित्र रूचियों वाला
- गुणभद्र ( Gunabhadra) :- यह उपाधि गुणों से परिपूर्ण और विद्वान व्यक्ति के लिये प्रयोग होती है।

**25. Fa-hien (Fahian), the Chinese pilgrim, travelled to India during the reign of**
**चीनी तीर्थयात्री फाह्यान ने इनमें से किसके शासनकाल में भारत की यात्रा की थी?**

(a) Samudragupta /समुद्रगुप्त
(b) Chandragupta II /चन्द्रगुप्त द्वितीय
(c) Kumaragupta I /कुमारगुप्त प्रथम
(d) Skandagupta /स्कंदगुप्त

**Ans. (b) :** फाह्यान, एक प्रसिद्ध चीनी बौद्ध भिक्षु और तीर्थयात्री थे, जिन्होने भारत की यात्रा गुप्त सम्राट चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल में की थी।

यह यात्रा लगभग 399-414 ईस्वी की बीच हुई थी।


Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

इन्होने पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना), कपिलवस्तु, और लुम्बिनी जैसे बौद्ध स्थलों की यात्रा की। उन्होने उस समय भारत की सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक स्थिति का वर्णन किया।
फाह्यान ने गुप्त साम्राजय के अंतर्गत भारत की समृद्धि, धार्मिक सहिष्णुता और बौद्ध धर्म के प्रसार को विस्तार से लिखा ।

**26. Who among the following led a successful military campaign against the kingdom of Srivijaya, the powerful maritime State, which ruled the Malay Peninsula, Sumatra, Java and the Neighbouring islands ?**
**इनमें से किसने शाक्तिशाली समुद्रवर्ती राज्य श्रीविजय के विरुद्ध, जिसका शासन मलय प्रायद्वीप, सुमात्रा, जावा और निकटवर्ती द्वीपों पर था, एक सफल सैन्य अभियान का नेतृत्व किया था?**

(a) Amoghavarsha (Rashtrakuta)
अमोघवर्ष (राष्ट्रकूट)
(b) Prataparudra (Kakatiya)
प्रतापरुद्र (काकतीय)
(c) Rajendra I (Chola)
राजेन्द्र प्रथम (चोल)
(d) Vishnuvardhana (Hoysala)
विष्णुवर्धंन (होयसल)

**Ans. (c) :** राजराजा के पुत्र राजेंद्र I (1014-1044 ई.), दक्षिण भारत के चोल वंश के एक शक्तिशाली शासक थे। उन्होंने 11 वीं शताब्दी में (लगभग 1025 ईस्वी मे) श्रीविजय साम्राज्य के खिलाफ एक समुद्री सैन्य अभियान चलाया, जो उस समय एक समृद्ध और शक्तिशाली समुद्री राज्य था और मलय प्रायद्वीप, सुमात्रा, जावा और आसपास के द्वीपों पर शासन करता था।
यह अभियान नौसेना के माध्यम से किया गया था जो उस युग के लिए एक असाधारण उपलब्धि मानी जाती है।
राजेन्द्र I ने श्रीविजय के कई बंदरगाहों पर आक्रमण किया और उन्हें भारी क्षति पहुँचाई।

**27. With reference to ancient India (600-322 BC), consider the following pairs :**
**प्राचीन भारत (600-322 ईसा पूर्व) के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | Territorial region<br>प्रादेशिक क्षेत्र | River flowing in the region<br>इस क्षेत्र में बहने वाली नदी |
|---|---|---|
| I. | Asmaka<br>अश्मक | Godavari<br>गोदावरी |
| II. | Kamboja<br>कम्बोज | Vipas<br>विपास |
| III. | Avanti<br>अवन्ती | Mahanadi<br>महानदी |
| IV. | Kosala<br>कोसल | Sarayu<br>सरयू |

**How many of the pairs given above are correctly matched ?**
**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) Only three /केवल तीन
(d) All the four /सभी चार

**Ans. (b) :**
- अश्मक जनपद (Asmaka Manajanapada) प्राचीन भारत के सोलह महाजनपदों (Great Mahajanapadas) में से एक था। यह महाजनपद गोदावरी नदी के तट पर बसा हुआ था, जो आज के महाराष्ट्र और तेलंगाना क्षेत्रों में आता है।

**अत: युग्म I सही सुमेलित है।**

- कंबोज महाजनपद (Kamboj Manajanapada) सोलह महाजनपदों में से एक था, यह जनपद भारत के उत्तर पश्चिमी भाग में स्थित था और इसका विस्तार आज के अफगानिस्तान और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों तक माना जाता है। यह विपास/विपाशा (ब्यास) नदी के किनारे स्थित नहीं था, यह ऑक्स (Oxus) नदी के तट पर बसा था।

**अत: युग्म II सही सुमेलित नहीं है।**

- अवंति महाजनपद वर्तमान के मध्य प्रदेश राज्य में स्थित था। इसकी राजधानी उज्जयिनी (वर्तमान उज्जैन) और महीष्मती (वर्तमान महेश्वर) थी यह क्षेत्र नर्मदा नदी के तट पर बसा था न कि महानदी के तट पर।

**अत: युग्म III सही सुमेलित नहीं है।**

- कोसल महाजनपद (Kosal Mahajanpada) की राजधानी श्रावस्ती थी, जो सरयू नदी के तट पर बसा था।

**अत: युग्म IV सही सुमेलित है।**

**28. The first Gandharva Mahavidyalaya, a music training school, was set up in 1901 by Vishnu Digambar Paluskar in**
**प्रथम गन्धर्व महाविद्यालय, जो एक संगीत प्रशिक्षण विद्यालय था, विष्णु दिगंबर पलुस्कर द्वारा 1901 में कहाँ स्थापित किया गया था?**

(a) Delhi /दिल्ली
(b) Gwalior /ग्वालियर
(c) Ujjain /उज्जैन
(d) Lahore /लाहौर

**Ans. (d) :** • प्रथम गंधर्व महाविद्यालय (First Gandharva Mahavidyalaya) की स्थापना 1901 में विष्णु दिगंबर पलुस्कर (Vishnu Digambar paluskar) द्वारा लाहौर (जो अब पाकिस्तान में है) मे की गई थी। यह भारत में संगीत शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल थी।
पलुस्कर जी ने संगीत को गुरूकुल प्रणाली की जगह आधुनिक शिक्षा पद्धति से जोड़ने का कार्य किया।


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**29. Ashokan inscriptions suggest that the 'Pradeshika', 'Rajuka' and 'Yukta' were important officers at the**

**जैसा कि अशोक के अभिलेखों से ज्ञात होता है, 'प्रादेशिक', 'राजुक' और 'युक्त' किस स्तर पर महत्वपूर्ण अधिकारी थे?**

(a) village-level administration /ग्राम-स्तरीय प्रशासन

(b) district-level administration /जिला-स्तरीय प्रशासन

(c) provincial administration /प्रांतीय प्रशासन

(d) level of the central administration केन्द्रीय प्रशासन स्तर

**Ans. (b) :** अशोक के शिलालेखों में प्रशासनिक व्यवस्था का स्पष्ट वर्णन मिलता है जिनमें कुछ प्रमुख अधिकारियों का उल्लेख किया गया है। इन शिलालेखों में 'प्रादेशिक', 'राजूक ' और 'युक्त ' जैसे अधिकारी जिला-स्तरीय प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे।

**प्रादेशिक (Pradeshika):-**

- ये अधिकारी जिले के प्रमुख प्रशासक होते थे।
- इनका कार्य राजस्व संग्रह, कानून व्यवस्था बनाए रखना और राजाज्ञा का पालन सुनिश्चित करना था।

**राजूक (Rajuka) :-**

- ये अधिकारी मुख्यतः न्यायिक और प्रशासनिक कार्यो के लिये नियुक्त थे।
- अशोक ने इन्हें ''धम्म'' (Dhamma) का प्रचार करने और जनकल्याण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी दी थी।

**युक्त (Yukta):-**

- ये अधिकारी सहायक प्रशासक होते थे जो वरिष्ठ अधिकारियों की सहायता करते थे।

**30. Consider the following statements in respect of the Non-Cooperation Movement :**

**असहयोग आंदोलन के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**(I) The Congress declared the attainment of 'Swaraj' by all legitimate and peaceful means to be its objective.**
**काँग्रेस ने घोषणा की कि सभी वैध और शांतिपूर्ण तरीकों से 'स्वराज' प्राप्त करना उसका उद्देश्य है।**

**(II) It was to be implemented in stages with civil disobedience and non-payment of taxes for the next stage only if 'Swaraj' did not come within a year and the Government resorted to repression.**
**इसे चरणों में कार्यान्वित किया जाना था, जिसमें सविनय अवज्ञा और करों का भुगतान न करना अगले चरण के लिए थे, केवल तब, जब 'स्वराज' एक वर्ष में प्राप्त न होता और सरकार दमन पर उतर आती।**

**Which of the statements given above is/are correct?**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only /केवल I

(b) II only /केवल II

(c) Both I and II /I ओर II दोनों

(d) Neither I nor II /न तो I और न ही II

**Ans. (c) : • कथन I सत्य है :-** असहयोग आंदोलन महात्मा गांधी के नेतृत्व में 1920 ई. में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य था ब्रिटिश शासन के खिलाफ शांतिपूर्ण तरिके से विरोध करना। कांग्रेस ने यह स्पष्ट किया कि वह हिंसा का मार्ग नही अपनाएगी बल्कि केवल शांतिपूर्ण और वैध तरीको से ही स्वतंत्रता की मांग करेगी। यह निर्णय गांधीजी के सत्याग्रह और अहिंसा के सिद्धांतो पर आधारित था। इससे कांग्रेस को व्यापक जनसमर्थन मिला क्योंकि लोग जानते थे कि आंदोलन कानून के दायरे में रहकर ही होगा।

**• कथन II सत्य है :-** असहयोग आंदोलन के संदर्भ में यह तय किया गया था कि आंदोलन को चरणों (Stages) में लागू किया जाएगा। प्रथम चरण में जनता से अपील की गई कि वे सरकारी नौकरियों से इस्तीफा दे, विदेशी वस्तुओं और वस्त्रों का बहिष्कार करें। भीतर स्वराज नहीं मिला, और यदि सरकार दमनकारी नीति अपनाती है तो दूसरे चरण मे नागरिक सविनय अवज्ञा आंदोलन और करो का भुगतान न करने (Non-Payment Of Taxes) जैसे कदम उठाए जाएंगे।

**31. With reference to investments, consider the following:**

**निवेश के संदर्भ में, निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

**(I) Bonds /बॉन्ड**

**(II) Hedge Funds**
**प्रतिरक्षा निधियाँ (हेज फंड्स)**

**(III) Stocks /स्टॉक**

**(IV) Venture Capital /जोखिम पूँजी**

**How many of the above are treated as Alternative Investment Funds?**

**उपर्युक्त में से कितनों को वैकल्पिक निवेश निधि माना जाता है?**

(a) Only one /केवल एक

(b) Only two /केवल दो

(c) Only three /केवल तीन

(d) All the four /सभी चार

**Ans. (b) :** Alternative Investment Funds (AIFs) ऐसे निवेश कोष होते हैं जो पारंपरिक निवेश जैसे कि शेयर और म्यूचुअल फंड से अलग होते हैं :–

- वेंचर कैपिटल फंड्स
- हेज फंड्स
- प्राइवेट इक्विटी फंड्स



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

● इन्फ्रास्ट्रक्चर

● कुछ विशिष्ट बॉन्ड्स या डेटा स्ट्रक्चर

SEBI (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ) ने AIFs को तीन श्रेणियों में बाँटा है :-

1. Category I – जैसे स्टार्टअप या SME फंड
2. Category II – प्राइवेट इक्विटी, डेट फंड आदि
3. Category III – हेज फंड्स आदि

**[1] बॉन्ड्स :-** सामान्य बॉन्ड्स को AIF नहीं माना जाता । बॉन्ड्स पारंपरिक (Traditional) निवेश उपकरण होते हैं, जिन्हें आमतौर पर सरकार या निजी कंपनियों (corporations) द्वारा पूंजी (capital) जुटाने के लिए जारी किया जाता है ।

**[2] प्रतिरक्षा निधियाँ (Hedge फंड) :-** हेज फंड एक प्रकार का निवेश फंड होता है जो उच्च जोखिम लेकर अधिक रिटर्न कमाने की कोशिश करता है । यह फंड केवल उच्च नेटवर्क व्यक्तियों और संस्थागत निवेशकों के लिए होते हैं । भारत में इसे एक वैकल्पिक निवेश कोष (Alternative Investment Funds) के रूप में जाना जाता है ।

**[3] स्टॉक्स :-** स्टॉक्स किसी कम्पनी मे मालिकाना हिस्सेदारी का प्रतीक होते हैं । ये एक मानक बाजार व्यापारिक प्रतिभूति होते हैं,न कि वैकल्पिक निवेश (Alternative Investment).

**[4] जोखिम पूंजी (वेंचर कैपिटल) :-** वह धनराशि होती है जो निवेशक, कंपनियो में लगाते है, भारत में इसे वैकल्पिक निवेश कोष के रूप में मान्यता प्राप्त है।

**32. Which of the following are the sources of income for the Reserve Bank of India?**
**निम्नलिखित में कौन-कौन से, भारतीय रिजर्व बैंक की आय के स्रोत है?**

**(I) Buying and selling Government bonds**
**सरकारी बॉन्डों का क्रय और विक्रय**

**(II) Buying and selling foreign currency**
**विदेशी मुद्रा का क्रय और विक्रय**

**(III) Pension fund management**
**पेंशन निधि प्रबंधन**

**(IV) Lending to private companies**
**निजी कंपनियों को ऋण देना**

**(V) Printing and distributing currency notes**
**करेंसी नोटों का मुद्रण और वितरण**

**Select the correct answer using the code given below**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II, III and IV /II, III और IV
(c) I, III, IV and V /I, III, IV और V
(d) I, II and V /I, II और V

**Ans. (d) :** भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल 1935 ई. को हुई थी। इसे ब्रिटिश सरकार के "RBI-Act-1934" के अन्तर्गत स्थापित किया गया था। यह भारत का केन्द्रीय बैंक है जो देश की मौद्रिक नीति और वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करता है। शुरूआत में इसका मुख्यालय कोलकाता में था जिसे बाद में 1937 में मुंबई में स्थानांतरित कर दिया गया। भले ही यह एक सरकारी संस्था है लेकिन यह भी आय अर्जित करती है। इसकी आय के मुख्य स्रोत हैं-

1. **सरकारी बॉन्डों का क्रय और विक्रय-** जब सरकार धन जुटाने के लिए बॉन्ड जारी करती है, तो निवेशक (जैसे RBI) उन बॉन्ड्स को खरीदते हैं। इन बॉन्ड्स पर सरकार निवेशकों को एक निश्चित ब्याज देती है। इसलिए जब RBI सरकार के बॉन्ड को खरीदता है तो उसे उस पर ब्याज प्राप्त होता है, यही RBI की आमदनी होती है।
2. **विदेशी मुद्रा का क्रय और विक्रय-** भारत के विदेशी मुद्रा भण्डार (Foreign Exchange Reserves) का प्रबंधन करना RBI की जिम्मेदारी है। यह विदेशी मुद्रा (जैसे USD, Euro, Yen) को खरीदकर और बेचकर बाजार में डॉलर की उपलब्धता और रूपये की स्थिरता को बनाए रखता है। RBI विदेशी मुद्रा से अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड्स, यूरोपियन बॉन्ड्स आदि में निवेश करता है। इस पर जो ब्याज मिलता है, वह RBI की प्रमुख विदेशी आय होती है।
3. **करेंसी नोटों का मुद्रण और वितरण-**मुद्रा छापना (Printing) और उसे प्रचलन में लाना (Distributing currency notes) भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) का एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस प्रक्रिया से RBI को जो आय प्राप्त होती है उसे (सिनियोरेज/Seigniorage) कहते हैं, यह वह लाभ होता है जो RBI को मुद्रा छापने की लागत और उस मुद्रा के अंकित मूल्य के बीच के अंतर से प्राप्त होता है।

पेंशन निधि का प्रबंधन पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) के द्वारा किया जाता है। अतः कथन (III) गलत है। आरबीआई निजी कंपनियों को ऋण नहीं देता है। अतः कथन (IV) गलत है।

**33. With reference to the Government of India, consider the following information:**
**भारत सरकार के संदर्भ में, निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए:**

| | Organization संगठन | Some of its function इस संगठन के कुछ कार्य | It works under यह संगठन किसके अधीन कार्य करता है |
|---|---|---|---|
| I. | Directorate of Enforcement /प्रवर्तन निदेशालय | Enforcement of the Fugitive Economic Offenders Act, 2018 /भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम,2018 का प्रवर्तन | Internal Security Division-I Ministry of Home Affairs /आंतरिक सुरक्षा प्रभाग-I, गृह मंत्रालय |



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| **II.** | Directorate of Revenue Intelligence /राजस्व आसूचना निदेशालय | Enforces the Provisions of the Customs Act, 1962 /सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 के उपबंधों को प्रवर्तित करना | Department of Revenue, Ministry of Finance /राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय |
| **III.** | Directorate General of Systems and Data Management/ प्रणाली एवं आँकड़ा (सिस्टम्स ऐंड डेटा) प्रबंधन महानिदेशालय | Carrying out big data analytics to assist tax officers for better Policy and nabbing tax evaders/ बेहतर नीति और कर-वंचकों को पकड़ने में कर अधिकारियों की सहायता के लिए वृहत् आँकड़ा (डेटा) विश्लेषण का उपयोग करना | Department of Revenue, Ministry of Finance /राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय |

**In how many of the above rows is the information correctly matched?**
**उपर्युक्त में से कितनी पंक्तियों में सूचना सही सुमेलित है?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /किसी में नहीं

**Ans. (b) : पंक्ति I सही सुमेलित नहीं है-** प्रवर्तन निदेशालय भारत सरकार की एक प्रमुख जांच एजेंसी है, जो वित्त मंत्रालय के अधीन कार्य करता है, यह राजस्व विभाग (Department of Revenue) का एक हिस्सा नही है, बल्कि प्रवर्तन निदेशालय का प्रमुख कार्य भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (Fugitive Economic Offenders, Act, 2018) को लागू करना है।

**पंक्ति II सही सुमेलित है-** राजस्व खुफिया निदेशालय (Directorate of Revenue Intelligence-DRI)भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (Ministry of Finance) के राजस्व विभाग (Department of Revene) के अधीन कार्य करता है। DRI भारत सरकार का एक प्रमुख खुफिया और प्रवर्तन संगठन है जो सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के अंतर्गत तस्करी (Smuggling) और राजस्व की चोरी (Evasion of Customs Duty) को रोकने का कार्य करता है।

**पंक्ति III सही सुमेलित है-** डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिस्टम एंड डेटा मैनेजमेंट भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्य करता है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिस्टम एंड डेटा मैनेजमेंट बिग डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से कर अधिकारियों को सटीक जानकारी और विश्लेषण उपलब्ध कराता है।

**34. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**(I) The Reserve Bank of Indian mandates all the listed companies in India to submit a Business Responsibility and Sustainability Report (BRSR).**
**भारतीय रिजर्व बैंक भारत में सभी सूचीबद्ध कंपनियों को व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट [बिजनेस रिस्पॉन्सिबिलिटी ऐंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट (BRSR)] प्रस्तुत करने का आदेश करता है।**

**(II) In India, a company submitting a BRSR makes disclosures in the report that are largely non-financial in nature.**
**भारत में, व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट (BRSR) प्रस्तुत करने वाली कोई कम्पनी इस रिपोर्ट में उनका प्रकटन करती है जो मुख्यतः गैर-वित्तीय स्वरूप के हैं।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only /केवल I
(b) II only /केवल II
(c) Both I and II /I और II दोनों
(d) Neither I nor II /न तो I और न ही II

**Ans. (b) :** भारतीय रिजर्व बैंक, बिजनेस रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट (BRSR) की प्रस्तुति को अनिवार्य नहीं करता है क्योंकि यह दायित्व भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (SEBI) द्वारा निर्धारित किया गया है। इसलिए RBI का इसमें सीधा हस्तक्षेप नहीं है क्योंकि यह नियम पूंजी बाजार विनियमन से संबंधित है जो SEBI के अधिकर क्षेत्र में आता है।

**अतः कथन 1 सही नहीं है।**

• भारत में जब कोई कंपनी व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट प्रस्तुत करती है तो वह रिपोर्ट मुख्यतः गैर-वित्तीय (Non-financial) प्रकृति की सूचनाएँ प्रदान करती हैं। इस रिपोर्ट में कंपनी अपनी जिम्मेदारियों और प्रयासों को पर्यावरण (Environment), सामाजिक (Social) और शासन (Governance) पहलुओं से संबंधित मुद्दों को उजागर करती है।

**अतः कथन 2 सही है।**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

35. **Consider the following statement:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statement I /कथन I :**

**In India, income from allied agricultural activities like poultry farming and wool rearing in rural areas is exempted from any tax.**
**भारत में, ग्रामीण क्षेत्रों में कुक्कुट-पालन और ऊन उत्पादन जैसे संवर्गी कृषि कार्यकलाप से प्राप्त आय को किसी भी कर से छूट प्राप्त है।**

**Statement II /कथन II :**

**In India, rural agricultural land is not considered a capital asset under the provisions of the Income- tax Act, 1961.**
**भारत में, आयकर अधिनियम, 1961 के उपबंधों के अधीन, ग्रामीण कृषि भूमि को पूँजीगत परिसंपत्ति नहीं माना जाता है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both statement I and Statement II are correct and Statements II explains Statement I
कथन I और कथन II दोनों सही है तथा कथन II, कथन I की व्याख्या करते हैं
(b) Both Statement I and Statement II are correct but Statement II does not explain Statement I
कथन I और कथन II दोनों सही हैं किन्तु कथन II, कथन I की व्याख्या नही करता हैं
(c) Statement I is correct but Statement II is not correct
कथन I सही है किन्तु कथन II सही नही है
(d) Statement I is not correct but Statement II is correct
कथन I सही नही है किन्तु कथन II सही है

**Ans. (d) :** भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में की जाने वाली सहायक कृषि गतिविधियों जैसे कि पोल्ट्री फार्मिंग, डेयरी फार्मिंग, मत्स्य पालन, ऊन उत्पादन या भेड़ पालन इन गतिविधियों से होने वाली आय को आमतौर पर गैर-कृषि आय (Non-Agricultural Income) माना जाता है। इसका मतलब यह है कि इस पर आयकर (Income Tax) लागू हो सकता है। हालांकि, यदि यह गतिविधियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे स्तर पर की जा रही है और आय सीमित है, तो व्यक्ति बुनियादी छूट सीमा के अंतर्गत रह सकता है और उसे कोई कर नहीं देना पड़ता।
**अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- भारत में, आयकर अधिनियम, 1961 (Income Tax Act, 1961) के प्रावधानों के अनुसार, ग्रामीण कृषि भूमि (Rural Agricultural Land) को पूँजीगत सम्पत्ति (Capital Asset) नहीं माना जाता है। यदि वह भूमि कृषि उपयोग में हो रही है, वह भूमि नगर पालिका, नगर निगम की सीमाओं के बाहर स्थित होनी चाहिए। इसका मतलब है कि यदि ऐसी जमीन को बेचते हैं, तो उस पर कोई कैपिटल गेन टैक्स (Capital Gain Tax) नहीं लगता।

**अतः कथन 2 सही है।**

36. **Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**(I) India has joined the Minerals Security Partnership as a member.**
**भारत, खनिज सुरक्षा भागीदारी में एक सदस्य के रूप में सम्मिलित हो गया है।**
**(II) India is a resource-rich country in all the 30 critical minerals that it has identified.**
**भारत अपने द्वारा चिह्नित सभी 30 अति आवश्यक खनिजों में साधन-संपन्न है।**
**(III) The Parliament in 2023 has amended the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 empowering the Central Government to exclusively auction mining lease and composite license for certain critical minerals.**
**संसद ने 2023 में खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन कर कतिपय अति आवश्यक खनिजों के लिए खनन पट्टा और संयुक्त (कम्पोजिट) लाइसेंस नीलामी से देने हेतु केन्द्रीय सरकार को अन्य रूप से सशक्त किया है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही है/हैं?**

(a) केवल I और II /I and II only
(b) केवल II और III/ II and III only
(c) केवल I और III/ I and III only
(d) I, II और III/ I, II and III

**Ans. (c) :**
- (Minerals Security Partnership) खनिज सुरक्षा भागीदारी (Multilateral Partnership) एक बहुपक्षीय भागीदारी है, जिसकी शुरुआत संयुक्त राज्य अमेरिका और कुछ अन्य विकसित देशों ने की थी। भारत अब Mineral Security Partnership (MSP) का सदस्य बन गया है। यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है, जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित बनाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने हाल ही में 30 महत्वपूर्ण खनिजों (Critical Minerals) की एक सूची जारी की है, जो देश की आर्थिक,


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

औद्योगिक और रणनीतिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर भारत सभी 30 महत्वपूर्ण खनिजों में पूरी तरह से संसाधन-समृद्ध नहीं है, लेकिन कई खनिजों के मामले में उच्च संभावनाएँ और सीमित भंडार मौजूद है, कुछ खनिजों में भारत स्वावलंबी है, जबकि कुछ में भारत आयात पर निर्भर है। **अतः कथन 2 गलत है।**

- संसद ने वर्ष 2023 में ''खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957'' "[Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957]" में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया है। इस संशोधन के तहत, केन्द्र सरकार को अब विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी का अधिकार मिल गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Consider the following statement :**

**Statement I/ कथन I :**

**As regards returns from an investment in a company, generally, bondholders are considered to be relatively at lower risk than stockholders.**

**जहाँ तक किसी कम्पनी में निवेश से प्राप्त प्रतिफलों का संबंध है, आमतौर पर यह माना जाता है कि स्टॉक-धारकों की तुलना में बॉन्ड-धारकों को अपेक्षाकृत कम जोखिम रहता है।**

**Statements II / कथन II :**

**Bondholders are lenders to a company whereas stockholders are its owners.**

**बॉन्ड-धारक किसी कम्पनी के ऋणदाता होते है, जबकि स्टॉक-धारक उसके स्वामी होते है।**

**Statements III /कथन III :**

**For repayment purpose, bond- holders are prioritized over stockholders by a company.**

**पुनर्भुगतान के प्रयोजन के लिए, किसी कम्पनी द्वारा बॉन्ड-धारकों को स्टॉक-धारकों की अपेक्षा प्राथमिकता दी जाती है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement II and Statement III are correct and both of them explain Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं तथा वे दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं

(b) Both Statement I and Statement II are correct and Statement I explains Statement II
कथन I और कथन II दोनों सही हैं और कथन I, कथन II की व्याख्या करता है

(c) Only one of the Statement II and III is correct and that explains Statement I
कथन II और कथन III में से केवल एक सही है तथा वह कथन I की व्याख्या करता है

(d) Neither Statement II nor Statement III is Correct
न तो कथन II और न ही कथन III सही है

**Ans. (a) :** जब कोई कंपनी या सरकार पैसा उधार लेती है, तो वह बॉन्ड जारी करता है। इन बॉन्डों को खरीदने वाले लोग बॉन्ड धारक कहलाते हैं। वे कंपनी के ऋणदाता (creditors) होते हैं न कि मालिक। जो व्यक्ति कंपनी के शेयर खरीदता है, वह उसका आंशिक मालिक बनता है।

- बॉन्डधारकों (Bondholders) को निश्चित ब्याज भुगतान (Fixed Interest Payments) और पूंजी वापसी में प्राथमिकता (Priority in Repaymnent) मिलती है, क्योंकि वे शेयरधारकों (Stockholders) की तुलना में कम जोखिम (Lower Risk) का सामना करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- बॉन्डधारक कंपनी को ऋण देने वाले होते हैं और उन्हें निश्चित ब्याज मिलता है, जबकि शेयरधारक कंपनी के मालिक होते हैं, और उन्हें कंपनी के मुनाफे और नुकसान दोनों में हिस्सा मिलता है। **अतः कथन 2 सत्य है।**
- जब भी किसी कंपनी को भुगतान करना होता है या बंद होने की स्थिति आती है, तो बॉन्डधारकों को शेयरधारकों से पहले भुगतान किया जाता है, क्योंकि वे कम्पनी के ऋणदाता होते हैं और उनका पैसा कम्पनी पर एक कानूनी दायित्व होता है। **अतः कथन 3 सत्य है।** इसलिए कथन 2 तथा कथन 3 सही है और दोनों ही कथन 1 की व्याख्या करते हैं।

**38. Consider the following statements :**

**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**(I) India accounts for a very large portion of all equity option contracts traded globally thus exhibiting a great boom./**
**वैश्विक स्तर पर किए गए सभी इक्विटी विकल्प संविदाओं के कारोबार में भारत का अत्यधिक वृहद् अंश होता है, इस प्रकार भारत सहसा अतिवृद्धि को दर्शाता है।**

**(II) India's stock market has grown rapidly in the recent past even overtaking Hong Kong's at some point of time./**
**हाल के विगत समय में भारत का स्टॉक बाजार तेजी से बढ़ा है, यहाँ तक कि उसने एक समय इसमें हांगकांग को भी पीछे छोड़ दिया।**

**(III) There is no regulatory body either to warn the small investors about the risks of options trading or to act on unregistered financial advisors in this regard.**



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**छोटे निवेशकों को या तो विकल्प व्यापार जोखिमों की चेतावनी देने या इस विषय में अपंजीकृत वित्तीय सलाहकारों पर कारवाई करने के लिए कोई नियामक निकाय नहीं है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-कौन से सहीं हैं?**

(a) I and II only
केवल I और II

(b) II and III only
केवल II और III

(c) I and III only
केवल I और III

(d) I, II and III
I, II और III

**Ans. (a) :** भारत में इक्विटी ऑप्शन ट्रेडिंग में जबरदस्त उछाल आया है और अब यह वैश्विक स्तर पर टॉप ट्रेडिंग हब बन चुका है। यह ट्रेड भारत के वित्तीय बाजारों के गहराते विस्तार और रिटेल निवेशकों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। **अतः कथन 1 सत्य है।**

- जनवरी 2024 में भारत ने हांगकांग को पीछे छोड़ते हुये वैश्विक शेयर बाजारों में चौथा स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि यह दर्शाती है कि भारत अब सिर्फ एक उभरता हुआ बाजार नहीं बल्कि एक मजबूत और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी इक्विटी मार्केट बन चुका है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में एक SEBI सशक्त नियामक संस्था है, जो निवेशकों को ऑप्शन ट्रेडिंग जैसे जोखिम भरे साधनों से सतर्क करती है, अनाधिकृत सलाहकारों पर कार्यवाई करती है और यह सुनिश्चित करती है कि पूरे वित्तीय बाजार में अनुशासन और भरोसा बना रहे। **अतः कथन 3 असत्य है।**

**39. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statement I / कथन I :**

**Circular economy reduces the emissions of greenhouse gases.**
**चक्रीय अर्थव्यवस्था ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करती है।**

**Statement II /कथन II :**

**Circular economy reduces the use of raw materials as inputs.**
**चक्रीय अर्थव्यवस्था आगत के रूप में कच्चे माल के प्रयोग को कम करती है।**

**Statement III /कथन III :**

**Circular economy reduces wastage in the production process.**
**चक्रीय अर्थव्यवस्था उत्पादन प्रक्रिया में अपव्यय को कम करती है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement II and Statement III are correct and both of them explain Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं तथा वे दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं

(b) Both Statement II and Statement III are correct but only one of them explains Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं किन्तु उनमें से केवल एक, कथन I, की व्याख्या करता है

(c) Only one of the Statements II and III is correct and that explains Statement I
कथन II और कथन III में से केवल एक सही है तथा वह कथन I की व्याख्या करता है

(d) Neither Statement II nor Statement III is correct
न तो कथन II और न ही कथन III सही है

**Ans. (a) :** सर्कुलर इकोनॉमी एक ऐसा आर्थिक मॉडल है जो उत्पादन और उपभोग के चक्र को दोहराता है, और इस प्रक्रिया में ऊर्जा की बचत, ग्रीनहाउस गैसों में कमी और पर्यावरण की सुरक्षा करता है। यह पारंपरिक 'उपयोग और फेंक दो' मॉडल की तुलना में अधिक स्थायी (Sustainable) और पर्यावरण अनुकूल है। **अतः कथन 1 सत्य है।**

- सर्कुलर इकोनॉमी का मूल उद्देश्य है-उत्पादों और संसाधनों को फेंकने की बजाय अधिकतम समय तक उपयोग में बनाए रखना। यह पुनः उपयोग (reuse), मरम्मत (repair) और पुनर्चक्रण (recycling) के जरिए कचरे और प्रदूषण को खत्म करने की दिशा में एक ठोस कदम है। **अतः कथन 2 सत्य है।**
- सर्कुलर इकोनॉमी कचरे को कम करने के लिए उत्पादों की टिकाऊपन, मरम्मत योग्य होने, और पुनर्चक्रण योग्य होने को प्राथमिकता देती है। रिफर्बिशिंग जैसे तरीकों से पुरानी वस्तुओं को फेंकने की बजाय दोबारा उपयोग में लाना, सामग्री की हानि को रोकता है और पर्यावरण की रक्षा करता है। **अतः कथन 3 सत्य है।**

इसलिए कथन 2 तथा कथन 3, कथन 1 की व्याख्या करते हैं।

**40. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**(I) Capital receipts create a liability or cause a reduction in the assets of the Government.**
**पूँजीगत प्राप्तियाँ देयता का सृजन करती हैं या सरकार की परिसंपत्तियों में कमी लाती है।**



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

(II) Borrowing and disinvestment are capital receipts.
उधार-ग्रहण और विनिवेश पूँजीगत प्राप्तियाँ हैं ।

(III) Interest received on loans creates a liability of the Government.
ऋणों पर प्राप्त ब्याज सरकार की देयता का सृजन करता है।

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-कौन से सहीं है?**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II and III only/ केवल II और III
(c) I and III only/केवल I और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (a) :**

- **पूंजीगत प्राप्तियाँ –** वे आय हैं जो सरकार की देयता बढाती है या उसकी सम्पत्ति को कम करती है और ये आय से भिन्न होती है क्योंकि ये नियमित व्ययों को पूरा करने के लिये नही बल्कि पूंजीगत व्यय या कर्ज चुकाने के लिए होती है।

**अतः कथन I सत्य है।**

- **उधार ग्रहण और विनिवेश –** उधार लेना सरकार या संस्था की देयता बढाता है, जबकि इसमें किया गया निवेश उसकी सम्पत्ति को प्रभावित करता है। दोनो ही पूँजीगत प्राप्तियों की श्रेणी में आते हैं क्योंकि ये वित्तीय स्थिति में स्थायी बदलाव लाते है।

**अतः कथन II सत्य है।**

- **ऋणों पर प्राप्त ब्याज–** राजस्व प्राप्तियाँ है जो सरकार को नियमित रूप से मिलती है और जो उसकी सम्पत्ति या देयता को प्रभावित किये बिना व्ययों को प्राप्त करती है।

**अतः कथन III गलत है।**

**41. Consider the following countries :**
**निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए:**

**(I) Austria/ ऑस्ट्रिया**
**(II) Bulgaria/ बुल्गारिया**
**(III) Croatia/ क्रोएशिया**
**(IV) Serbia/ सर्बिया**
**(V) Sweden/ स्वीडेन**
**(VI) North Macedonia/ उत्तरी मेसिडोनिया**

**How many of the above are members of the North Atlantic Treaty Organization?**
**उपर्युक्त में से कितने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन के सदस्य देश है?**

(a) Only three/केवल तीन
(b) Only four /केवल चार
(c) Only five /केवल पाँच
(d) All the six/सभी छः

**Ans. (b) : North Atlantic Treaty Organization:-** नाटो एक सैन्य गठबंधन है, जिसकी स्थापना 1949 में ''नॉर्थ अटलांटिक संधि'' के तहत की गयी थी। इसका मूल उद्देश्य था– पश्चिमी यूरोप और उत्तरी अमेरिका के देशों को एक साथ मिलाकर सोवियत संघ के सैन्य खतरे का मुकाबला करना।

**नाटो सदस्य -** इसके 12 संस्थापक सदस्य देश थे। इन देशों ने मिलकर नॉर्थ अटलांटिक संधि पर हस्ताक्षर किये थे। नाटो के 12 संस्थापक सदस्य देश – बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फ्रांस, आइसलैंड, इटली, लक्समबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, युनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका

- नाटो की सदस्य संख्या 12 से बढ़कर 32 देशों तक पहुंच गई हैं। यह विस्तार दर्शाता है कि समय के साथ अनेक देशों ने सामूहिक सुरक्षा और साझा रक्षा नीति के तहत नाटो का हिस्सा बनने का निर्णय लिया।
- बुल्गारिया, क्रोएशिया, स्वीडन और नॉर्थ मेसेडोनिया नाटो के सदस्य हैं।
- ऑस्ट्रिया और सर्बिया नाटो के सदस्य नहीं हैं क्योंकि इन देशों ने सैन्य तटस्थता को अपनी विदेश और रक्षा नीति का हिस्सा बना रखा हैं।
- 2024 में स्वीडन ने 32वें सदस्य के रूप में नाटो में शामिल हुआ।

इसलिए, उपर्युक्त चार देश नाटो के सदस्य हैं।

**42. Consider the following countries:**
**निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए:**

**(I) Bolivia/ बोलीविया**
**(II) Brazil /ब्राजील**
**(III) Colombia/कोलंबिया**
**(IV) Ecuador /इक्वाडोर**
**(V) Paraguay /पराग्वे**
**(VI) Venezuela/वेनेजुएला**

**Andes mountains pass through how many of the above countries?**
**एन्डीज पर्वत-श्रृंखला उपर्युक्त देशों में कितनों में से होकर गुजरती है?**

(a) Only two /केवल दो
(b) Only three /केवल तीन
(c) Only four /केवल चार
(d) Only five /केवल पाँच

**Ans. (c) :** एंडीज पर्वतमाला (Andes mountains) दुनिया की सबसे लंबी महाद्वीपीय पर्वतमाला है। एंडीज पर्वत लगभग 7000 किलोमीटर (लगभग 14, 350 मील) तक फैले हुए हैं। यह पर्वतमाला दक्षिण अमेरिका की पश्चिमी सीमा के साथ-साथ उत्तर से दक्षिण की ओर फैली हुई हैं।



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

- इनकी पर्वत श्रृंखलाओं की औसत ऊंचाई 3000-4000 मीटर हैं।
- एंडीज पर्वत दक्षिण अमेरिका के दक्षिणी सिरे (टिप) से शुरू होकर महाद्वीप के उत्तरी किनारे (कैरेबियन सागर के पास) तक फैले हुए है। यह पर्वतमाला दक्षिण अमेरिका के सात देशों के कुछ हिस्सों को ढकती हैं।
- यह पर्वत श्रृंखला पूरी दुनिया के कुछ उच्चतम चोटियों, सक्रिय ज्वालामुखियों और प्राचीन अवशेषों तथा अद्वितीय पारितंत्र के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता हैं।
- एंडीज पर्वत श्रृंखलाएँ की उच्चतम चोटी माउंट अकोंकागुआ है, जो अर्जेंटीना में स्थित हैं।

**43. Consider the following water bodies:**
**निम्नलिखित जलाशयों पर विचार कीजिए:**

**I. Lake Tanganyika/तांगान्यीका झील**

**II. Lake Tonle Sap /टोनले सैप झील**

**III. Patos lagoon /पाटोस लैगून**

**Through how many of them does the equator pass?**
**भूमध्यरेखा इनमें कितनों में से होकर गुजरती है?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /कोई भी नही

**Ans. (d)** • लेक तांगान्यीका (Lake tanganyika) अफ्रीका महाद्वीप में स्थित एक बहुत ही लंबा तथा गहरा झील है।
यह चार देशों की सीमा से सटा हुआ हैं:–
1. तंजानिया (Tanzania)
2. कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC)
3. बुरूंडी (Burundi)
4. जाम्बिया (Zambia)

भूमध्य रेखा अफ्रीका के मध्य से होकर गुजरती है, और यह झील भूमध्य रेखा के दक्षिण में स्थित हैं।

- लेक टोनले साप (Tonle sap Lake) दक्षिण-पूर्वी एशिया के देश कंबोडिया (Combodia) में स्थित है। यह दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है और इसका काफी सामाजिक, आर्थिक और पारिस्थितिक महत्व है। अतः इस झील से भूमध्य रेखा पार नहीं करती हैं।
- पाटोस लैगून (Patos lagoon) दक्षिण अमेरिका के देश ब्राजील में स्थित है।यह दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी लैगून (Lagoon) है। यह लैगून भूमध्य रेखा के दक्षिण में स्थित है। अतः भूमध्य रेखा यहाँ से होकर नहीं गुजरती हैं।

**44. Consider the following statements about turmeric during the year 2022-23 :**
**वर्ष 2022-23 के दौरान हल्दी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. India is the largest producer and exporter of turmeric in the world.**
**भारत विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है।**

**II. More than 30 verities of turmeric are grown in India.**
**भारत में हल्दी की 30 से अधिक किस्में उगाई जाती है।**

**III. Maharashtra, Telangana, Karnataka and Tamil Nadu are major turmeric producing States in India.**
**भारत में महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु प्रमुख हल्दी-उत्पादक राज्य हैं।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-कौन से सही ?**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II and III only /केवल II और III
(c) I and III only /केवल I और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (d) :** भारत न केवल हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक है, बल्कि यह विश्व में सबसे बड़ा निर्यातक भी है। इसके पीछे कारण हैं– विविध जलवायु, उपजाऊ भूमि, पारंपरिक कृषि ज्ञान, और अंर्तराष्ट्रीय मांग। भारत की हल्दी की गुणवत्ता, विशेष रुप से उच्च कर्क्यूमिन (Curcumin) सामग्री, इसे वैश्विक बाजार में विशिष्ट बनाती हैं।

**कथन I सत्य है:–**
वर्ष 2022-23 के दौरान भारत में लगभग 11.61 लाख टन हल्दी का उत्पादन हुआ। हल्दी की खेती 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में की गई, प्रमुख उत्पादक राज्य रहें महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु। प्रमुख किस्में हैं-
सांगली हल्दी (महाराष्ट्र), एरोड हल्दी (तमिलनाडु), कंधमाल हल्दी (ओडिशा) और लाकाडोंग हल्दी (मेघालय) साथ ही भारत ने 1.534 लाख टन हल्दी का निर्यात किया।

**कथन II सत्य है-**
वर्ष 2022-23 में 30 से अधिक किस्मों की खेती की गयी भारत में। इनमें से कई किस्मों को भौगोलिक संकेत (GI) टैग भी प्राप्त हुआ है।
प्रमुख हल्दी की किस्में-सांगली हल्दी (महाराष्ट्र), लाकाडोंग हल्दी (मेघालय), कंधमाल हल्दी (ओड़िशा), वसमत हल्दी (महाराष्ट्र), एरोड हल्दी (तमिलनाडु), SK-4 (महाराष्ट्र) आदि है।

**कथन III सत्य है-** देश के कई राज्यों में हल्दी की खेती होती है, लेकिन महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडू इस क्षेत्र में अग्रणी हैं।


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**45. Which of the following are the evidences of the phenomenon of continental drift?**
**निम्नलिखित में से कौन-से महाद्वीपीय विस्थापन की घटना के साक्ष्य है?**

**I. The belt of Ancient rocks from Brazil coast matches with those from Western Africa.**
**ब्राजील तट की प्राचीन शैलों की मेखला, पश्चिमी अफ्रीका तट की प्राचीन शैलों की मेखला से मिलती है।**

**II. The gold deposits of Ghana are derived from the Brazil plateau when the two continents lay side by side.**
**घाना के स्वर्ण-निक्षेप ब्राजील पठार से व्युत्पन्न होते है, जब ये दोनों महाद्वीप अगल-बगल अवस्थित होते हैं।**

**III. The Gondwana system of sediments from India is known to have its counterparts in six different landmasses of the southern Hemisphere**
**यह ज्ञात है कि भारत में गोंडवाना अवसाद तंत्र के प्रतिरुप दक्षिणी गोलार्द्ध के छः विभिन्न भूखंडो में मिलते हैं।**

**Select the correct answer using the code given below.**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) I and III only /केवल I और III
(b) I and II Only /केवल I और II
(c) I, II and III /I, II और III
(d) II and III only /केवल II और III

**Ans. (c) :** महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धान्त जर्मन वैज्ञानिक अल्फ्रेड वेगनर ने 1912 में प्रस्तुत किया था। इनके अनुसार, आज के महाद्वीप पहले एक एकल महाद्वीप ''पैंजिया'' (Pangea) का हिस्सा थे। समय के साथ ये महाद्वीप धीरे-धीरे खिसक कर आज की स्थिति में आ गये।

- ब्राजील (दक्षिण अमेरिका) के पूर्वी तट और पश्चिमी अफ्रीका (घाना, लाइबेरिया, नाइजीरिया) के तटों पर प्राचीन चट्टानों की संरचना, आयु और खनिज संरचना एक जैसी पाई गई हैं।
  **अतः कथन I सत्य है।**
- आज का घाना (Ghana) पश्चिम अफ्रीका में स्थित है और ब्राजील (Brazil) दक्षिण अमेरिका में यदि महाद्वीपों को ''जोड़े'' (जैसे जिगसॉ पजल) तो यह स्पष्ट रुप से दिखता है कि घाना और ब्राजील एक दूसरे के बेहद करीब थे। घाना के स्वर्ण भंडार भूगर्भीय दृष्टि से ब्राजील के पठारों से संबंधित हैं।
  **अतः कथन II सही है**
- गोंडवाना में आज के दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका, भारत, ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका और मेडागास्कर शामिल थे। अतः भारत की गोंडवाना श्रृंखला की तलछटी चट्टानें दक्षिण गोलार्द्ध के छः अन्य महाद्वीपीय क्षेत्रों में भी पाई जाती हैं।
  **अतः कथन III सही हैं।**

**46. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित' कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statement I /कथन I:**
**The amount of dust particles in the atmosphere is more in subtropical and temperate areas than in equatorial and polar regions.**
**वायुमंडल में विद्यमान धूल कणों की मात्रा, विषुवतीय और ध्रुवीय क्षेत्रों की अपेक्षा, उपोष्ण और शीतोष्ण क्षेत्रों में अधिक है।**

**Statement II /कथन II:**
**Subtropical and temperate areas have less dry winds.**
**उपोष्ण और शीतोष्ण क्षेत्रों में कम शुष्क पवन चलती है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित' में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement I and Statement II are correct and Statement II explains Statement I
कथन I और कथन II दोनों सही हैं तथा कथन II कथन I की व्याख्या करता है।
(b) Both Statement I and Statement II are correct but Statement II does not explain Statement I
कथन I और कथन II दोनों सही हैं किन्तु कथन II कथन I की व्याख्या नही करता है।
(c) Statement I is correct but Statement II is not correct
कथन I सही है किन्तु कथन II सही नही है।
(d) Statement I is not correct but Statement II is correct
कथन I सही नही है किन्तु कथन II सही है।

**Ans. (c) : कथन I सत्य है: –** उपोष्ण और शीतोष्ण क्षेत्रों में धूल कण अधिक होते हैं, क्योंकि इन क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में रेगिस्तान (जैसेः सहारा, थार, गोबी) और सूखी जमीन पाई जाती हैं। इन क्षेत्रों में पवन प्रणालियाँ जोरदार होती हैं, जो धूल कणों को उठाकर वातावरण में फैला देती हैं।
जबकि विषुवतीय और ध्रुवीय क्षेत्रों में वर्षा बहुत अधिक होती है, जिससे हवा में मौजूद धूल के कण बार-बार जमीन पर गिर जाते हैं, तथा ध्रुवीय क्षेत्र बर्फ से ढके होते हैं, जहाँ मिट्टी और धूल की सतह ही नहीं होती हैं।


Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**कथन II सत्य नही है: –** उपोष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण क्षेत्रों में शुष्क हवाएँ कम नहीं बल्कि अधिक पायी जाती है, और यही कारण है कि इन क्षेत्रों में धूल कणों की मात्रा भी अधिक पाई जाती हैं।

**47. Consider the following statements**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statement I /कथन I:**

**In January, in the Northern Hemisphere, the isotherms bend equatorward while crossing the landmasses, and poleward while crossing the oceans**
**जनवरी में, उत्तरी गोलार्द्ध में, समताप रेखाएँ भूखण्डों से गुजरती हुई विषुवत वृत की ओर मुड़ती हैं, जबकि महासागरों सें गुजरती हुई ध्रुवों की ओर मुड़ती है।**

**Statement II /कथन II:**

**In January, the air over the oceans is warmer than that over the landmasses in the Northern Hemisphere.**
**जनवरी में, महासागरों के ऊपर ही हवा, उत्तरी गोलार्द्ध के भूखण्डों के ऊपर की हवा से अधिक गर्म होती है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement I and Statement II are correct and Statement II explains Statement I
कथन I और कथन II दोनों सही है तथा कथन II कथन I की व्याख्या करता है।
(b) Both Statement I and Statement II are correct but Statement II does not explain Statement I
कथन I और कथन II दोनों सही है किन्तु कथन II कथन I की व्याख्या नही करता है।
(c) Statement I is correct but Statement II is not correct
कथन I सही है किन्तु कथन II सही नही है।
(d) Statement I is not correct but Statement II is correct
कथन I सही नही है किन्तु कथन II सही है।

**Ans. (a)** समताप रेखा वह काल्पनिक रेखा होती है जो मानचित्र पर उन स्थानों को जोड़ता है, जहाँ का तापमान समान होता हैं।

- जनवरी में उत्तरी गोलार्द्ध में सर्दी होती है। स्थल खंड जैसे (एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका) तेजी से ठंडे हो जाते हैं, क्योंकि जमीन की तापीय क्षमता कम होती है। इसलिए जब समताप रेखाएँ इन ठंडे स्थल क्षेत्रों से गुजरती हैं तो वे विषुवत रेखा की ओर (Equatorward) झुक जाती हैं, ताकि वे ठंडे क्षेत्रों को समाहित कर सकें।
- समुद्र की तापीय क्षमता अधिक होती है, इसलिए जब समताप रेखाएँ समुद्रों को पार करती हैं, तो वे ध्रुवों की ओर (Poleward) झुक जाती हैं।

**अतः कथन I सत्य हैं।**

- पानी की तापीय क्षमता अधिक होती है, यानी वह गर्म और ठंडा होने में अधिक समय लेता हैं।

जनवरी के महीने में उत्तरी गोलार्द्ध में सर्दियाँ होती हैं। इस दौरान महासागरों के ऊपर की वायु स्थल की तुलना में अधिक गर्म होती हैं। इसका प्रमुख कारण भूमि और जल की तापन और शीतन की प्रकृति में अंतर है।

**अतः कथन II सही है और कथन I की व्याख्या करता हैं।**

**48. Consider the following statement :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statement I /कथन I:**

**In the context of effect of water on rocks, chalk is known as a very permeable rock whereas clay is known as quite an impermeable or least permeable rock.**
**शैलों पर जल के प्रभाव के संदर्भ में, चॉक एक अत्यंत पारगम्य शैल के रुप में ज्ञात है, जबकि मृत्तिका एक नितांत अपारगम्य या न्यूनतम पारगम्य शैल के रुप में ज्ञात है।**

**Statement II /कथन II:**

**Chalk is porous and hence can absorb water.**
**चॉक सरंध्र होता है, अतः जल अवशोषित कर सकता है।**

**Statement III /कथन III:**

**Clay is not all porous.**
**मृत्तिका बिल्कुल ही सरंध्र नहीं है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement II and Statement III are correct and both of them explain Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं तथा वे दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं
(b) Both Statement II and Statement III are correct but only one of them explains Statement I
कथन II और कथन III दोनों सही हैं किन्तु उनमें से केवल एक, कथन I की व्याख्या करता है।
(c) Only one of the Statements II and III is correct and that explains Statement I
कथन II और कथन III में से केवल एक सही है तथा वह कथन I की व्याख्या करता है


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

(d) Neither Statement II nor Statement III is correct
न तो कथन II और न ही कथन III सही है

**Ans. (c) :** पारगम्यता किसी चट्टान या मिट्टी की वह क्षमता है, जिसके द्वारा पानी उसके भीतर से होकर गुजर सकता है।

- चॉक एक प्रकार की छिद्रयुक्त (porous) और हल्की तलछटी चट्टान है। इसमें बहुत सारे छोटे-छोटे छिद्र (pores) होते हैं, जो आपस में जुड़ जाते हैं। ये छिद्र पानी को आसानी से अपने अंदर सोखते हैं और गुजरने देते हैं। इसलिये चॉक बहुत पारगम्य चट्टान (very permeable rock) बन जाती हैं।

जबकि मिट्टी में कण बहुत छोटे और घने होते हैं। ये कण इतने निकट होते है कि इनके बीच कोई खाली जगह नहीं के बराबर होते हैं। इसलिए पानी मिट्टी के भीतर बहुत धीरे-धीरे प्रवेश करता है या बिल्कुल नहीं कर पाता और यह अपारगम्य या बहुत कम पारगम्य मानी जाती है। **अतः कथन 1 सत्य है।**

- चॉक छिद्रयुक्त (porous) है जो आसानी से पानी अपने अंदर सोखते हैं। **अतः कथन 2 सत्य है।**
- मिट्टी में छिद्र बहुत कम होते हैं, ऐसा नहीं है कि ये बिल्कुल छिद्रहीन होते है। **अतः कथन 3 गलत है।**

इसलिये कथन 2 और 3 में से कोई एक सही है जो कथन 1 की व्याख्या करते हैं।

**49. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. Without the atmosphere, temperature would be well below freezing point everywhere on the Earth's surface.**
**वायुमंडल के बिना भूपृष्ट पर सर्वत्र तापमान हिमांक के बहुत नीचे होता है।**

**II. Heat absorbed and trapped by the atmosphere maintains our planet's average temperature.**
**वायुमंडल के द्वारा अवशोषित और पाशित (ट्रैप्ड) ऊष्मा हमारे ग्रह के औसत तापमान को बनाए रखती है।**

**III. Atmosphere's gases, like carbon dioxide, are particularly good at absorbing and trapping radiation**
**वायुमंडल की कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसें विकिरण को अवशोषित और पाशित करने के लिए विशेष रुप से उत्तम हैं।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-कौन से सही हैं?**

(a) I and III only /केवल I और III
(b) I and II only /केवल I और II
(c) I, II and III /I, II और III
(d) II and III only /केवल II और III

**Ans. (c) :**

- **कथन 1 सत्य है:-** वायुमण्डल (Atmosphere) पृथ्वी को गर्म रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि वायुमण्डल न हो, तो सूर्य की ऊष्मा दिन में थोड़ी देर के लिए सतह को गर्म तो कर सकती है, लेकिन जैसे ही सूर्य अस्त होगा, वह गर्मी वापस अंतरिक्ष में चली जाएगी और तापमान तेजी से गिरकर शून्य डिग्री सेल्सियस (0°C) से नीचे चला जाएगा।
- **कथन 2 सत्य है:-** पृथ्वी का वायुमण्डल (Atmosphere) सूर्य से आने वाली ऊष्मा को अवशोषित (Absorb) करता है और उसका एक भाग अपने भीतर रोक (Trap) लेता है। यही प्रक्रिया पृथ्वी को न तो बहुत गर्म होने देती है, न ही बहुत ठंडा।
- **कथन 3 सत्य है:-** वायुमण्डल की कुछ गैसों को 'हरितगृह गैसें (Greenhouse Gases)' कहा जाता है जैसे कि कार्बन डाईऑक्साइड क्योंकि ये पृथ्वी से निकलने वाली ऊष्मा विकिरण (Heat radiation) को अवशोषित करती हैं और उसे पृथ्वी की ओर रोक कर भेजती है। अतः उपरोक्त तीनों कथन सत्य है।

**50. Consider the following statements about the Rashtriya Gokul Mission:**
**राष्ट्रीय गोकुल मिशन के बारे में, निम्नलिखित' कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. It is important for the upliftment of rural poor as majority of low producing indigenous animals are with small and marginal farmers and landless labourers.**
**यह ग्रामीण निर्धनों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अधिकांश न्यून उत्पादकता वाले देशज पशु छोटे और सीमान्त कृषकों तथा भूमिहीन श्रमिकों के पास होते हैं।**

**II. It was initiated to promote indigenous cattle and buffalo rearing and conservation in a scientific and holistic manner.**
**इसे वैज्ञानिक रुप में और साकल्यवादी रुप में देशज गोपशु और भैंस के पालन और संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए आरंभ किया गया था।**

**Which of the statement given above is /are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only /केवल I
(b) II only /केवल II
(c) Both I and II /I और II दोनों
(d) Neither I nor II /न तो I और न ही II


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**Ans. (c) :** राष्ट्रीय गोकुल मिशन भारत सरकार द्वारा वर्ष 2014 में शुरू की गई योजना है, जिसका उद्देश्य भारत की देशी गायों और भैंसों की नस्लों का संरक्षण संवर्धन और सुधार करना है। यह मिशन ''राष्ट्रीय पशुधन मिशन'' का एक भाग है और कृषि एवं किसान मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

- राष्ट्रीय गोकुल मिशन ग्रामीण गरीबों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि–
  - → उनके पास जो देशी पशु हैं, उनकी उत्पादकता को बढ़ाया जाता है।
  - → इससे उन्हें ज्यादा दूध ज्यादा आमदनी और बेहतर जीवन मिलता है।
  - → यह मिशन ग्राम स्तर पर आजीविका और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देता है। **अतः कथन 1 सत्य है।**
- राष्ट्रीय गोकुल मिशन एक ऐसी योजना है जो देशी गायों और भैंसों को वैज्ञानिक, आधुनिक और संपूर्ण तरीके से संवारने का प्रयास करती है। इसका उद्देश्य सिर्फ पशुधन सुधार नहीं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना भी है। **अतः कथन 2 सही है।**

**51. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. Panchayats at the intermediate level exist in all States.**
**मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतें सभी राज्यों में विद्यमान हैं।**

**II. To be eligible to be a Member of a Panchayat at the intermediate level, a person should attain the age of thirty years.**
**मध्यवर्ती स्तर पर किसी पंचायत में सदस्य होने हेतु पात्र होने के लिए किसी व्यक्ति को तीस वर्ष की आयु प्राप्त होनी चाहिए।**

**III. The Chief Minister of a State constitutes a commission to review the financial position of Panchayats at the intermediate levels and to make recommendations regarding the distribution of net proceeds of taxes and duties, leviable by the State, between the State and Panchayats at the intermediate level**
**किसी राज्य का मुख्यमंत्री मध्यवर्ती स्तरों पर पंचायतों की वित्तीय दशा के पुनरीक्षण के लिए और राज्य द्वारा उद्ग्रहीत करों और शुल्कों के निवल आगम को मध्यवर्ती स्तर पर राज्य और पंचायतों के बीच वितरित करने हेतु सिफारिशें करने के लिए एक आयोग का गठन करता है।**

**Which of the statement given above are not correct?**
**उपर्युक्त में कौन-कौन से कथन सही नहीं हैं?**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II and III only/ केवल II और III
(c) I and III only /केवल I और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (d) :**

- भारतीय संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम (1992) के तहत, पंचायती राज व्यवस्था को तीन स्तरों पर लागू किया गया:-
- ग्राम स्तर - ग्राम पंचायत
- मध्यम स्तर (Intermediate Level) - जनपद/पंचायत समिति/तालुका पंचायत
- जिला स्तर (District Level) - जिला पंचायत/जिला परिषद
  जिन राज्यों की जनसंख्या 20 लाख से कम है, वहां मध्यम स्तर की पंचायत अनिवार्य नहीं है।
  उदाहरण के लिए - सिक्किम, गोवा, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, लक्षद्वीप, दादर एवं नगर हवेली आदि।
  इन राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में केवल दो स्तर की पंचायते होती है- ग्राम और जिला स्तर।
  **अतः कथन 1 सत्य नहीं है।**
- भारत में पंचायत सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है, चाहे वह ग्राम स्तर, मध्यम स्तर या जिला स्तर की पंचायत क्यों न हो। **अतः कथन 2 सत्य नहीं है।**
- राज्य वित्त आयोग (State Finance Commission) का गठन मुख्यमंत्री द्वारा नहीं बल्कि राज्य सरकार द्वारा किया जाता है और यह कार्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-1 के अंतर्गत आता है। **अतः कथन 3 सत्य नहीं है।**

उपरोक्त कोई भी कथन सही नहीं है।

**52. Consider the following statements in respect of BIMSTEC:**
**BIMSTEC के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. It is a regional organization consisting of seven member States till January 2025.**
**यह जनवरी 2025 तक सात सदस्य देशों से मिलकर बना एक क्षेत्रीय संगठन है।**

**II. It came into existence with the signing of the Dhaka Declaration, 1999.**
**यह ढाका घोषणा, 1999 पर हस्ताक्षर होने के साथ अस्तित्व मे आया।**

**III. Bangladesh, India, Sri Lanka, Thailand and Nepal are founding member States of BIMSTEC.**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका, थाइलैंड और नेपाल BIMSTEC के संस्थापक सदस्य देश हैं।**

**IV. In BIMSTEC, the subsector of 'tourism' is being led by India.**
**BIMSTEC में, 'पर्यटन' उप-क्षेत्र का नेतृत्व भारत कर रहा है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /कौन-से सही है/हैं?**

(a) I and II /I और II
(b) II and III /II और III
(c) I and IV /I और IV
(d) I only /केवल I

**Ans. (d) BIMSTEC का पूरा नाम है-**
बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल (Bay of Bengal initiative for Multi-Sectoral Technical and Economic co-operation)

- BIMSTEC एक क्षेत्रीय संगठन है जिसकी स्थापना 6 जून 1997 को की गई थी। जनवरी 2025 तक BIMSTEC के 7 सदस्य देश हैं- बांग्लादेश, भारत, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान

**अतः कथन I सही है।**

- BIMSTEC की शुरूआत 6 जून 1997 को बैंकॉक घोषणा (Bangkok Declaration) से हुई थी न कि ढाका घोषणा, 1999 के द्वारा।

**अतः कथन II सही नहीं है।**

- BIMSTEC के संस्थापक देश है- बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका और थाईलैंड। म्यांमार 1997 में इसमें जुड़ा। नेपाल तथा भूटान BIMSTEC में वर्ष 2004 में जुड़ा।

**अतः कथन III सहीं नहीं है।**

- वर्तमान में, बिम्सटेक में पर्यटन उपक्षेत्र का नेतृत्व नेपाल द्वारा किया जा रहा है। जबकि भारत सुरक्षा स्तंभ (Pillar) का नेतृत्व कर रहा है जिसके अंतर्गत तीन उप क्षेत्र हैं– आतंकवाद तथा अंतर्राष्ट्रीय अपराध निरोध, आपदा प्रबंधन और ऊर्जा सुरक्षा।

**अतः कथन IV सही नहीं है।**

**53. Who amongst the following are members of the Jury to select the recipient of 'Gandhi peace Prize?**
**निम्नलिखित में से किनसे मिलकर 'गाँधी शांति पुरस्कार' के प्राप्तकर्ता का चयन करने के लिए जूरी बनती है?**

**I. The President of the India/भारत का राष्ट्रपति**
**II. The Prime Minister of India /भारत का प्रधानमंत्री**
**III. The Chief Justice of India /भारत का मुख्य न्यायमूर्ति**
**IV. The Leader of Opposition in the Lok Sabha/लोक सभा में प्रतिपक्ष का नेता**

**Select the correct answer using the code given below.**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) II and IV only /केवल II और IV
(b) I, II and III / I, II और III
(c) II, III and IV /I, III और IV
(d) I and III only /केवल I और III

**Ans. (c) :** गांधी शांति पुरस्कार भारत सरकार द्वारा स्थापित एक सम्मान है, जो महात्मा गांधी की विचारधारा और उनके शांति, अहिंसा और सामाजिक विकास के सिद्धान्तों को आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों को दिया जाता है।
यह पुरस्कार 1995 में भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। इसे महात्मा गांधी के 125वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शुरू किया गया। गांधी शांति पुरस्कार का विजेता चुनने के लिए एक विशेष जूरी (Jury) का गठन किया जाता है।
जूरी के सदस्यों में आमतौर पर -

- भारत के प्रधानमंत्री-जूरी के अध्यक्ष होते हैं।
- लोकसभा के अध्यक्ष (Speaker of Lok Sabha)
- सर्वोच्च न्यायालय का एक वरिष्ठ न्यायाधीश (Senior Judge of the Supreme Court)
- लोकपाल या लोकायुक्त (Ombudsman)
- प्रसिद्ध बुद्धिजीवी, विद्वान या सामाजिक कार्यकर्ता जो शांति और अहिंसा के क्षेत्र में कार्यरत हों।
- भारत के राष्ट्रपति इसके जूरी मेम्बर (Jury member) नहीं होते हैं।
- भारत के मुख्य न्यायाधीश जूरी में शामिल हैं।
- लोकसभा के विपक्ष नेता भी जूरी सदस्य में शामिल हैं।

**54. GPS-Aided Geo Augmented Navigation (GAGAN) uses a system of ground stations to provide necessary augmentation. Which of the following statements is/are correct in respect of GAGAN?**
**GPS-एडेड जिओ ऑगमेंटेड नेविगेशन (GAGAN) आवश्यक आवर्धन प्रदान करने हेतु भू-स्थित स्टेशनों की प्रणाली का उपयोग करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन GAGAN के बारे में सही है/हैं?**

**I. It is designed to provide additional accuracy and integrity./इसे अतिरिक्त सटीकता और विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए अभिकल्पित किया गया है**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

II. It will allow more uniform and high quality air traffic management./**इससे और अधिक एकरूप और उच्च गुणवत्ता का वायु यातायात प्रबंधन प्राप्त होगा।**

III. It will provide benefits only in aviation but not in other modes of transportation.

Select the correct answer using the code given below. /**इसके लाभ केवल विमानन में ही मिलेंगे, किन्तु परिवहन के अन्य प्रकारों में नहीं।**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) I, II and III /I, II और III

(b) II and III only /केवल II और III

(c) I only /केवल I

(d) I and II only /केवल I और II

**Ans. (d) :**

● **कथन 1 सत्य है।**

GAGAN एक ऐसा भारतीय तकनीकी सिस्टम है जो GPS सिग्नलों को और अधिक सटीक, भरोसेमंद और सुरक्षित बनाता है। यह आयनोस्फेरिक गड़बड़ियाँ, उपग्रह की कक्षा की अशुद्धियाँ और समय संबंधी समस्याओं को सुधार कर GPS की सटीकता और गुणवत्ता बढ़ाता है।

● **कथन 2 सत्य है।**

GAGAN वायु यातायात प्रबंधन को अधिक समान, कुशल और पर्यावरण-अनुकूल बनाता है। यह सीधे मार्ग, कम समय, ईंधन की बचत और बेहतर सुरक्षा के जरिए उड़ानों को तेज और स्मार्ट बनाता है।

● **कथन 3 असत्य है।**

GAGAN केवल विमानन (Aviation) क्षेत्र में ही लाभ देता है, यह कहना गलत है।

GAGAN का लाभ विमानन के साथ-साथ सड़क, रेल, समुद्री और अन्य क्षेत्रों में भी होता है। यह एक बहु-उपयोगी उपग्रह आधारित नेविगेशन प्रणाली है जो विमानन क्षेत्रों में सटीकता, सुरक्षा और दक्षता बढ़ाती है।

**55. Consider the following statements regarding AI Action Summit held in Grand Palais paris in February 2025:**

**ग्रैंड पैले (Grand Palais), पेरिस में फरवरी 2025 में आयोजित AI ऐक्शन समिट (शिखर सम्मेलन) के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

I. Co-chaired with India, the event builds on the advances made at the Bletchley Park Summit held in 2023 and the Seoul Summit held in 2024./**भारत की सह-अध्यक्षता में इस शिखर सम्मेलन में 2023 में संपन्न ब्लेचली पार्क शिखर सम्मेलन और 2024 में संपन्न सियोल शिखर सम्मेलन में की गई पहलों को आगे विकसित किया गया।**

II. Along with other countries, US and UK also signed the declaration on inclusive and sustainable AI. **अन्य देशों के साथ-साथ US और UK ने भी समावेशी और सतत AI विषयक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए।**

Which of the statements given above is/are correct?

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only/केवल I

(b) II only/केवल II

(c) Both I and II / I और II दोनों

(d) Neither I nor II /न तो I और न ही II

**Ans. (a) :** AI Action Summit एक महत्वपूर्ण वैश्विक सम्मेलन है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) के क्षेत्र में नई प्रगति और बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जाती है।

- यह सम्मेलन फरवरी 2025 में ग्रैंड पैले (Grand Palais) पेरिस में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का सह-अध्यक्ष भारत था, यानि भारत ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सम्मेलन ने (Bletchley Park Summit 2023) और साथ ही Seoul Summit 2024 में लिए गए निर्णयों और पहलों को मजबूत किया। **अतः कथन 1 सत्य है।**
- USA और UK ने पेरिस सम्मेलन में घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया जबकि 60 दूसरे देशों जैसे-फ्रांस, चीन, भारत, जापान, आस्ट्रेलिया और कनाडा ने हस्ताक्षर किया।

**अतः कथन 2 असत्य है।**

**56. Consider the following pairs:**

**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :**

I. International Year of the Woman Farmer : 2026
**अंतर्राष्ट्रीय महिला कृषक वर्ष : 2026**

II. International Year of Sustainable and Resilient Tourism: 2027
**अंतर्राष्ट्रीय सतत और समुत्थानशील (रेजिलियेंट) पर्यटन वर्ष : 2027**

III. International Year of Peace and Trust: 2025
**अंतर्राष्ट्रीय शांति और विश्वास वर्ष : 2025**

IV. International Year of Asteroid Awareness and Planetary Defense: 2029
**अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह जागरूकता और ग्रहीय रक्षा (प्लैनेटरी डिफेन्स) वर्ष : 2029**

How many of the pairs given above are correctly matched?

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

(a) Only one/ केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) Only three/केवल तीन
(d) All the four/सभी चार

**Ans. (d) :**
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2026 को "महिला किसान अंतरराष्ट्रीय वर्ष" घोषित करना एक महत्वपूर्ण वैश्विक कदम है जो भोजन सुरक्षा, गरीबी हटाने और पोषण में महिला किसानों की भूमिका को मान्यता देता है और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में दुनिया को एकजुट करता है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2027 को "सतत और लचीले पर्यटन का अंतरराष्ट्रीय वर्ष" घोषित करना एक वैश्विक आह्वान है-जिससे पर्यटन न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध हो, बल्कि पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार और सामाजिक रूप से समावेशी भी हो।
  2025 को "शांति और विश्वास का अंतरराष्ट्रीय वर्ष' घोषित करना एक ऐसा कदम है जो विश्व समुदायों को आपसी मतभेद दूर कर, बातचीत और विश्वास के माध्यम से एक शांतिपूर्ण भविष्य की ओर ले जाने का आह्वान करता है।
- संयुक्त राष्ट्र का 2029 को "क्षुद्रग्रह जागरुकता और ग्रहीय रक्षा का अंतरराष्ट्रीय वर्ष" घोषित करना मानवता को यह याद दिलाता है कि हमारी पृथ्वी की रक्षा के लिए अंतरिक्ष को समझना और उस पर सतर्क रहना आवश्यक है।

**57. Consider the following statements with regard to BRICS :**
**BRICS के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. 16th BRICS Summit was held under the chairmanship of Russia in Kazan.**
**16वाँ BRICS शिखर सम्मेलन रूस की अध्यक्षता में कजान में संपन्न हुआ था।**

**II. Indonesia has become a full member of BRICS.**
**इंडोनेशिया BRICS का पूर्ण सदस्य बन गया है।**

**III. The theme of the 16th BRICS Summit was Strengthening Multiculturalism for Just Global Development and Security.**
**16वाँ BRICS शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय न्यायपूर्ण वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुसंस्कृतिवाद को सशक्त करना था।**

**Which of the statement given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) I and II / I और II
(b) II and III /II और III
(c) I and III /I और III
(d) I only /केवल I

**Ans. (a)** : ब्रिक्स एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसका नाम इसके सदस्य देशों- ब्राजील (Brazil), रूस (Russia), भारत (India), चीन (China) और दक्षिण अफ्रीका (South Africa) के पहले अक्षरों से मिलकर बना है।

इस संगठन की स्थापना का उद्देश्य विश्व में शांति, सुरक्षा, विकास और सहयोग को बढ़ावा देना है।

ब्रिक्स देशों के बीच आर्थिक राजनायिक और रणनीतिक स्तर पर सहयोग को मजबूत बनाना इसका मुख्य उद्देश्य है।

पहला BRIC शिखर सम्मेलन (जब दक्षिण अफ्रीका सदस्य नहीं था) 16 जून 2009 को रूस के येकातेरिनबर्ग (Yekaterinburg) शहर में आयोजित किया गया था।

- **कथन 1 सत्य है:-** 16वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन अक्टूबर 2024 में रूस की अध्यक्षता में कजान (Kazan) शहर में आयोजित हुआ था। इस सम्मेलन के समापन पर सदस्य देशों के नेताओं ने मिलकर "कजान घोषणा पत्र (Kazan declaration)" को अपनाया। 17वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 6-7 जुलाई 2025 को आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता ब्राजील करेगा।
- **कथन 2 सत्य है:-** ब्रिक्स की स्थापना 2009 में हुई थी, जिसमें शुरुआत में चार देश-ब्राजील, रूस, भारत और चीन थे। बाद में 2010 में दक्षिण अफ्रीका को इस समूह में शामिल किया गया जिसके बाद इसका नाम ब्रिक्स हुआ। जनवरी 2025 में इंडोनेशिया ने आधिकारिक रूप से इस समूह का 10वां सदस्य बना।
- **कथन 3 असत्य है:-** 16वे ब्रिक्स (BRICS) शिखर सम्मेलन का विषय (थीम) था-
  न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिये बहुपक्षवाद (Multilateralism) को सशक्त बनाना न कि सांस्कृतिक विविधता पर केन्द्रित कोई चर्चा।

**58. Consider the following statements about Lokpal :**
**लोकपाल के विषय में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**I. The power of Lokpal applies to public servants of India, but not to the Indian public servants posted outside India.**
**लोकपाल की शक्ति भारत के लोक सेवकों पर प्रयुक्त होती है किन्तु भारत से बाहर पदस्थापित भारतीय लोक सेवकों पर प्रयुक्त नहीं होती।**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**II. The chairperson or a Member shall not be a Member of the Parliament or a Member of the legislature of any State or Union Territory, and only the Chief Justice of India, whether incumbent or retired, has to be its Chairperson.**
**संसद का कोई सदस्य या किसी राज्य या संघ राज्यक्षेत्र के विधान-मंडल का कोई सदस्य इसका अध्यक्ष या सदस्य नहीं होगा और केवल भारत का मुख्य न्यायमूर्ति, चाहे वो पदधारी हो या सेवानिवृत्त, इसका अध्यक्ष होगा।**

**III. The Chairperson or a Member shall not be a person of less than forty-five years of age on the date of assuming office as the Chairperson or Member, as the case may be.**
**इसका अध्यक्ष या सदस्य, अध्यक्ष या सदस्य के रूप में पद धारण करने की तारीख को पैंतालीस वर्ष से कम आयु का व्यक्ति नही होगा।**

**IV. Lokpal cannot inquire into the allegations of corruption against a sitting Prime Minister of India.**
**लोकपाल भारत के पदासीन प्रधानमंत्री के विरूद्ध भ्रष्टाचार के अभिकथनों की जाँच नहीं कर सकता।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) III only/केवल III
(b) II and III /II और III
(c) I and IV /I और IV
(d) None of the above statements is correct
उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नही हैं।

**Ans. (a) :** लोकपाल (Lokpal) एक केंद्रीय स्तर का भ्रष्टाचार विरोधी संस्था है, जबकि लोकायुक्त (Lokayukta) एक राज्य स्तर की संस्था है। दोनों संस्थाओं की स्थापना लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 (Lokpal & Lokayukta Act, 2013) के अंतर्गत की गई थी।
लोकपाल और लोकायुक्त दोनों ही ''जन लोकपाल'' के रूप में कार्य करते हैं, जिनका उद्देश्य सरकारी तंत्र में पारदर्शिता बनाए रखना और भ्रष्टाचार को रोकना है।

- **कथन I असत्य है:-** लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम 2013 के अनुसार, लोकपाल (Lokpal) की कार्य दायित्व सीमा (Jurisdiction) पूरे भारत में कार्यरत सभी सार्वजनिक सेवकों (Public Servants) पर लागू होती है। इसके अलावा यह अधिकार भारत के बाहर नियुक्त सार्वजनिक सेवकों पर भी लागू होता है।
- **कथन II असत्य है:-** लोकपाल का अध्यक्ष एक ऐसा व्यक्ति होता है जिसे निम्न में से कोई एक होना अनिवार्य है:-
- भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (Former Chief Justice of India)
- सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश (Former Judge of the supreme court)
- ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्ति (Eminent person) जिनके पास भ्रष्टाचार रोधी नीति, कानून और प्रबंधन (anti corruption policy, law and management) से संबंधित क्षेत्रों में कम से कम 25 वर्षो का उत्कृष्ट अनुभव और विशेषज्ञता हो।
- **कथन III सत्य है:-** लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 की धारा 3(4) [Section 3(4)] के अनुसारः-
लोकपाल का अध्यक्ष या कोई सदस्य (Member) ऐसा व्यक्ति होना चाहिए, जिनकी आयु कार्यालय ग्रहण करने की तिथि पर 45 वर्ष से कम हो।
- **कथन IV असत्य है:-** लोकपाल को भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री (Sitting Prime Minister) के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जाँच करने का अधिकार है, लेकिन यह अधिकार कुछ सीमाओं (Limitation)और विशेष प्रक्रियाओं व सुरक्षा उपायों के अधीन होता है।

**59. Consider the following statements in respect of the first Kho Kho World Cup:**
**प्रथम खो-खो विश्व कप के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. The event was held in Delhi, India.**
**इस विश्व कप का आयोजन दिल्ली, भारत में हुआ।**

**II. Indian men beat Nepal with a score of 78-40 in the final to become the World Champion in men category.**
**भारतीय पुरुष फाइनल में नेपाल को 78-40 के स्कोर से हराकर पुरुष वर्ग में विश्व विजेता बने।**

**III. Indian women beat Nepal with a score of 54-36 in the final to become the World Chempion in women category.**
**भारतीय महिलाएँ फाइनल में नेपाल को 54-36 के स्कोर से हराकर महिला वर्ग में विश्व विजेता बनीं।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only/केवल I
(b) II and III only/केवल II और III
(c) I and III only/केवल I और III
(d) I, II and III/ I, II और III


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**Ans. (a) :**

- **कथन I सत्य है:-** पहली बार खो-खो वर्ल्ड कप का आयोजन 19 जनवरी 2025 को नई दिल्ली के इंदिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम (Indira Gandhi Indoor stadium) में किया गया।
- **कथन II असत्य है:-** पहले खो-खा वर्ल्ड कप के पुरूष वर्ग में भारत ने नेपाल को शानदार तरीके से हराया। मैच का स्कोर रहा – भारत-5-नेपाल -36
- **कथन III असत्य है:-** पहले खो-खो वर्ल्ड कप के महिला वर्ग में भारत ने नेपाल को शानदार तरीके से हराया। मैच का स्कोर रहा – भारत- 78–नेपाल - 40

**60. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**I. In the finals of the 45th Chess Olympiad held in 2024, Gukesh Dommaraju became the world's youngest winner after defeating the Russian player Ian Nepomniachtchi.**
**2024 में आयोजित 45वें चेस ओलंपियाड के फाइनल में गुकेश दोम्माराजू, रूस के इयान नेपोमनीयाच्ची को हराकर विश्व के सबसे कम आयु के विजेता बने।**

**II. Abhimanyu Mishra, an American chess player, holds the record of becoming world's youngest ever Grandmaster**
**अमरीकी शतरंज खिलाड़ी अभिमन्यु मिश्रा के पास विश्व का अभी तक का सबसे कम आयु का ग्रैंडमास्टर बनने का रिकार्ड है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only/केवल I
(b) II only/केवल II
(c) Both I and II /I और II दोनों
(d) Neither I nor II/न तो I और न ही II

**Ans. (b) :**

- **कथन I असत्य है:-** गुकेश डोम्माराजू (Gukesh Dommaraju) ने 2024 में आयोजित फाइड वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप (FIDE World Chess Championship 2024) में चीन के डिंग लिरेन (Ding Liren) को हराकर 18 वर्ष की आयु में इतिहास रचते हुए सबसे युवा विश्व शतरंज चैम्पियन बने।
- **कथन II सत्य है:-** अभिमन्यु मिश्रा (Abhimanyu Mishra) एक अमेरिकी शतरंज खिलाड़ी है, जिन्होंने 30 जून 2021 को 12 वर्ष 4 महीने और 25 दिन की आयु में विश्व के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बनने का रिकॉर्ड स्थापित किया।

**61. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statement I/कथन I :**

**Some rare earth elements are used in the manufacture of flat television screens and computer monitors.**
**कुछ दुर्लभ मृदा तत्त्व, सपाट टेलीविजन स्क्रीन और कम्प्यूटर मॉनीटर के निर्माण में प्रयुक्त होते हैं।**

**Statement II:/कथन II :**

**Some rate earth elements have phosphorescent properties.**
**कुछ दुर्लभ मृदा तत्वों में स्फुरदीप्त गुणधर्म होते हैं।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement I and Statement II are correct and Statement II explains Statement I
कथन I और II दोनों सही हैं तथा कथन II, कथन I की व्याख्या करता है
(b) Both Statement I and Statement II are correct but Statement II does not explain Statement I
कथन I और कथन II दोनों सही हैं किन्तु कथन II, कथन I की व्याख्या नहीं करता है।
(c) Statement I is correct but Statement II is not correct /कथन I सही है किन्तु कथन II सही नहीं है
(d) Statement I is not correct but Statement II is correct/कथन I सही नही है किन्तु कथन II सही है

**Ans. (a) :**

- **कथन I सत्य है:-** दुर्लभ पृथ्वी तत्वों ($REE_S$) कई उच्च तकनीक उपकरणों, जैसे स्मार्टफोन, डिजिटल कैमरे, कम्प्यूटर हाई ड्राइव, फ्लोरोसेंट लाइट, $LED_S$ फ्लैट-स्क्रीन टीवी और कम्प्यूटर मॉनिटर के महत्वपूर्ण घटक है। इसके अतिरिक्त $REE_s$ को स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकीयों (जैसे पवन टर्बाइन) और रक्षा अनुप्रयोगों में बड़ी मात्रा में उपयोग किया जाता है।
- **कथन II सत्य है:-** इनमें अद्वितीय प्रकाशीय गुण होते हैं जैसे कि फ्लोरोसेंस और फॉस्फोरेसेंस जो प्रकाश डिस्प्ले तकनीकों और चिकित्सा इमेजिंग में उपयोगी है।

**62. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. Indian Railways have prepared a National Rail Plan (NRP) to create a future ready' railway system by 2028.**
**भारतीय रेलवे ने 2028 तक 'भविष्य के लिए तैयार' रेलवे प्रणाली सृजित करने हेतु एक राष्ट्रीय रेल प्लान (NRP) तैयार किया है।**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

II. 'Kavach' is an Automatic Train protection system developed in collaboration with Germany.
**'कवच (Kavach)' जर्मनी के सहयोग से विकसित एक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है**

III. 'Kavach' system consists of RFID tags fitted on track in station section.
**'कवच (Kavach)'प्रणाली में स्टेशन सेक्शन के ट्रैक पर लगे हुए RFID टैग होते हैं।**

**Which of the statements given above are not correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-कौन-से सही नही हैं?**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II and III only /केवल II और III
(c) I and III only /केवल I और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (a) :**
- **कथन I गलत है:-** भारतीय रेल ने 2030 तक भविष्य के लिए तैयार रेलवे प्रणाली बनाने हेतु राष्ट्रीय रेल योजना (NRP) तैयार की है।
- **कथन II गलत है:-** कवच एक स्वदेशी रूप से विकसित की गई उच्च तकनीक आधारित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है। जर्मनी का कोई सहयोग इसमें नहीं है।
- **कथन III सही है:-** कवच प्रणाली के अंतर्गत ट्रैक पर RFID टैग लगाए जाते हैं; स्टेशन कवच की स्थापना की जाती है और दूरसंचार टावर लगाए जाते है।

**63. Consider the following space missions :**
**निम्नलिखित अंतरिक्ष मिशनों पर विचार कीजिए:**

**I. Axiom-4/ एक्सिओम-4**
**II. SpaDeX/ स्पाडेक्स**
**III. Gaganyaan/गगनयान**

**How many of the space missions given above encourage and support micro-gravity research?**
**उपर्युक्त अंतरिक्ष मिशनों में से कितने सूक्ष्मगुरुत्व (माइक्रोग्रैविटी) विषयक अनुसंधान को प्रोत्साहित और समर्थित करते हैं?**

(a) Only one/ केवल एक
(b) Only two/ केवल दो
(c) All the three/ सभी तीन
(d) None/ कोई भी नहीं

**Ans. (c) :** अंतरिक्ष अभियानों में माइक्रो ग्रैविटी (सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण) अनुसंधान का अर्थ होता है ऐसे प्रयोग करना जो भारहीनता की स्थिति में किए जाते हैं। इस स्थिति में गुरुत्वाकर्षण बल पृथ्वी की तुलना में अत्यंत कम होता है।

**माइक्रो ग्रैविटी अनुसंधान के प्रमुख उद्देश्य और महत्वः-**
**भौतिकी-** भारहीनता की स्थिति में मूलभूत कणों और बलों के व्यवहार को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। जीव विज्ञान, भौतिक पदार्थ विज्ञान, औषधि विकास आदि के अनुसंधानों को समझा जा सकता है।

**● विकल्प I सही है:**
**एक्सिओम-4 मिशनः-** Axiom-4 मिशन एक संयुक्त अंतरिक्ष मिशन है जिसे Axiom space, NASA (नासा), ESA (यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी) और ISRO (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। यह एक निजी अंतरिक्ष उड़ान है जिसमें चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) भेजा जाएगा। यह मिशन जून 2025 में प्रक्षेपित किया जाएगा। इसमें भारतीय वायुसेना के टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भाग लेंगे। इस मिशन के दौरान वैज्ञानिक कई प्रकार के माइक्रोग्रैविटी आधारित प्रयोग करेंगे जैसे मानव स्वास्थ्य, अंतरिक्ष कृषि, जैव प्रौद्योगिकी आदि।

**● विकल्प II सही है:**
**स्पाडेक्स मिशन :-** स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (spadex), ISRO (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) की एक पहल है। इस मिशन को PSLV (पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) के माध्यम से प्रक्षेपित किया गया। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य था– कक्षा (orbit) में दो माइक्रो– सैटेलाइट्स के बीच स्वतः संवाद (Autonomous Talking) को सफलतापूर्वक संचालित करना। इस मिशन में कई विज्ञान आधारित प्रयोग भी किये जा रहे हैं, जिनका फोकस है– पौधों की वृद्धि पर अध्ययन (Plant Growth Studies) विकिरण वातावरण (Radiation Environment) का परीक्षण।

**● विकल्प III सही है:**
**गगनयान:-** यह मिशन भारत का पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन है, जिसे ISRO (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस मिशन में 3 अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की सतह से लगभग 400 km ऊपर की कक्षा में भेजना तथा 3 दिनों तक उन्हें वहां बनाए रखना।
इस मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री कई प्रकार के वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे जैसे– सूक्ष्म गुरूत्वाकर्षण, जैविक प्रयोग, भौतिक विज्ञान आदि।

**64. With reference to India's defence, consider the following pairs:**
**भारत की रक्षा के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | वायुयान प्रकार / Aircraft type | | विवरण / Description |
|---|---|---|---|
| I. | **डोर्नियर – 228** / **Dornier-228** | : | **समुद्री गश्ती वायुयान** / **Maritime patrol aircraft** |


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

II. IL-76 : पराध्वनिक युद्धक वायुयान

IL-76 Supersonic combat aircraft

III. C-17 Globe master III : Military transport aircraft

C-17 ग्लोबमास्टर III : सैन्य परिवहन वायुयान

**How many of the pairs given above are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one/ केवल एक
(b) Only two/ केवल दो
(c) All the three/ सभी तीन
(d) None/ कोई भी नही

**Ans. (b) : जोड़ा – I सही सुमेलित है–**
**डॉरनियर–228** एक जुड़वा टर्बोप्रॉप यूटिलिटी एयरक्राफ्ट है। इसका उपयोग समुद्री निगरानी (Maritime surveillance) तटीय गश्त (Patrolling) के लिए भारतीय नौसेना और कोस्ट गार्ड द्वारा किया जाता है।
**जोड़ा – II – गलत सुमेलित है–**
**IL-76** एक चार इंजन वाला स्ट्रैटेजिक एयरलिफ्टर (Strategic airlifter) है। यह एक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट है, न कि सुपरसोनिक युद्धक विमान। इनका उपयोग भार परिवहन के लिए भारतीय वायु सेना द्वारा किया जाता है।
**जोड़ा – III – सही सुमेलित है–**
**C-17 Globemaster III** एक बड़ा सैन्य परिवहन विमान है जिसे अमेरिकी वायु सेना के लिए विकसित किया गया था। भारतीय वायु सेना इसका उपयोग भारी हथियारों टैंको और सैन्य वाहनों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए करती है।

**65. Artificial way of causing rainfall to reduce air pollution makes use of**
**वायु प्रदूषण कम करने हेतु कृत्रिम वर्षा कराने के तरीके में किनका प्रयोग होता है?**

(a) silver iodide and potassium iodide
सिल्वर आयोडाइड और पोटैशियम आयोडाइड
(b) silver nitrate and potassium iodide
सिल्वर नाइट्रेट और पोटैशियम आयोडाइड
(c) silver iodide and potassium nitrate
सिल्वर आयोडाइड और पोटैशियम नाइट्रेट
(d) silver nitrate and potassium chloride
सिल्वर नाइट्रेट और पोटैशियम क्लोराइड

**Ans. (a) :** कृत्रिम वर्षा को Cloud seeding कहते है। यह एक तकनीक है, जिसके तहत बादलों में कुछ रासायनिक पदार्थ डाले जाते हैं जिससे वे वर्षा उत्पन्न करें। इस प्रक्रिया में सबसे सामान्य रूप से प्रयुक्त रसायन है–
- Silver Iodide (AgI)
- Potassium Iodide (KI)

ये रसायन बादलों में डाले जाते हैं जिससे उनकी वर्षा उत्पन्न करने की क्षमता बढ़ जाती है। इससे वर्षा होती है और वायु में मौजूद प्रदूषक (Pollutants) पानी के साथ नीचे आकर पर्यावरण को साफ कर देते हैं।

**66. Consider the following statements with regard to pardoning power of the President of India :**
**भारत के राष्ट्रपति की क्षमा प्रदान करने की शक्ति के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. The exercise of this power by the president can be subjected to limited judicial review.**
**राष्ट्रपति द्वारा इस शक्ति का प्रयोग सीमित न्यायिक पुनर्विलोकन के अधीन लाया जा सकता है।**

**II. The president can exercise this power without the advice of the Central Government.**
**राष्ट्रपति इस शक्ति का प्रयोग केन्द्र सरकार की सलाह के बगैर कर सकता है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only /केवल I
(b) II only /केवल II
(c) Both I and II /I और II दोनों
(d) Neither I nor II/न तो I और न ही II

**Ans. (a) :**
**कथन I सही है :-** राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 72 के अन्तर्गत क्षमादान (Pardoning power) देने की शक्ति प्राप्त है। इसका अर्थ है कि राष्ट्रपति किसी दोषी व्यक्ति की सजा को पूरी तरह माफ कर सकते हैं, कम कर सकते हैं, या बदल सकते हैं, विशेष रूप से जब वह मामला केंद्रीय कानून, सैन्य कानून या मृत्यु दण्ड से संबंधित हो राष्ट्रपति की क्षमादान शक्ति पर न्यायिक समीक्षा की जा सकती है, लेकिन केवल तब जब यह साबित हो जाए कि इस शक्ति का प्रयोग मनमाने, भेदभावपूर्ण या असंवैधानिक तरीके से हुआ है।
**कथन II सही नहीं है :-**राष्ट्रपति को क्षमादान देने की शक्ति तो प्राप्त है, लेकिन वे इसका प्रयोग केंद्र सरकार की सलाह के बिना नहीं कर सकते। इसका अर्थ है कि यह एक कार्यकारी शक्ति है, जो मंत्रिपरिषद् की सलाह से ही संचालित होती है। राष्ट्रपति केवल एक औपचारिक या संवैधानिक प्रमुख होते हैं, न कि स्वतंत्र निर्णयकारी इस मामले में।


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

67. **Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

I. **On the dissolution of the House of the people, the Speaker shall not vacate his/her office until immediately before the first meeting of the House of the people after the dissolution.**
**लोक सभा का विघटन होने पर विघटन के पश्चात् होने वाले लोक सभा के पहले अधिवेशन के ठीक पहले तक अध्यक्ष अपने पद को रिक्त नहीं करेगा।**

II. **According to the provisions of the Constitution of India, a Member of the House of the people on being elected as Speaker shall resign from his/her political party immediately.**
**भारत के संविधान के उपबंधों के अनुसार, लोक सभा का कोई सदस्य अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने पर अपने राजनीतिक दल से तुरंत त्यागपत्र दे देगा।**

III. **The Speaker of the House of the people may be removed from his/her office by a resolution of the House of the people passed by a majority of all the then Members of the House, provided that no resolution shall be moved unless at least fourteen days' notice has been given of the intention to move the resolution.**
**लोक सभा के अध्यक्ष को लोक सभा के तत्कालीन समस्त सदस्यों के बहुमत से पारित संकल्प द्वारा अपने पद से हटाया जा सकेगा, किन्तु कोई संकल्प तब तक प्रस्तावित नहीं किया जाएगा जब तक कि उस संकल्प को प्रस्तावित करने के आशय की कम-से-कम चौदह दिन की सूचना न दे दी गई हो।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) I and II only/केवल I और II
(b) II and III only /केवल II और III
(c) I and III only/केवल I और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (c) :**
- **कथन I सही है :-**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 94(1) के अनुसार, लोकसभा भंग होने के बावजूद, लोकसभा अध्यक्ष तुरन्त पद नहीं छोड़ते, बल्कि नई लोकसभा की पहली बैठक के ठीक पहले तक पद पर बने रहते हैं, ताकि संसदीय कार्यों में कोई रूकावट न आए।
- **कथन II सही नहीं है :-**भारतीय संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो यह कहता हो कि लोकसभा का सदस्य अध्यक्ष चुने जाने पर अपनी राजनीतिक पार्टी से इस्तीफा देगा। यह एक परंपरा और नैतिक जिम्मेदारी होती है कि अध्यक्ष निष्पक्ष और तटस्थ भूमिका निभाएँ, लेकिन कानूनन इस्तीफा देना अनिवार्य नहीं है।
- **कथन III सही है :-** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 94 के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष को उनके पद से लोकसभा द्वारा पारित एक प्रस्ताव के माध्यम से हटाया जा सकता है।
- वह सदन के तत्कालीन सभी सदस्यों के बहुमत से पारित हो, न कि केवल उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों से।
- प्रस्ताव लाने से पहले कम से कम 14 दिन का पूर्व नोटिस देना अनिवार्य है, ताकि अध्यक्ष को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर मिले।

68. **Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

I. **If any question arises as to whether a Member of the House of the People has become subject to disqualification under the 10th Schedule, the President's decision in accordance with the opinion of the Council of Union Ministers shall be final.**
**यदि कोई प्रश्न उठता है कि लोक सभा का कोई सदस्य 10वीं अनुसूची के अधीन निरर्हता से ग्रस्त हो गया है या नहीं, तब संघ की मंत्रिपरिषद् की राय के अनुसार राष्ट्रपति का निर्णय अंतिम होगा।**

II. **There is no mention of the word 'political party' in the Constitution of India.**
**भारत के संविधान में शब्द 'राजनीतिक दल' का कोई उल्लेख नहीं है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only /केवल I
(b) II only/केवल II
(c) Both I and II /I और II दोनों
(d) Neither I nor II/न तो I और न ही II

**Ans. (b) :**
- **कथन I सही नहीं है :-**संविधान की दसवीं अनुसूची का उद्देश्य दल-बदल को रोकना है। इस अनुसूची के तहत यदि यह प्रश्न उठता है कि लोकसभा या राज्यसभा का कोई सदस्य दल-बदल


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

(defection) के कारण अयोग्य हो गया है या नहीं, तो इसका निर्णय राष्ट्रपति नहीं, बल्कि सभापति (Speaker) द्वारा किया जाता है।

- **कथन II सही है:-**
- भारत के संविधान में 'राजनीतिक दल' (Political Party) शब्द का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है।
- संसदीय प्रणाली के कामकाज में राजनीतिक दलों की अवधारणा निहित है, लेकिन स्वयं यह शब्द संविधान में उपयोग नहीं किया गया है। दसवीं अनुसूची, जो दलबदल (defection) के आधार पर अयोग्यता से संबंधित है, उसमें उन सदस्यों का उल्लेख है जो राजनीतिक दलों से संबंधित होते हैं, लेकिन 'राजनीतिक दल' शब्द की परिभाषा संविधान में नही दी गई है।

**69. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**Statement-I /कथन-I :**

**In India, State Governments have no power for making rules for grant of concessions in respect of extraction of minor minerals even though such minerals are located in their territories.**
**भारत में राज्य सरकारों के पास गौण खनिजों के निष्कर्षण के बारे में रियायत देने के लिए नियम बनाने की कोई शक्ति नहीं है, भले ही ऐसे खनिज उनके अपने भूभाग में अवस्थित हों।**

**Statement-II /कथन-II:**

**In India, the Central Government has the power to notify minor minerals under the relevant law.**
**भारत में केन्द्र सरकार के पास प्रासंगिक विधि के अधीन गौण खनिजों को अधिसूचित करने की शक्ति है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement I and Statement II are correct and Statement II explains Statement I
कथन I और कथन II दोनों सही हैं तथा कथन II, कथन I की व्याख्या करता है

(b) Both Statement I and Statement II are correct but Statement II does not explains Statement I
कथन I और कथन II दोनों सही हैं किन्तु कथन II, कथन I की व्याख्या नहीं करता है

(c) Statement I is correct but Statement II is not correct /कथन I सही है किन्तु कथन II सही नही है

(d) Statement I is not correct but Statement II is correct
कथन I सही नही है किन्तु कथन II सही है

**Ans. (d) :**

- **कथन I सही नहीं है:-** भारत में राज्य सरकारों को यह अधिकार प्राप्त है कि वे अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले लघु खनिजों (Minor Minerals) के निष्कर्ष (extraction) से संबंधित रियायतें (concessions) देने, नियम बनाने और उनका प्रशासनिक नियंत्रण रखने के लिए नियम बना सकती है।
- **कथन II सही है:-** भारत में केंद्रीय सरकार (Central Government) को यह अधिकार प्राप्त है कि वह किसी खनिज (Mineral) को "लघु खनिज" (Minor Mineral) घोषित (notify) कर सकती है।

**70. Which organization has enacted the Nature Restoration Law (NRL) to tackle climate change and biodiversity loss?**
**किस संस्था ने जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता की हानि के नियंत्रण हेतु प्रकृति पुनःस्थापन विधि [नेचर रेस्टोरेशन लॉ (NRL)] अधिनियमित की?**

(a) The European Union
यूरोपीय संघ

(b) The World Bank /विश्व बैंक

(c) The Organization for Economic Cooperation and Development /आर्थिक सहयोग और विकास संगठन

(d) The Food and Agriculture Organization
खाद्य और कृषि संगठन

**Ans. (a) :** यूरोपीय संघ ने "नेचर रेस्टोरेशन लॉ" (Nature Restoration law) लागू किया है, जिसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि और पर्यावरणीय क्षरण (environmental degradation) से निपटना है।

यह कानून EV बायोडायवर्सिटी स्ट्रैटेजी (EV biodiversity strategy) का एक हिस्सा है और इसके अंतर्गत खराब हो चुके पारिस्थितिक तंत्रों को पुर्नस्थापित करने के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी लक्ष्य (binding targets) निर्धारित किए गए हैं।

- **NRL की प्रमुख विशेषताएँ :-** यह कानूनी रूप से बाध्यकारी लक्ष्य तय करता है,यानी यूरोपीय संघ के सदस्य देशों को इन लक्ष्यों को अनिवार्य रूप से लागू करना होगा।
  विशेष रूप से वे क्षेत्र जिनमें –कार्बन को संचित (Capture) और संग्रहित (Store), करने की उच्च क्षमता हो। तथा जिनमें प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों को कम करने की क्षमता हो। जैसे- बाढ़, सूखा और भूस्खलन।
- **पुनर्स्थापन लक्ष्य :-** सभी सदस्य देशों को मिलकर कम से कम 20% भूमि और समुद्री क्षेत्रों को पुनर्स्थापित करना है, 2030 तक। और 2050 तक उन सभी पारिस्थितिक तंत्रों


Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

(ecosystems) को पुनर्स्थापित करना अनिवार्य है जिन्हें इसकी आवश्यकता है- यानी जो विनाश या क्षरण (degradation) के कारण अपने प्राकृतिक स्वरूप में नही हैं।

- **पारिस्थितिकी तंत्र पर केंद्रित :-** नेचर रेस्टोरेशन लॉ का उद्देश्य केवल एक या दो नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार के पारिस्थितिकी तंत्रों जैसे- वेटलैंट्स, नदियाँ, जंगल, घासभूमि, समुद्री पारिस्थितिक तंत्र, शहरी पारिस्थितिक तंत्र आदि को पुनर्स्थापित करना है, ताकि व्यापक स्तर पर पर्यावरण संतुलन बहाल हो सके।
- **क्रियान्वयन :-**यूरोपीय संघ के सदस्य देशों (EV countries) को यूरोपीय आयोग को एक विस्तृत योजना सौंपनी होगी, जिसमें यह बताया जाएगा कि – वे पुनर्स्थापन के निर्धारित लक्ष्यों को कैसे पूरा करेंगे।

नेचर रिस्टोरेशन लॉ का उद्देश्य पूरे यूरोपीय संघ में पर्यावरणीय संतुलन और जलवायु स्थिरता को बढ़ावा देना है।

**71. Suppose the revenue expenditure is ₹ 80,000 crores and the revenue receipts of the Government are ₹60,000 crores. The Government budget also shows borrowings of ₹ 10,000 crores and interest payment of ₹6,000 crores. Which of the following statements are correct?**

**मान लीजिए सरकार का राजस्व व्यय ₹ 80,000 करोड़ है और राजस्व प्राप्ति ₹ 60,000 करोड़ है। सरकारी बजट ₹ 10,000 करोड़ के उधार-ग्रहण और ₹ 6,000 करोड़ के ब्याज भुगतान को भी प्रदर्शित करता है। निम्नलिखित कथनों में कौन-कौन से सही हैं?**

**I. Revenue deficit is ₹ 20,000 crores.**
**राजस्व घाटा ₹ 20,000 करोड़ है।**

**II. Fiscal deficit is ₹ 10,000 crores.**
**राजकोषीय घाटा ₹ 10,000 करोड़ है।**

**III. Primary deficit is ₹ 4,000 crores.**
**प्राथमिक घाटा ₹ 4,000 करोड़ है।**

**Select the correct answer using the code given below.**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II and III only /केवल II और III
(c) I and III only /केवल I और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (d) :**

**(i) राजस्व घाटा :-**राजस्व घाटा का अर्थ होता है, सरकार की नियमित आय (Revenue Receipts) और नियमित खर्चा (Revenue Expenditure) के बीच का अंतर जिसमें पूंजीगत खर्च (Capital expenditure) को शामिल नही किया जाता।

राजस्व घाटा = राजस्व व्यय – राजस्व प्राप्तियाँ

घाटा = 80,000 crores –60,000 crores

=20,000 crores

अत: कथन I सही है।

**(ii) राजकोषीय घाटा (Fiscal Deficit) :-**राजकोषीय घाटा वह अंतर होता है जो सरकार के कुल व्यय (राजस्व + पूंजीगत प्राप्तियाँ व्यय) और कुल प्राप्तियों (राजस्व + पूंजीगत प्राप्तियाँ, उधार को छोड़कर) के बीच होता है।

राजकोषीय घाटा = कुल व्यय – (राजस्व प्राप्तियाँ + पूंजीगत प्राप्तियाँ उधारी को छोड़कर)

प्रश्नानुसार, सरकार द्वारा कुल उधार 10,000 करोड़ रूपये है, जिसका अर्थ है कि सरकार के कुल व्यय और उसकी गैर-उधार प्राप्तियों के बीच के अंतर को 10,000 करोड़ रूपये उधार लेकर पूरा किया जा रहा है। इस प्रकार दिए गये परिदृश्य में उधारी सीधे राजकोषीय घाटे का प्रतिनिधित्व करती है।

राजकोषीय घाटा = Rs 10,000 करोड़

अत: कथन II सही है।

**(iii) राजस्व घाटा (Primary Deficit) :-**प्राथमिक घाटा उस राजकोषीय घाटे को कहते है, जिसमें से ब्याज भुगतान (Interest Payments) को घटा दिया गया हो।

प्राथमिक घाटा = राजकोषीय घाटा – ब्याज भुगतान

प्राथमिक घाटा = Rs 10,000 – Rs 6,000

= Rs 4,000 crore

अतः कथन III भी सही है।

**72. India is one of the founding members of the International North-South Transport Corridor (INSTC), a multimodal transporation corridor, which will connect**

**भारत, अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कॉरिडोर (INSTC), जो एक बहु-मॉडल परिवहन कॉरिडोर है, के संस्थापक सदस्यों में से एक है। यह कॉरिडोर किन्हें जोड़ेगा?**

(a) India to Central Asia to Europe via Iran
भारत से मध्य एशिया से यूरोप को, ईरान होते हुए
(b) India to Central Asia via China
भारत से मध्य एशिया को, चीन होते हुए
(c) India to South-East Asia through Bangladesh and Myanmar
भारत से दक्षिण-पूर्व एशिया को, बांग्लादेश और म्यांमार होते हुए
(d) India to Europe through Azerbaijan
भारत से यूरोप को, अज़रबैजान होते हुए

**Ans. (a) :** अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कॉरिडोर (INSTC) एक 7200 किलोमीटर लंबा बहु-मॉडल परिवहन प्रोजेक्ट (Multimodal transportation project) है, जिसका उद्देश्य


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

भारत, ईरान और रूस के बीच आर्थिक सहयोग और संपर्क (Connectivity) को मजबूत करना है।

INSTC भारत, ईरान और रूस द्वारा शुरु की गई एक रणनीतिक परियोजना है, जो व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों में विविधता लाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

- INSTC एक संपर्क – सुगमता (Connectivity) बढ़ाने वाला व्यापार मार्ग है, जो भारत को पश्चिम एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़कर वैश्विक व्यापार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिला सकता है।
- अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कॉरिडोर (INSTC) एक ऐसा व्यापारिक मार्ग है जो पारंपरिक समुद्री मार्ग जैसे कि स्वेज नहर के रास्ते, की तुलना मे छोटा (Shortes) और अधिक किफायती (economical) है।
- भारत, ईरान और रूस ने 2002 में इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (INSTC) को विकसित करने के लिए प्रारंभिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे।

**73. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए?**

**Statement I /कथन I :**

**Of the two major ethanol producers in the world, i.e., Brazil and the United States of America, the former produces more ethanol than the latter.**
**विश्व के दो प्रमुख एथेनॉल उत्पादकों, ब्राजील और संयुक्त राज्य अमेरिका, में से संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में ब्राजील अधिक एथेनॉल उत्पादित करता है।**

**Statement II /कथन II:**

**Unlike in the United States of America where corn is the principal feedstock for ethanol production, sugarcane is the principal feedstock for ethanol production in Brazil.**
**जहाँ संयुक्त राज्य अमेरिका में एथेनॉल उत्पादन के लिए प्रधान भरण-सामग्री (फीडस्टॉक) मक्का है, इसके विपरीत ब्राजील में एथेनॉल उत्पादन के लिए प्रधान भरण-सामग्री गन्ना है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) Both Statement I and Statement II are correct and Statement II explains Statement I
कथन I और कथन II दोनों सही हैं तथा कथन II, कथन I की व्याख्या करता है

(b) Both Statement I and Statement II are correct but Statement II does not explain Statement I
कथन I और कथन II दोनों सही हैं किन्तु कथन II, कथन I की व्याख्या नहीं करता है

(c) Statement I is correct but Statement II is not correct /कथन I सही है किन्तु कथन II सही नहीं है

(d) Statement I is not correct but Statement II is correct /कथन I सही नहीं है किन्तु कथन II सही है

**Ans. (d) :**

- **कथन I सही नही हैं :-**संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) विश्व का सबसे बड़ा एथेनॉल उत्पादक है, जो मुख्य रूप से मक्का (Corn) से बनता है। यह लगातार वैश्विक एथेनॉल उत्पादन का 50% से अधिक हिस्सा उत्पादित करता है। लेकिन 2024 में, अमेरिका ने लगभग 16.2 बिलियन गैलन एथेनॉल उत्पादित किया, जबकि ब्राजील ने 8.78 बिलियन गैलन।

अमेरिका ब्राजील से लगभग दो गुना अधिक एथेनॉल बनाता है।

- **कथन II सही है:-**संयुक्त राज्य अमेरिका में एथेनॉल उत्पादन के लिए मुख्य कच्चा माल मक्का (Corn) है, जो वहाँ बहुतायत में उगाया जाता है और एथेनॉल उद्योग की रीढ़ है।

इसके विपरीत, ब्राजील में एथेनॉल गन्ने (sugarcane) से बनाता है, जो ज्यादा कुशल और पर्यावरण अनुकूल विकल्प है।

**74. The World Bank warned that India could become one of the first places where wet-bulb temperatures routinely exceed 35 °C. Which of the following statements best reflect(s) the implication of the above-said report?**
**विश्व बैंक ने यह चेतावनी दी है कि भारत ऐसे प्रथम स्थानों में से एक बन सकता है, जहाँ आर्द्र-बल्ब तापमान (वेट-बल्ब टेम्परेचर) नियमित तौर पर 35°C से अधिक होगा। निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से उपर्युक्त रिपोर्ट के निहितार्थ को सर्वोत्तम रूप में प्रतिबिम्बित करता है/करते हैं?**

**I. Peninsular India will most likely suffer from flooding, tropical cyclones and droughts.**
**सर्वाधिक संभावना है कि प्रायद्वीपीय भारत बाढ़, उष्णकटिबंधीय चक्रवात और सूखे से ग्रस्त होता रहेगा।**

**II. The survival of animals including humans will be affected as shedding of their body heat through perspiration becomes difficult.**
**मानव समेत सभी प्राणियों की उत्तरजीविता प्रभावित होगी क्योंकि उनके लिए पसीने के माध्यम से अपने शरीर के ताप को निकालना मुश्किल होता जाएगा।**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

Select the correct answer using the code given below.
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) I only/केवल I
(b) II only/केवल II
(c) Both I and II /I और II दोनों
(d) Neither I nor II /न तो I और न ही II

**Ans. (c) :** वेट बल्ब तापमान (Wet bulb temperature) का मतलब होता है – हवा में नमी और तापमान का मिला-जुला प्रभाव जो यह दर्शाता है कि पसीने के वाष्पन द्वारा शरीर अधिकतम कितना ठंडा हो सकता है।

- जब वेट बल्ब तापमान 35°C से ऊपर चला जाता है, तो मानव शरीर अपने तापमान को पसीने के जरिए कम नहीं कर पाता, जिससे जानलेवा स्थिति बन जाती है।
- विश्व बैंक ने चेतावनी दी है कि भारत के कुछ क्षेत्र जैसे प्रायद्वीपीय भारत, ग्लोबल वॉर्मिंग और बढ़ती नमी के कारण ऐसे खतरनाक वेट बल्ब तापमान तक पहुँच सकते है।
  अत: कथन I सही है।
- प्रायद्वीपीय भारत को जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, चक्रवात, सूखा जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है, और यह सभी वेट बल्ब तापमान में वृद्धि से जुड़े हैं। यह जलवायु परिवर्तन का हिस्सा है जो मानसून मे अनिश्चितता और चरम मौसम की घटनाओं को बढ़ा सकता है।
  इसलिए कथन II सही है।

**75. A country's fiscal deficit stands at ₹ 50,000 crores. It is receiving ₹ 10,000 crores through non-debt creating capital receipts. The country's interest liabilities are ₹ 1,500 crores. What is the gross primary deficit?**
**किसी देश का राजकोषीय घाटा ₹ 50,000 करोड़ है। इसे गैर-ऋण सर्जक पूँजीगत प्राप्तियों के माध्यम से ₹ 10,000 करोड़ प्राप्त हो रहे हैं। उस देश की ब्याज देयताएँ ₹15,00 करोड़ है। उसका सकल प्राथमिक घाटा कितना है?**

(a) ₹ 48,500 /₹ 48,500 करोड़
(b) ₹ 51,500/₹ 51,500 करोड़
(c) ₹ 58,500 crores /₹ 58,500 करोड़
(d) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नही

**Ans. (a) :**
सकल प्राथमिक घाटा = राजकोषीय घाटा – ब्याज भुगतान
प्राथमिक घाटा = रु0 50,000 करोड़ – रु0 1,500 करोड़
= रु0 48,500 करोड़

- सकल प्राथमिक घाटा चालू वर्ष के राजकोषीय घाटे और पहले के उधारों पर ब्याज भुगतान के बीच के अंतर के रूप में जाना जाता है। प्राथमिक घाटा कुल घाटे या राजकोषीय घाटे से भिन्न होता है। प्राथमिक घाटे में कमी राजकोषीय स्वास्थ्य की दिशा में प्रगति को दर्शाती है।

**76. Which of the following statements with regard to recommendations of the 15th Finance Commission of India are correct?**
**भारत के 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के संदर्भ में, निम्नलिखित में कौन-कौन से कथन सही हैं?**

**I. It has recommended grants of ₹ 4,800 croces from the year 2022-23 to the year 2025-26 for incentivizing States to enhance educational outcomes.**
**इसने राज्यों द्वारा शिक्षा परिणामों में उन्नयन लाने हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के लिए वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 तक ₹ 4,800 करोड़ के अनुदान की अनुशंसा की है।**

**II. 45% of the net proceeds of Union taxes are to be shared with States.**
**संघ के करों के निवल आगम का 45%, राज्यों के साथ बाँटा जाना चाहिए।**

**III. ₹ 45,000 croces are to be kept as performance-based incentive for all States for carrying out agricultural reforms.**
**सभी राज्यों के लिए कृषि सुधारों के क्रियान्वयन हेतु निष्पादन आधारित प्रोत्साहन के रूप में ₹ 45,000 करोड़ रखे जाएँ।**

**IV. It reintroduced tax effort criteria to reward fiscal performance.**
**Select the correct answer using the code given below.**
**इसने राजकोषीय निष्पादन को पुरस्कृत करने हेतु कर प्रयास निकष (टैक्स एफर्ट क्राइटेरिया) को फिर से आरम्भ किया।**
**It reintroduced tax effort criteria to reward fiscal performance.**

Select the correct answer using the code given below.
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) I, II and III /I, II और III
(b) I, II and IV /I, II और IV
(c) I, III and IV /I, III और IV
(d) II, III and IV /II, III और IV

**Ans. (c) :**
- 15वें वित्त आयोग ने प्रत्येक राज्यों के शैक्षणिक उपलब्धियों खासतौर पर स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सत्र 2022–23, 2025–26 की अवधि के लिये कुल रु0


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

4,800 करोड़ अनुदान राशि की अनुशंसा की है। यह राशि उन राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया जाएगा, जो शिक्षा-क्षेत्र में सुधार दर्शाएंगे।

**अतः कथन 1 सही है।**

- 15वें वित्त आयोग ने सत्र 2021–2026 की अवधि के लिये राज्यों को शुद्ध प्राप्तियों (Net proceeds) में से 41 प्रतिशत राशि स्थानांतरित करने की सिफारिश की। यह 14वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश के बराबर ही है। लेकिन शुरुआत में यह हिस्सा 42 प्रतिशत से घटाया गया ताकि नवगठित केंद्र शासित प्रदेशों जैसे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जा सके।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

- 15वें वित्त आयोग ने राज्यों के कुछ विशेष कृषि सुधारों को लागू करने के लिए रु0 45,000 करोड़ की प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि देने की सिफारिश की।

**अतः कथन 3 सही है।**

- वित्त आयोग ने 'कर प्रयास (Tax Effort)' को दोबारा राजस्व वितरण के फॉर्मूले में शामिल किया।

इसका उद्देश्य है कि जो राज्य बेहतर कर संग्रह करते हैं, उन्हें अधिक लाभ मिले। इस मानदण्ड का वजन 2.5 प्रतिशत रखा गया। इसे इस आधार पर मापा जाता है कि कोई राज्य अपनी GSDP (Grooss State Domestic Product) के मुकाबले कितना टैक्स वसूलता है।

**अतः कथन 4 भी सही है।**

**77. Consider the following statement in respect of the International Bank for Reconstruction and Development (IBRD) :**
**अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. It provides loans and guarantees to middle income countries.**
**यह मध्यम आय वाले देशों को ऋण और गारंटी प्रदान करता है।**

**II. It works single-handedly to help developing countries to reduce poverty.**
**यह गरीबी कम करने में विकासशील देशों की सहायता के लिए अकेले ही कार्य करता है।**

**III. It was established to help Europe rebuild after the World War II.**
**इसकी स्थापना द्वितीय विश्व-युद्ध के उपरांत यूरोप के पुनर्निर्माण में सहायता हेतु की गई थी।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-कौन से सही हैं?**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II and III only /केवल II और III
(c) I and III only/केवल I और III
(d) I, II and III/I, II और III

**Ans. (c) :**

- अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) जिसे विश्व बैंक का प्रमुख हिस्सा माना जाता है, मुख्य रूप से मध्यम आय वाले देशों और निम्न आय वाले देशों को ऋण और गारंटी प्रदान करता है ताकि वे अपने विकास कार्यों के लिए वित्त जुटा सके।

  **अतः यह कथन 1 सही है।**

- IBRD विश्व बैंक समूह (World Bank Group) का एक भाग है और इस समूह में कुल पाँच संस्थाएँ शामिल होती हैः-
- IBRD (अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक)
- IDA (अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ)
- IFC (अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम)
- MIGA (बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी)
- ICSID (अंतर्राष्ट्रीय निवेश विवाद निपटान केंद्र)

  ये सभी संस्थाएँ मिलकर कार्य करती है लेकिन IBRD स्वयं अकेले ही गरीबी कम करने में विकासशील देशों की सहायता नहीं करता है, बल्कि विश्व बैंक सभी संस्थाएँ विकासशील देशों के सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के साथ मिलकर गरीबी कम करने और साझा समृद्धि का निर्माण करने के लिए कार्य करती हैं। अतः कथन 2 सही नहीं है।

- IBRD की स्थापना 1944 में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य था, द्वितीय विश्व युद्ध में बुरी तरह प्रभावित हुए यूरोपीय देशों के पुनर्निर्माण और विकास के लिए धन मुहैया कराना।

  **अतः कथन 3 भी सही है।**

इसलिये विकल्प (c) सही उत्तर है।

**78. Consider the following statements in respect of RTGS and NEFT :**
**RTGS और NEFT के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**I. In RTGS, the settlement time is instantaneous while in case of NEFT, it takes some time to settle payments.**
**RTGS मे भुगतान उसी क्षण हो जाता है, जबकि NEFT के मामले में भुगतान करने में कुछ समय लगता है।**

**II. In RTGS, the customer is charged for inward transactions while that is not the case for NEFT.**
**RTGS में ग्राहक से आवक लेनदेन के लिए प्रभार लिया जाता है जबकि NEFT में ऐसा नहीं होता।**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

III. **Operating hours for RTGS are restricted on certain days while this is not true for NEFT.**
**RTGS के लिए कतिपय दिनों में प्रचालन के घंटे सीमित हैं जबकि NEFT में ऐसा नहीं है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only /केवल I
(b) I and II /I और II
(c) I and III /I और III
(d) III only /केवल III

**Ans. (a) :**

- **RTGS (रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) :** यह धन का लेन-देन तुरंत और व्यक्तिगत रूप से करता है। मतलब जैसे ही आप पैसे भेजते हैं, वह तुरंत ही सामने वाले के खाते में ट्रांसफर हो जाता है, बिना किसी देरी के।
इसलिये यह एक रियल टाइम ट्रांजेक्शन होता है।
- **NEFT (नेशनल इलेक्ट्रानिक फंड ट्रांसफर):-** इसमें लेन-देन आधे-आधे घंटे की बैचों में होता है। इसे 'अस्थगित शुद्ध निपटान' कहा जाता है।
इसका मतलब यह है कि पैसे भेजने के तुरंत बाद सामने वाले को पैसे मिलने में कुछ देरी हो सकती है।
**अतः कथन I सही है।**
- RBI के अनुसार RTGS और NEFT दोनों में पैसे प्राप्त करने (इनकमिंग ट्रांजैक्शन) पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता। इस कथन मे कहा गया है कि शुल्क लिया जाता है, जो कि गलत है।
**अतः कथन II गलत है।**
- RTGS और NEFT दोनों ही 365 दिन, दिन-रात (24 × 7) उपलब्ध है। पहले RTGS केवल कुछ ही समय में काम करता था, लेकिन दिसंबर 2020 से यह भी 24 × 7 हो गया है।
**अतः कथन III गलत है।**

79. **Consider the following countries :**
**निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :**

I. **United Arab Emirates/ संयुक्त अरब अमीरात**
II. **France / फ्रांस**
III. **Germany / जर्मनी**
IV. **Singapore / सिंगापुर**
V. **Bangladesh / बांग्लादेश**

**How many countries amongst the above are there other than India where international merchant payments are accepted under UPI?**
**उपर्युक्त में भारत के अलावा ऐसे कितने देश हैं, जहाँ UPI के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वणिक भुगतान (इंटरनेशनल मर्चेंट पेमेंट) स्वीकार किए जाते है?**

(a) Only two /केवल दो
(b) Only three /केवल तीन
(c) Only four /केवल चार
(d) All the five /सभी पाँच

**Ans. (b) :** UPI भारत का रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम है, जो अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उपलब्ध है। इसका मतलब है कि भारतीय नागरिक अब विदशों में भी व्यापारिक भुगतानों के लिए UPI का इस्तेमाल कर सकते है।

- UPI की स्थिति कुछ देशों में इस प्रकार है:-

1. **संयुक्त अरब अमीरात (UAE):-** यहाँ Neopay और Mashreq Bank की साझेदारी से UPI को स्वीकार किया जाता है।
2. **फ्रांसः-** फ्रांस में UPI भुगतान को प्रमुख स्थानों जैसे आइफिल टावर पर स्वीकार किया जाने लगा है, यहाँ पर इसे फरवरी 2024 में लॉन्च किया गया।
3. **जर्मनीः-** अभी तक जर्मनी UPI के अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा नहीं है। मई 2025 तक कोई औपचारिक समझौता या साझेदारी नहीं हुई है।
4. **सिंगापुरः-** यहाँ Pay Now सिस्टम के साथ UPI जुड़ा हुआ है। Google Pay और Phonepe जैसे ऐप्स से 30,000 से अधिक व्यापारी UPI को स्वीकार करते हैं।
5. **बांग्लादेशः-** अभी UPI दोनों देशों (भारत-बांग्लादेश) के बीच औपचारिक रूप से एकीकृत नहीं है, लेकिन कुछ सीमित सेवाएँ उपलब्ध हैं। बांग्लादेश के पास bkash, Rocket और Nagad जैसी अपनी मजबूत डिजिटल भुगतान प्रणालियाँ और मोबाइलवित्तीय सेवाएँ है।

**नोट-**वर्तमान में, यूपीआई भुगतान भारत के अलावा सात देशों (भूटान, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, सिंगापुर, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात) में अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक लेन-देन के लिए स्वीकार किया जाता है।

80. **Consider the following statements about 'PM Surya Ghar Muft Bijli Yojna' :**
**'पी0 एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

I. **It targets installation of one crore solar rooftop panels in the residential sector.**
**इसका लक्ष्य आवासीय सेक्टर में एक करोड़ घरों की छतों पर सौर पैनल लगाना है।**

II. **The Ministry of New and Renewable Energy aims to impart training on installation, operation, maintenance and repairs of solar rooftop systems at grassroot levels.**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का लक्ष्य छतों पर सौर पैनल लगाने, उनके प्रचालन, अनुरक्षण और मरम्मत करने के विषय में आधार-स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करना है।

**III.** **It aims to create more than three lakhs skilled manpower through fresh skilling, and up-skilling, under scheme component of capacity building.**
**इसका लक्ष्य, क्षमता निर्माण के स्कीम घटक के अंतर्गत, नए कौशल सिखाकर और कौशल का उन्नयन कर तीन लाख से अधिक कुशल जनशक्ति सृजित करना है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-कौन से सही हैं?**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) I and III only /केवल I और III
(c) II and III only/केवल II और III
(d) I , II and III /I, II और III

**Ans. (d) :** प्रधानमंत्री सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना का लक्ष्य है कि मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम (Solar rooftop system) लगाया जाए।
**अतः कथन I सही है।**
● योजना के दस्तावेजों के अनुसार, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) सोलर सिस्टम का संचालन, इसकी स्थापना, अनुरक्षण और मरम्मत के लिए स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा।
**अतः कथन II सही है।**
● योजना के तहत लगभग 3 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है, जिसमें से कम से कम 1 लाख व्यक्तियों को "सोलर पावर तकनीशियन" के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।
यह प्रशिक्षण उन्हें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में काम के लिए सक्षम बनाएगा।
**अतः कथन III सही है।**

**81.** **With reference to the Indian polity, consider the following statements:**
**भारतीय राज्य-व्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I.** **An Ordinance can amend any Central Act.**
**अध्यादेश किसी केन्द्रीय अधिनियम को संशोधित कर सकता है।**

**II.** **An Ordinance can abridge a Fundamental Right.**
**अध्यादेश किसी मूल अधिकार को न्यून कर सकता है।**

**III.** **An Ordinance can come into effect from a back date.**
**अध्यादेश किसी पिछली तारीख से प्रभावी हो सकता है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-कौन से सही हैं?**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II and III only /केवल II और III
(c) I and III only /केवल I और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (c) :** अनुच्छेद 123 भारत के राष्ट्रपति को यह अधिकार देता है कि जब संसद का सत्र नहीं चल रहा हो, तब वे अध्यादेश जारी कर सकते हैं। लेकिन यह तभी तक है जब संसद का कोई एक या दोनों सदन (लोकसभा या राज्यसभा) सत्र में न हों। क्योंकि कोई भी कानून बनाने के लिए दोनों सदनो की मंजूरी जरूरी होती है। अध्यादेश का वैधानिक बल और प्रभाव बिल्कुल वैसा ही होता है जैसे संसद द्वारा बनाए गए किसी कानून का होता है। इसका अभिप्राय यह है कि राष्ट्रपति किसी मौजूदा केंद्रीय या राज्य कानून में संशोधन या नया कानून लाने के लिए भी अध्यादेश ला सकते हैं।
**अतः कथन I सही है।**
● अध्यादेश को कभी-कभी पिछले दिनांक से भी लागू किया जा सकता है।
**उदाहरणतः-** "शत्रु संपत्ति अध्यादेश" 2016 में 7 जनवरी को लाया गया ताकि 1965 के कानून में बदलाव किया जा सके।
बाद में इसे 2017 के कानून से बदल दिया गया लेकिन उसमें भी पिछली तारीख लागू की गई।
**अतः कथन III सही है।**
● अध्यादेश भी कानून की ही तरह होता है, लेकिन यह संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों को न तो घटा सकता है और न ही छीन सकता है।
**अतः कथन II गलत है।**

**82.** **Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | State राज्य | | Description वर्णन |
|---|---|---|---|
| I. | Arunachal Pradesh<br>अरुणाचल प्रदेश | : | The capital is named after a fort, and the State has two National Parks<br>एक किले से राजधानी का नाम पड़ा और राज्य में दो राष्ट्रीय उद्यान (नेशनल पार्क) हैं |
| II. | Nagaland | : | The State came into existence on the basis of a Constitutional Amendment Act |


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

| | | |
|---|---|---|
| नागालैंड | : | यह राज्य एक संविधान संशोधन अधिनियम के आधार पर अस्तित्व में आया |

| | | | |
|---|---|---|---|
| III. | Tripura | : | Initially a part 'C' State it became a centrally administered territory with the reorganization of States in 1956 and later attained the status of a full-fledged State |
| | त्रिपुरा | : | प्रारंभ में यह भाग 'ग' (पार्ट 'सी') राज्य था, यह 1956 मे राज्यों का पुनर्गठन होने पर केन्द्र –शासित राज्यक्षेत्र बना और बाद में इसने एक पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त किया |

**How many of the above pairs are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /कोई भी नही

**Ans. (c) :** अरूणाचल प्रदेश की राजधानी है ईटानगर, राजधानी का नाम एक किले के नाम पर रखा गया है, जिसका मतलब है- ईंटों का किला।
इस किले का निर्माण 14वीं शताब्दी में किया गया था। अरूणाचल प्रदेश में दो राष्ट्रीय उद्धान हैं-
- नामदफा राष्ट्रीय उद्यान
- मोलिंग राष्ट्रीय उद्यान

अतः युग्म I सही सुमेलित है।
- नागालैण्ड राज्य 13 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1962 के आधार पर अस्तित्व में आया, और इसे दिसम्बर 1963 को अनुच्छेद-371 के तहत राज्य के रूप में स्वीकार किया गया। इसे कुछ विशेष अधिकार दिये गये हैं।

अतः युग्म II सही सुमेलित है।
- त्रिपुरा 1949 में भारतीय संघ के भाग C राज्य के रूप में विलीन हुआ था। इसके बाद राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के तहत,त्रिपुरा 1 नवम्बर 1956 से एक केन्द्रशासित प्रदेश बन गया। इसलिए, युग्म III भी सही सुमेलित है।

**83. With reference to India, consider the following:**
**भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

**I. The Inter-State Council**
**अंतर-राज्य परिषद्**

**II. The National Security Council**
**राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद्**

**III. Zonal Councils**
**क्षेत्रीय परिषदें**

**How many of the above were established as per the provisions of the Constitution of India?**
**उपर्युक्त में से कितनी भारत के संविधान के उपबंधों के अनुसार स्थापित हुई?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /कोई भी नही

**Ans. (a) :**
- अंतर-राज्य परिषद (Inter-State Council):-यह संविधान के अनुच्छेद-263 के अंतर्गत स्थापित की गई थी। इसकी स्थापना 28 मई 1990 को राष्ट्रपति के आदेश द्वारा की गयी। इसलिए यह संविधान के प्रावधानों के अनुसार स्थापित की गई थी।

अतः विकल्प I सही है।
- राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् (The National Security Council):- इसका संविधान में कोई उल्लेख नहीं है। यह एक कार्यपालिका द्वारा गठित निकाय है, न कि संवैधानिक संस्था। अतः विकल्प II गलत है।
- क्षेत्रीय परिषदें (Zonal Councils):- इन्हे संविधान द्वारा नहीं, बल्कि States Reorganisation Act, 1956 के Part-III के तहत स्थापित किया गया है। अतः यह भी संविधान के अंतर्गत नहीं आता है।

अतः विकल्प III गलत है।

**84. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. The Constitution of India explicitly mentions that in certain spheres the Governor of a State acts in his/her own discretion**
**भारत के संविधान में स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि कतिपय बातों में किसी राज्य का राज्यपाल अपने विवेकानुसार कार्य करता है।**

**II. The President of India can, of his/her own, reserve a bill passed by a State legislature for his/her consideration without it being forwarded by the Governor of the State concerned.**
**भारत का राष्ट्रपति, अपने-आप, किसी राज्य विधान-मंडल द्वारा पारित विधेयक को भले ही वह संबंधित राज्य के राज्यपाल द्वारा न भेजा गया हो, अपने विचार के लिए आरक्षित कर सकता है।**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल I
(b) II only /केवल II
(c) Both I and II /I और II दोनों
(d) Neither I not II /न तो I और न ही II

**Ans. (a) :**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 163 और 200 के अनुसार कुछ स्थितियों में राज्यपाल को अपने विवेकाधीन (Discretionary) अधिकारों का प्रयोग करने की अनुमति है।

उदाहरण के लिए यदि कोई बिल राष्ट्रपति की सहमति के लिए भेजना है या नहीं इसका निर्णय राज्यपाल अपने विवेक से ले सकता है।
या जब मुख्यमंत्री का चयन करना हो और स्पष्ट बहुमत न हो, तो तब भी राज्यपाल अपने विवेक से कार्य कर सकता है।
अतः कथन I सत्य है।

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-200 के अनुसार, राज्यपाल को यह अधिकार है कि वह किसी विधेयक को राष्ट्रपति की अनुमति के लिए भेज सकता है, लेकिन राष्ट्रपति स्वयं (suo moto) ऐसा नहीं कर सकता है।

अर्थात यदि राज्यपाल बिल को राष्ट्रपति के पास नही भेजता, तो राष्ट्रपति उसे सीधे विचार के लिए नही रोक सकता।
अतः कथन II गलत है।

**85. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| Provision in the Constitution of India<br>भारत के संविधान में उपबंध | Stated under<br>किसके अधीन कथित |
|---|---|
| I. Separation of Judiciary from the Executive in the public services of the State<br>राज्य की लोक सेवा में न्यायपालिका का कार्यपालिका से पृथक्करण | The Directive Principles of the State Policy<br>राज्य की नीति के निदेशक तत्व |
| II. Valuing and preserving of the rich heritage of our composite culture / हमारी सामासिक संस्कृति की समृद्ध विरासत का महत्व समझना और उसका परिरक्षण करना | The Fundamental Duties / मूल कर्तव्य |
| III. Prohibition of employment of children below the age of 14 years in factories / कारखानों में14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नियोजन का निषेध | The Fundamental Rights / मूल अधिकार |

**How many of the above pairs are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /कोई भी नहीं

**Ans. (c) :**

- अनुच्छेद- 50(Artical 50) में दिया गया है कि राज्य की लोक सेवा में न्यायपालिका और कार्यपालिका के कार्यो को अलग करना चाहिए। यह प्रावधान राज्य की नीति निदेशक तत्वों (DPSP) मे शामिल है।
अतः युग्म I सही सुमेलित है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51(A) मे नागरिकों के लिए मूल कर्त्तव्यों का उल्लेख किया गया है।

उनमें से एक कर्त्तव्य है कि-
हम भारतीय नागरिक को अपनी मिश्रित संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए।
अतः युग्म II सही सुमेलित है।

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-24(Article -24) में यह प्रावधान है कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी कारखानें, खान या अन्य किसी खतरनाक कार्य में नियोजित नहीं किया जाएगा।
अतः युग्म III सही सुमेलित है।

**86. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**With reference to the Constitution of India, if an area in a State is declared as Scheduled Area under the Fifth Schedule**
**भारत के संविधान के संदर्भ मे, यदि पाँचवी अनूसूची के अधीन किसी राज्य में कोई क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र घोषित कर दिया जाता है, तो**

**I. the State Government loses its executive power in such areas and a local body assumes total administration**
**ऐसे क्षेत्रों में राज्य सरकार अपनी कार्यपालिका शक्ति खो देती है और एक स्थानीय निकाय पूर्ण प्रशासन ग्रहण कर लेता है**

**II. the Union Government can take over the total administration of such areas under certain circumstance on the recommendations of the Governor**
**संघ की सरकार कतिपय परिस्थितियों में राज्यपाल की सिफारिश पर ऐसे क्षेत्रों के पूर्ण प्रशासन को अपने हाथ में ले सकती है**



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) I only /केवल I
(b) II only /केवल II
(c) Both I and II /I और II दोनों
(d) Neither I nor II /न तो I और न ही II

**Ans. (d) :** राज्य सरकार कुछ प्रशासनिक कार्य स्थानीय निकायों को सौंपती है, लेकिन उसकी समग्र शक्ति समाप्त नहीं होती। स्थानीय निकाय राज्य के आधीन कार्यरत सहायक इकाइयाँ होती है, न कि पूर्ण स्वतंत्र प्रशासनिक इकाइयाँ

अतः कथन I गलत है।

- पाँचवीं अनुसूची विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए बनाई गई है-
- जहाँ जनजातीय अबादी अधिक है।
- इन क्षेत्रों को 'अनुसूचित क्षेत्र' (Scheduled Area) कहा जाता है।

अगर कोई क्षेत्र पाँचवी अनुसूची के अंतर्गत 'अनुसूचित क्षेत्र घोषित है, और राज्यपाल को लगता है कि वहाँ राज्य सरकार संविधान के अनुसार कार्य नहीं कर पा रही तो वह राष्ट्रपति को सिफारिश भेज सकता है, उसके आधार पर केंद्र सरकार ऐसे क्षेत्र का कुछ प्रशासन अपने हाथ में ले सकता है, लेकिन पूरी तरह से नहीं।

यह व्यवस्था जनजातीय समुदायों के अधिकरों और हितों की रक्षा के लिए संविधान में दी गई है।

अतः कथन II गलत है।

**87. With reference to India, consider the following pairs:**
**भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित' युग्मों पर विचार कीजिए:**

| Organization/ संगठन | Union Ministry/ संघ का मंत्रालय |
|---|---|
| **I. The National Automotive Board/ राष्ट्रीय ऑटोमोटिव बोर्ड** | **Ministry of Commerce and Industry /वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय** |
| **II. The Coir Board कॉयर बोर्ड** | **Ministry of Heavy Industries/ भारी उद्योग मंत्रालय** |
| **III. The National Centre for Trade Information/ राष्ट्रीय व्यापार उद्यम मंत्रालय** | **Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises सूक्ष्म, लघु और मध्यम सूचना केन्द्र** |

**How many of the above pairs are correctly matched?**
**उगर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित है ?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /कोई भी नहीं

**Ans. (d) :**

- नेशनल ऑटोमोटिव बोर्ड एक तकनीकी और सलाहकार निकाय है, जो भारत के ऑटोमोटिव सेक्टर (वाहन उद्योग) से जुड़े शोध परीक्षण, विकास और नीतियों को आगे बढ़ाने का काम करता है।
  यह भारी उद्योग मंत्रालय (Ministry of Heavy Industries) के अंतर्गत आता है।
  अतः युग्म I सही सुमेलित नहीं है।
- कॉयर बोर्ड की स्थापना 1953 में Coir Industry Act, 1953 के तहत की गई थी। इसका उद्देश्य कॉयर उद्योग (नारियल के रेशों से संबंधित उद्योग) को बढ़ावा देना, अनुसंधान करना, प्रशिक्षण देना और बाजार उपलब्ध कराना है। यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय (Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises- MSME) के अंतर्गत आता है न कि भारी उद्योग मंत्रालय के।
  अतः युग्म II सही सुमेलित नहीं है।
- National Centre for Trade Information (NCTI) एक संयुक्त पहल है, यह भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय (Department of commerce) और भारतीय व्यापार संवर्द्धन संगठन (ITPO-India Trade Promotion Organization) द्वारा मिलकर शुरू किया गया।
  अतः युग्म भी सही सुमेलित नहीं है।

**88. Consider the following subjects under the Constitution of India:**
**भारत के संविधान के अधीन निम्नलिखित विषयों पर विचार कीजिए:**

**I. List I-Union List, in the Seventh Schedule**
**सातवीं अनुसूची में सूची I-संघ सूची**

**II. Extent of the executive power of a State**
**किसी राज्य की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार**

**III. Conditions of the Governor's office for a constitutional amendment,**
**With respect to which of the above, ratification by the Legislatures of not less than one-half of the States is required before presenting the bill to the President of India assent?**
**राज्यपाल के पद के लिए शर्तें**
**उपर्युक्त में से किसके संबंध में संविधान संशोधन के लिए भारत के राष्ट्रपति को अनुमति के लिए विधेयक प्रस्तुत किए जाने से पूर्व, कम-से-कम आधे राज्यों के विधान-मंडलों द्वारा अनुसमर्थन अपेक्षित है?**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II and III only /केवल II और III
(c) I and III only /केवल I और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (a) :**

● भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में यह तय किया गया है कि -केंन्द्र सरकार और राज्य सरकार किस-किस विषय पर कानून बना सकती है।

इस अनुसूची में तीन सूचियाँ दी गई हैं-

1. संघ सूची (Union List) -सूची I
2. राज्य सूची (State list) - सूची II
3. समवर्ती सूची (Concurrent list) - सूची III

अतः कथन I सही है।

● भारतीय संविधान का अनुच्छेद- 162 यह बताता है कि राज्य की कार्यपालिका शक्ति कहाँ तक फैली हुई है। राज्य की कार्यपालिका शक्ति, ऐसे मामलों पर लागू होती है जिन पर राज्य विधानमंडल कानून बना सकता है। राज्य सरकार की कार्यपालिका शक्ति उन्ही विषयों पर है जो राज्य सूची और समवर्ती सूची में आते हैं।

अतः कथन II सही है।

● अनुच्छेद 158 राज्यपाल के कार्यालय की शर्तों सें सबंधित है। अनुच्छेद 158 में संशोधन केवल संसद द्वारा विशेष बहुमत प्रक्रिया का उपयोग करके किया जा सकता है और इसके लिए राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता नहीं होती है।

अतः कथन III गलत है।

**89. With reference to the Indian polity, consider the following statements:**
**भारतीय राज्य-व्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

**I. The Governor of a State is not answerable to any court for the exercise and performance of the power and duties of his/her office.**
**किसी राज्य का राज्यपाल अपने पद की शक्तियों और दायित्वों के प्रयोग और निष्पादन के लिए किसी न्यायालय के प्रति उत्तरदायी नहीं है।**

**II. No criminal proceedings shall be instituted or continued against the Governor during his/her term of office.**
**राज्यपाल के विरूद्ध उसकी पदावधि के दौरान कोई दांडिक कार्यवाही संस्थित नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी।**

**III. Members of a State Legislature are not liable to any proceedings in any court in respect of anything said within the House.**
**किसी राज्य विधान-मंडल के सदस्य सदन के अंदर कही गई किसी भी बात के लिए किसी भी न्यायालय में कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नहीं है।**

**Which of the statements give above are correct**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-कौन से सही है?**

(a) I and II only /केवल I और II
(b) II and III only /केवलर II और III
(c) I and III only /केवल I और III
(d) I, II and III /I, II और III

**Ans. (d) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद-361 (1) यह कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल किसी न्यायालय के प्रति उनके किसी भी कार्य या कर्त्तव्यों के निष्पादन के संबंध में उत्तरदायी नही होंगे। इसका अर्थ यह है कि राज्यपाल अपने संवैधानिक कार्यो या शक्तियों के प्रयोंग के लिए किसी न्यायालय में उत्तरदायी नहीं है।

अतः कथन I सही है।

● भारतीय संविधान के अनुच्छेद 361 (2) यह कहता है कि जब तक राज्यपाल अपने पद पर कार्यरत है, तब तक उनके खिलाफ कोई नया आपराधिक मुकदमा शुरू नही किया जा सकता । यदि कोई आपराधिक कार्यवाही पहले से चल रही हो तो, उसे रोक दिया जाएगा। उन्हें गिरफ्तार नही किया जा सकता, न ही किसी अदालत में पेश होने के लिए बाध्य किया जा सकता है।

अतः कथन II सही है।

● भरतीय संविधान के अनुच्छेद 194(2) के अनुसार, राज्य विधानमंडल के किसी भी सदस्य को, विधानमंडल के भीतर कही गई किसी बात या दिए गए किसी मत के लिए, किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार की कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नही ठहराया जा सकता है।

अतः कथन III सही है।

**90. Consider the following activates:**
**निम्नलिखित क्रियाकलापों पर विचार कीजिएः**

**I. Production of crude oil**
**कच्चे तेल का उत्पादन**

**II. Refining, storage and distribution of petroleum**
**पेट्रोलियम का परिष्करण, संग्रहण और वितरण**

**III. Marketing and sale of petroleum products**
**पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन और विक्रय**

**IV. Production of natural gas**
**प्राकृतिक गैस का उत्पादन**


Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**How many of the above activates are regulated by the Petroleum and Natural Gas Regulatory Board in our country?**
**उपर्युक्त क्रियाकलापों में से कितने हमारे देश में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड द्वारा विनियमित है?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) Only three /केवल तीन
(d) All the four /सभी चार

**Ans. (b) :** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड की स्थापना वर्ष 2006 में की गई थी।

- कच्चे तेल के उत्पादन को PNGRB के अधिकार क्षेत्र से बाहर रखा गया है। यह कार्य पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (Ministry of Petroleum ans Natural Gas) के अधीन आता है।

**अत: कथन I गलत है।**

- रिफाइनिंग, भंडारण और वितरण को PNGRB के अधिकार क्षेत्र मे रखा गया है, यह पेट्रोलियम के शोधन, ट्रांसपोर्ट, वितरण आदि कार्यो को करते हैं।
  **अत: कथन II सही है।**
- विपणन और बिक्री PNGRB के नियामकीय दायरे में आती है, इसका उद्देश्य है कि बिक्री में उचित व्यवहार पारदर्शिता और उपभोक्ता संरक्षण सुनिचित हो।
  **अत: कथन III सही है।**
- जैसे कच्चे तेल का उत्पादन PNGRB के अधिकार क्षेत्र में नही आता, वैसे ही प्राकृतिक गैस का उत्पादन भी PNGRB के रेगुलेशन से बाहर है।

इसका प्रबंधन भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किया जाता है।
**अत: कथन IV गलत है।**

**91. "Sedition has become my religion" was the famous statement given by Gandhi ji at the time of**
**गाँधीजी ने विख्यात वक्तव्य ''राजद्रोह मेरा धर्म हो गया है'' कब दिया था?**

(a) the Champaran Satyagraha
चंपारण सत्याग्रह के समय
(b) publicly violating Salt Law at Dandi
दांडी में नमक कानून का सार्वजनिक रूप से उल्लंघन करने के समय
(c) attending the Second Round Table Conference in London
लंदन में द्वितीय गोलमेज सम्मेलन (सेकंड राउंड टेबल कांफ्रेंस) में शामिल होने के समय
(d) the launch of the Quit India Movement
भारत छोडों आंदोलन के प्रारंभ के समय

**Ans. (b) :**

- गाँधी जी ने 6 अप्रैल 1930 को दांडी में एक मुट्ठी नमक उठाकर ब्रिटिश सरकार के नमक कानून को तोड़ा ।
  इस मौके पर उन्होंने कहा- ब्रिटिश शासन ने भारत को नैतिक, भौतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से बर्बाद कर दिया है। मै इसे एक श्राप मानता हूँ और इस सरकार के तंत्र को खत्म करने निकला हूँ .... राजद्रोह मेरा धर्म बन गया है।
- गांधी जी का यह आदोंलन हिंसारहित था, और उनका उद्देश्य बुराई के खिलाफ होना था भले ही वो अंग्रेजी सरकार का कानून क्यों न हों।

**92. The famous female figurine known as 'Dancing Girl', found at Mohenjo-daro, is made of**
**मोहनजोदड़ों से प्राप्त 'नाचती हुई लड़की (डांसिंग गर्ल)'नामक प्रख्यात नारी लघुमूर्ति किस पदार्थ की बनी है?**

(a) carnelian /इन्द्रगोप मणि (कार्नीलियन)
(b) clay/मृत्तिका (क्ले)
(c) bronze /कांस्य
(d) gold /स्वर्ण

**Ans. (c) :** मोहनजोदड़ों से प्राप्त ''नाचती हुई लड़की'' (डांसिंग गर्ल) की प्रतिमा सिंधु घाटी सभ्यता की प्रसिद्ध कलाकृति है। 1926 में पुरातत्वविद अर्नेस्ट मैके ने इसे खोजा था। यह मूर्ति उस समय की संवेदनशीलता और तकनीकी दक्षता को दर्शाती है। यह मूर्ति कांस्य धातु और (Lost Wax Casting Technique) से बनाया गया था। यह उस युग की उन्नत शिल्पकला का उदाहरण है।

**93. Who provided legal defence to the people arrested in the aftermath of Chauri Chaura incident?**
**चौरी-चौरा घटना के परिणामस्वरूप बंदी बनाए गए लोगों को किसने विधिक प्रतिरक्षा (लीगल डिफेन्स) प्रदान की?**

(a) C. R. Das /सी0 आर0 दास
(b) Madan Mohan Malaviya and Krishna Kant
मदन मोहन मालवीय और कृष्णकांत
(c) Dr. Saifuddin Kitchlew and Khwaja Hasan Nizami
डॉ0 सैफुद्दीन किचलू और ख्वाजा हसन निजामी
(d) M. A. Jinnah
एम0 ए0 जिन्ना

**Ans. (b) :** चौरी चौरा घटना 4 फरवरी 1922 को संयुक्त प्रांत (अब उत्तर प्रदेश) के गोरखपुर जिले में हुई थी। यह घटना तब हुई जब महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आदोलन चल रहा था। इसी दिन स्थानीय लोग (सत्याग्रही) जो शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे, उनकी झड़प पुलिस से हो गई।


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

आंदोलनकारियों ने चौरी-चौरा थाने में आग लगा दी। और इसी आगजनी में थाने के अन्दर मौजूद 22 पुलिसकर्मी जलकर मर गए। पंडित मदन मोहन मालवीय, जो एक प्रसिद्ध वकील और स्वतंत्रता सेनानी थे, उन्होंने चौरी चौरा कांड में आरोपियों का बचाव करने के लिए स्वयं आगे आकर गोरखपुर सेशन कोर्ट में उनका केस लड़ा। इस काम में उनका साथ उनके पुत्र कृष्ण कांत मालवीय ने भी दिया, जो खुद एक कानूनी विशेषज्ञ थे। दोनों ने मिलकर पूरी निष्ठा और मेनहत से केस लड़ा और कई अपराधियों को फांसी और लंबी सजा से बचाया।

**94. Subsequent to which one of the following events, Gandhiji, who consistently opposed untouchability and appealed for its eradication from all spheres, decided to include the uplifment of 'Harijans' in his political and social programme?**
**निम्नलिखित में से किस एक घटना के उपरांत, गाँधीजी ने, जो अस्पृश्यता का सतत विरोध करते रहे और सभी क्षेत्रों में से उसके उन्मूलन के लिए अपील करते रहे, अपने राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रम में ' 'हरिजनों' के उत्थान को शामिल करने का निश्चय किया?**

(a) The Poona Pact /पूना समझौता
(b) The Gandhi-Irwin Agreement (Delhi Pact)
गाँधी-इरविन समझौता (दिल्ली समझौता)
(c) Arrest of Congress leadership at the time of the Quit India Movement
भारत छोड़ो आंदोलन के समय काँग्रेस के नेताओं की गिरफ्तारी
(d) Promulgation of the Government of India Act, 1935
भारत सरकार अधिनियम, 1935 की प्रख्यापना (प्रॉमल्गेशन)

**Ans. (a) :** गांधीजी ने हरिजनो (दलितों) के उत्थान को अपने सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रम में "पूना समझौते" (1932) के बाद शामिल किया।
वह पहले से ही अस्पृश्यता के खिलाफ थे, लेकिन जब ब्रिटिश सरकार ने दलितों को अलग चुनाव प्रणाली देने की घोषणा की, तो गांधीजी ने इसका विरोध करते हुए जेल में आमरण अनशन शुरू कर दिया। इससे डॉ भीमराव अंबेडकर के साथ "पूना समझौता" हुआ, जिसमें दलितों को अलग चुनाव प्रणाली के बजाय आरक्षित सीटें दी गई। इस घटना के बाद गांधीजी को महसूस हुआ कि केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार से ही दलितों की स्थिति सुधर सकती है। इसलिए उन्होंने –
- हरिजनों के लिए हरिजन सेवक संघ की स्थापना की।
- उन्हें मन्दिरों में प्रवेश दिलाने के लिए आंदोलन चलाया।
- और शिक्षा व स्वच्छता के क्षेत्र में काम किया।

**95. Consider the following fruits:**
**निम्नलिखित फलों पर विचार कीजिए:**
**I. Papaya/पपीता**
**II. Pineapple/अनन्नास**
**III. Guava /अमरूद**
**How many of the above were introduced in India by the Portuguese in the sixteenth and seventeenth centuries?**
**उपर्युक्त में से कितने सोलहवी और सत्रहवीं शताब्दियों में पुर्तगालियों द्वारा भारत में लाए गए?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /कोई भी नहीं

**Ans. (c) :** पुर्तगाली जब 16 वीं शताब्दी में भारत आए, तो वे अपने साथ कई विदेशी चीजें और फसलें भी लाए। जब पुर्तगाली व्यापारी और समुद्री यात्री 16 वीं शताब्दी में भारत आए (मुख्य रुप से गोवा और अन्य तटीय क्षेत्रों में), तो वे अपने साथ अमेरिका महाद्वीप की कई चीजे लाए। इसमें कई फल, सब्जियाँ और मसाले शामिल थे, जो भारत में पहले नहीं होते थे।

**1. पपीता (Papaya):-**
- मूल रुप से दक्षिण अमेरिका का फल है।
- पुर्तगालियों ने इसे भारत में पेश किया।

**2. अनानास (Pineapple):-**
- यह भी दक्षिण अमेरिका से आया फल है।
- पुर्तगाली इसे अपने साथ लाए और भारत के तटीय क्षेत्रों में इसकी खेती शुरू की।

**3. अमरूद (Guava):-**
- अमरूद का मूल स्थान भी उष्णकटिबंधीय अमेरिका है।
- पुर्तगालियों के जरिए यह फल भारत पहुंचा।

**96. Consider the following countries**
**निम्नलिखित' देशों पर विचार कीजिए:**
**I. United Kingdom /युनाइटेड किंगडम**
**II. Denmark, /डेनमार्क**
**III. New Zealand / न्यूजीलैंड**
**IV. Australia/ऑस्ट्रेलिया**
**V. Brazil /ब्राजील**
**How many of the above countries have more than four time zones?**


Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**उपर्युक्त देशों में से कितनों में चार से अधिक काल-क्षेत्र (टाइम जोन) है?**

(a) All the five /सभी पाँच

(b) Only four /केवल चार

(c) Only three /केवल तीन

(d) Only two /केवल दो

**Ans. (b) :** कुछ देशों के पास उनके भौगोलिक फैलाव या विदेशों में स्थित क्षेत्रों (Overseas Terretories) की वजह से कई समय क्षेत्र होते है। लेकिन सभी बड़े देशों में चार से ज्यादा समय क्षेत्र वास्तविक संचालन में नही होते – यानी व्यवहार में ज्यादातर देश सीमित समय क्षेत्रों का उपयोग करते हैं।

**विकल्प-1 – ब्रिटेन (UK)**

- ब्रिटेन के पास 9 समय क्षेत्र हैं।
- लंदन का इलाका मुख्य (UK) टाइम जोन में आता है, जो GMT/UTC कहलाता है।
- इसमें कैरेबियन के द्वीप (कैमेन, बरमूडा, जिब्राल्टर) आदि शामिल है।

**विकल्प -2 – डेनमार्क**

- डेनमार्क के पास 5 टाइम जोन हैं।
- इसमें मुख्यभूमि डेनमार्क के साथ ग्रीनलैंड शामिल है, जो एक बड़ा क्षेत्र है और उसमें तीन अतिरिक्त टाइम जोन है।

**विकल्प–3–न्यूजीलैण्ड**

- न्यूजीलैण्ड में 5 समय क्षेत्र हैं।
- इन द्वीपों की स्थिति और दूरी के कारण वहाँ 24 घंटे का समय अंतर होते हुए भी लोगो को एक ही दिन जैसा अनुभव होता है।

**विकल्प–4-ऑस्ट्रेलिया**

- ऑस्ट्रेलिया में 9 समय क्षेत्र हैं।

**विकल्प-5– ब्राजील**

- ब्राजील अपने विशाल आकार और आस पास के द्वीपो का शामिल करने के कारण चार समय क्षेत्रों में फैला है।

**97. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. Anadyr in Siberia and Nome in Alaska are a few kilometers from each other, but when people are waking up and getting set for breakfast in these cities, would be different days.**
**साइबेरिया में अनादिर और अलास्का में नोम एक-दूसरे से कुछ ही किलोमीटर दूर हैं, किन्तु जब इन शहरों में लोग जागते हैं और नाश्ते के लिए तैयार होते हैं, तब अलग-अलग दिन होते हैं।**

**II. When it is Monday in Anadyr, it is Tuesday in Nome.**
**जब अनादिर में सोमवार होता है, तब नोम में मंगलवार होता है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
उक्त **कथनों में से कौन–सा/कौन-से सही है/हैं।?**

(a) I only /केवल I

(b) II only /केवल II

(c) Both I and II /I और II दोनों

(d) Neither I nor II /न तो I और न ही II

**Ans. (a)** • Anadyr (रुस के साइबेरिया में) और Nome (अलास्का, अमेरिका में) भौगोलिक रूप से एक दूसरे से काफी नजदीक हैं – सिर्फ कुछ सौ किलोमीटर की दूरी पर लेकिन समय की दृष्टि से ये शहर अलग – अलग तारीखों पर होते है।

इसका कारण है (International Date Line) अंतरराष्ट्रीय तिथि रेखा, यह एक काल्पनिक रेखा है, जो तारीख बदलने की सीमा तय करती है। Anadyr इस रेखा के पश्चिम में है और Nome पूर्व में इसलिए Anadyr में तारीख एक दिन आगे होती है।

**अत: कथन I सही है।**

• Anadyr अंतरराष्ट्रीय तिथि रेखा के पश्चिम में है यानी वहाँ तारीख आगे चलती है।

Nome इस रेखा के पूर्व में है, यानी वहाँ तारीख पीछे होती है। यानि कि जब Anadyr (रुस में) सोमवार होता है, तब Nome (Alaska) में रविवार होता है, न कि मंगलवार।

**अत: कथन II गलत है।**

**98. Who among the following was the founder of the 'Self-Respect movement?**
**इनमें से कौन 'आत्म-सम्मान आंदोलन (सेल्फ-रेस्पेक्ट मूवमेंट)' का संस्थापक था ?**

(a) 'Periar, E. V. Ramaswamy Naicker
'पेरियार' ई० वी० रामास्वामी नायकर

(b) Dr. B. R. Ambedkar
डॉ० बी० आर० अम्बेडकर

(c) Bhaskarrao Jadhav
भास्करराव जाधव

(d) Dinkarrao Javalkar
दिनकरराव जवलकर

**Ans. (a) : :** आत्म सम्मान आंदोलन के संस्थापक थे, ई. वी. रामास्वामी पेरियार (E.V Ramaswamy Periyar) । ई. वी रामास्वामी पेरियार ने 1925 में तमिलनाडु (तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी) में Self – Respect Movement की शुरूआत की।


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य था–

- समाज में ब्राह्मणवादी वर्चस्व को चुनौती देना।
- नीची जातियों (विशेषकर दलितों और पिछड़ों) को आत्मसम्मान और अधिकार दिलाना।
- जाति-प्रथा, अंधविश्वास धर्म के नाम पर भेदभाव और महिलाओं के साथ अन्याय का विरोध करना।
- हर व्यक्ति को समानता और सम्मान दिलाना, चाहे उसकी जाति, लिंग या धर्म कोई भी हो।

**99. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | Country देश | | Resource- rich in किस संसाधन में समृद्ध है |
|---|---|---|---|
| I. | Botswana बोत्सवाना | : | Diamond हीरा |
| II. | Chile चिली | : | Lithium लिथियम |
| III. | Indonesia इंडोनेशिया | : | Nickel निकेल |

**In how many of the above rows is the given information correctly matched?**
उक्त **में से कितनी पंक्तियों में दी गई जानकारी सही/सुमेलित है?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /किसी में भी नहीं

**Ans. (c) :**

- बोत्सवाना (Botswana) एक ऐसा देश है जो प्राकृतिक संसाधनों, खासकर हीरे, से बहुत समृद्ध है। इसने अपने हीरे के भंडार का उपयोग समझदारी से करके आर्थिक विकास और स्थिरता हासिल की है। इसलिए कहा जाता है।
  "Botswana is resource-rich in diamond"
  अत: पंक्ति I सही सुमेलित है।
- चिली दुनिया के सबसे बड़े लीथियम उत्पादक देशों में गिना जाता है। चिली के Atacame Desent में बड़े-बड़े नमक के मैदान (Salt Flats) है, जहाँ से लिथियम निकाला जाता है। चिली "Lithium Triangle" का हिस्सा हैं- Chile Bolivia और Argentina – यह दुनिया का सबसे बड़ा लिथियम भंडार वाला क्षेत्र है।
  अत: पंक्ति II सही सुमेलित है।
- इंडोनेशिया के पास निकेल अयस्क के विश्व के सबसे बड़े भण्डारों में से एक है ।

यह दुनिया का सबसे बड़ा निकेल उत्पादक देश है। साथ ही इंडोनेशिया ने कच्चे निकेल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर देश में स्थानीय प्रोसेसिंग और इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया है।
अतः पंक्ति III भी सही सुमेलित है।

**100. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| Region /क्षेत्र | Country/देश |
|---|---|
| **I. Mallorca मैलोर्का** | **Italy इटली** |
| **II. Normandy नॉर्मंडी** | **Spain स्पेन** |
| **III. Sardinia सार्डिनिया** | **France फ्रांस** |

**In how many of the above rows is the given information correctly matched?**
**उपर्युक्त में से कितनी पंक्तियों में दी गई जानकारी सही सुमेलित है?**

(a) Only one /केवल एक
(b) Only two /केवल दो
(c) All the three /सभी तीन
(d) None /किसी में भी नहीं

**Ans. (d) :**

- Mallorca भूमध्य सागर में स्थित स्पेन का सबसे बड़ा द्वीप (Island) है।
- यह द्वीप Balearic Islands नामक द्वीप समूह का हिस्सा है जिसका प्रशासनिक नियंत्रण स्पेन के पास है।
- इसकी राजधानी है Palma
- अतः यह क्षेत्र इटली नहीं बल्कि स्पेन के अंतर्गत आता है।
  इसलिये युग्म I सही सुमेलित नहीं है।
- Normandy उत्तरी फ्रांस में स्थित है और यह क्षेत्र English Channel के किनारे बसा हुआ है।
- यह ऐतिहासिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान।
- अतः यह क्षेत्र स्पेन में नहीं बल्कि फ्रांस में स्थित है।
  इसलिए युग्म II सही सुमेलित नहीं है।
- Sardinia इटली का दूसरा सबसे बड़ा द्वीप है (पहला Sicily है)
- इसकी राजधानी है Cagliari
- यह फ्रांस नही बल्कि इटली के नियंत्रण में आता है।
  इसलिए युग्म III सही सुमेलित नही है।


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com